15 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 326

लंदन में अवैध-अप्रवासी मुद्दे पर एक लाख लोगों ने किया प्रदर्शन



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## प्रधानमंत्री ने असम में 18.50 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# मैं शिव भक्त, जहर निगल लेता हूं: मोदी

- कांग्रेस ने घुसपैठियों को बढ़ावा दिया, गरीबों को ठुकराया
- भाजपा तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टिकरण पर देती है जोर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम दौरे के दूसरे दिन रविवार को दरांग और गोलाघाट के नुमालीगढ़ में 18 हजार 500 करोड़ के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने दोनों जगहों पर जनसभाएं भी कीं। इस दौरान उन्होंने कहाः मैं शिव भक्त हूं। जहर निगल लेता हूं। प्रधानमंत्री ने दरांग में कहा, जब हमने भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिया था, तो कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा था कि मोदी, नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहा है। मुझे कोई कितनी ही गालियां दे। मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं। लेकिन जब किसी और का अपमान होता है, तो मुझसे रहा नहीं जाता।

### पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

नुमालीगढ़ में पीएम ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में गरीबों को ठुकराया गया। आदिवासियों के साथ अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम एक वर्ग के तुष्टिकरण से हो जाता था। उनको सत्ता मिल जाती थी। लेकिन भाजपा तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण पर जोर देती है। कोई भी गरीब और इलाका पीछे न रहे, हम इसके लिए काम कर रहे हैं। हमारा मंत्र 'नागरिक देवो भव:' है। हमारे लिए जनता भगवान है। देश के नागरिकों को असुविधा न हो, भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास के प्रयासों के बीच असम के लिए चुनौती भी विकराल होती जा रही है। ये चुनौती है घुसपैठ की। कांग्रेस सरकार ने उन्हें जमीन दी। संरक्षण दिया। वोट बैंक की लालच में असम की डेमोग्राफी को बिगाड़ दिया। अब भाजपा सरकार असम के लोगों के साथ मिलकर इस चुनौती का मुकाबला कर रही है।

### व्यापार और पर्यटन का बड़ा केंद्र बनेगा असम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारी योजनाओं का लाभ यहां चाय बागानों में काम करने वाले भाइयों और बहनों को भी हो रहा है। उनका हित हमारी प्राथमिकता है। सरकार चाय बागानों में काम करने वाली महिलाओं को मदद दे रही है। उनके स्वास्थ्य और बच्चों की शिक्षा पर हमारा बहुत जोर है। यहां माता और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए भी योजनाएं चला रही है। कांग्रेस के समय इन श्रमिकों को चाय कंपनियों के भरोसे छोड़ दिया गया था। लेकिन हम उनके घर, बिजली, पानी और स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं। असम के विकास का दौर शुरू हो चुका है। असम व्यापार और पर्यटना का बड़ा केंद्र बनेगा। हम मिलकर नया असम और विकसित भारत बनायेंगे।

### बायो एथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में असम बायो एथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड में पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला भी रखी। पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां बांस से एथेनॉल बनाने की शुरुआत हुई है। इसका असम के लोगों को फायदा होगा। सरकार यहां के किसानों को बांस की खेती करने में मदद करेगी और खरीदी भी करेगी। असम और पूर्वोत्तर आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है।

# पलामू के मनातू में मुठभेड़, पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

मंटू उमेश

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में एक बार फिर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस बार भिड़ंत मनातू थाना क्षेत्र के बंसी गांव के जंगल में रविवार को हुई, जहां सुरक्षा बलों ने पांच लाख के इनामी टीएसपीसी नक्सली मुखदेव यादव को मार गिराया। पुलिस ने मौके से एक इंसास राइफल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिलने के बाद एसपी रीष्मा रमेशन, एएसपी राकेश कुमार सिंह और हुसैनाबाद एसडीपीओ आइपीएस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया। तरहसी और मनातू थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगल में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को घेरने की कोशिश की, जिसके बाद दोनों ओर से गोलियां चलीं। मुठभेड़ में टीएसपीसी का सक्रिय नक्सली मुखदेव यादव मारा गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के बाद जंगल का सहारा लेकर कुछ नक्सली फरार होने में सफल रहे। इलाके में अभी भी सर्च अभियान जारी है और भागे हुए नक्सलियों की तलाश की जा रही है। घटनास्थल से बरामद इंसास राइफल की जांच के लिए एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची।

**पुलिस को लगातार मिल रही कामयाबी :** झारखंड पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। बीते कुछ महीनों में पुलिस ने एक के बाद एक बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में चाइबासा के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन, जिस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था, पुलिस कार्रवाई में मारा गया था। उस समय भी इलाके में सुरक्षा बलों ने सघन सर्च ऑपरेशन चलाकर कई हथियार और नक्सली साहित्य बरामद किया था। इसी तरह, गढ़वा और लातेहार के जंगलों में भी इस साल कई बार पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसमें कई नक्सली मारे गये और कुछ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि नक्सली संगठन अब लगातार कमजोर हो रहे हैं और संगठन में शामिल कई सदस्य आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं।



### पुलिस का सख्त संदेश

एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि नक्सलियों की हर गतिविधि पर पुलिस की नजर है। उन्होंने कहा, सुरक्षा बल नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार अभियान चला रहे हैं। आम लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी भी हाल में नक्सलियों को अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया जायेगा।

# अमित खरे बने उप राष्ट्रपति के सचिव

## अभी पीएम मोदी के सलाहकार हैं झारखंड के पूर्व आइएएस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** झारखंड कैडर के पूर्व आइएएस अमित खरे को नये उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। वह 1985 बैच के आइएएस थे। अमित खरे वर्तमान में पीएम मोदी के सलाहकार हैं। वह 12 अक्टूबर, 2021 से प्रधानमंत्री कार्यालय में सामाजिक क्षेत्र से संबंधित मामलों को संभाल रहे हैं। वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को तैयार करने और लागू करने वाली कोर टीम का भी हिस्सा थे। नयी नियुक्ति को लेकर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

**कई अहम पदों पर काम कर चुके हैं खरे :** खरे ने सार्वजनिक सेवा में अपने विशिष्ट कार्यकाल के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों में कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है। वह 31 मई, 2018 को भारत सरकार में सूचना एवं प्रसारण सचिव के पद पर शामिल हुए और बाद में उन्होंने स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता सचिव तथा उच्च शिक्षा सचिव के रूप में कार्य किया। अमित खरे मानव संसाधन विकास और सूचना प्रसारण मंत्रालयों में सचिव रह चुके हैं। झारखंड के चाइबासा में 1990 के दशक में वह उपायुक्त थे। उनके कार्यकाल के दौरान ही चारा घोटाले का पर्दाफाश हुआ था। बतौर उपायुक्त उनकी ही लिखायी गयी एफआइआर पर चारा घोटाले की जांच शुरू हुई थी, जिसमें बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और जगन्नाथ मिश्रा सहित कई शीर्ष नेता और अधिकारी दोषी पाये गये थे।



### पत्नी भी हैं आइएएस

अमित खरे दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातक हैं और आइआइएम अहमदाबाद से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर हैं। अमित खरे की पत्नी निधि खरे भी झारखंड कैडर की 1992 बैच की आइएएस हैं। अमित खरे की स्कूली शिक्षा रांची में हुई। उनके पिता एसी खरे रांची के एजी ऑफिस में अधिकारी थे।

### न्यूज रील्स

#### पूर्वोत्तर में कांपी धरती, नुकसान नहीं

गुवाहाटी। पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गयी है। असम सरकार के अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों में 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप रविवार शाम 4.41 बजे आया और इसका केंद्र उदलगुरी जिले में था। भूकंप की गहराई पांच किमी थी। भूकंप के कारण बंगाल से भूटान तक झटके महसूस किये गये। भूकंप के कारण लोग दहशत में आ गये और घरों से बाहर निकल आये। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। नॉर्थ ईस्ट उच्च भूकंपीय क्षेत्र में आता है, जहां इस तरह के भूकंप अक्सर आते रहते हैं। इससे पहले 2 सितंबर को असम के सोनितपुर जिले में 3.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था।

# नेपाल में हुई हिंसा में मरनेवालों को 'शहीद' का दर्जा

## अंतरिम प्रधानमंत्री ने पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे का एलान किया

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार और आर्थिक असमानता के खिलाफ भड़के जेन-जेड प्रदर्शनों में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 59 प्रदर्शनकारी, तीन पुलिसकर्मी और 10 कैदी शामिल हैं, जो जेल से भागने की कोशिश कर रहे थे। हालात बिगड़ने के बीच देश की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने एलान किया कि इन मृतकों को 'शहीद' का दर्जा दिया जायेगा और उनके परिवारों को 10-10 लाख नेपाली रुपये की मुआवजा राशि दी जायेगी। नव नियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री कार्की ने अपने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 08 सितंबर को जिनकी मौत हुई है, उन्हें आधिकारिक तौर पर 'शहीद' कहा जायेगा। उन्होंने बताया कि घायलों का पूरा इलाज सरकार करायेगी और उन्हें भी आर्थिक सहायता दी जायेगी। इसके अलावा सरकार शवों को काठमांडू से उनके जिलों तक पहुंचाने की व्यवस्था करेगी।

**मुआवजा और पुनर्निर्माण की योजना :** कार्की ने यह भी कहा कि जिनकी निजी संपत्तियां प्रदर्शन के दौरान जलायी गयी हैं, उन्हें भी मदद दी जायेगी। सरकार उन्हें आसान शर्तों पर ऋण या अन्य उपायों के जरिये राहत देगी। उन्होंने साफ किया कि तोड़-फोड़ और आगजनी में शामिल लोगों की जांच की जायेगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### सत्ता में रहने का इरादा नहीं

73 वर्षीय कार्की ने स्पष्ट किया कि अंतरिम सरकार केवल छह महीने के लिए है और इसका मकसद सत्ता का स्वाद लेना नहीं, बल्कि हालात को सामान्य करना है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान केवल भ्रष्टाचार की जांच, व्यवस्था सुधार और जनता के विश्वास को बहाल करने पर होगा।



### नेपाल की पहली महिला पीएम

बता दें कि सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। वह पहले नेपाल की मुख्य न्यायाधीश भी रह चुकी हैं। उनका कहना है कि इस आंदोलन ने देश की राजनीति और समाज के सामने नयी चुनौतियां रखी हैं और सरकार का कर्तव्य है कि इनसे निपट कर जनता को राहत पहुंचाये।

# पाक को दिखा सूर्या का तेवर, कप्तान से नहीं मिलाया हाथ

एजेंसी

**दुबई।** पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में भारत के क्रिकेटर रविवार को मैदान में उतरे, लेकिन कप्तान सूर्य कुमार यादव ने टॉस से पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा को तेवर दिखाये। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी कप्तान से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। यह सूचना उन्होंने टॉस से एक घंटे पहले ही टीम प्रबंधन को दे दी थी। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध करने के लिए भारतीय कप्तान ने यह फैसला लिया था। हालांकि उन्होंने साथी खिलाड़ियों से कहा था कि हाथ मिलाने या नहीं मिलाने का फैसला उन पर निर्भर है।



**देश भर में मैच का विरोध, सियासत भी तेज :** इधर देश में भारत-पाक मैच को लेकर रविवार को क्रिकेट प्रशंसक बंटे हुए नजर आये। कहीं विरोध हो रहा था, तो कहीं टीम इंडिया की जीत के लिए हवन पूजा की जा रही थी। मैच को लेकर सियासत भी खूब हुई। शिवसेना उद्धव गुट ने केरल में पाकिस्तान का झंडा जलाया, तो मुंबई में कार्यकर्ताओं ने टीवी तोड़ कर प्रदर्शन किया। महिला कार्यकर्ताओं ने सरकार को सिंदूर भेजा और साथ ही बीसीसीआइ के लिए चंदा मांगा। पहलगाम हमले में मारे गये लोगों के परिजनों ने भी मैच के खिलाफ बयान दिया। कइयों ने कहा कि जिनके हाथ खून से सने हैं, हमारा उन्हीं से मैच हुआ। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले और सात मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला मौका था, जब दोनों देशों की क्रिकेट टीमें आमने-सामने थीं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित तमाम विपक्षी दलों ने इसे पाकिस्तान के आतंकवाद के सामने सरकार के घुटना टेकने का प्रतीक बताया। विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार से सवाल किया कि क्या मैच से कमाया गया पैसा पहलगाम हमले में मारे गये 26 नागरिकों की जान से ज्यादा कीमती है।

### सोशल मीडिया पर बहिष्कार की अपील

भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह सोशल मीडिया में दिखाई देता था, लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह बदला हुआ था। सोशल मीडिया में लोग सरकार से सवाल पूछ रहे थे कि पहलगाम हमले के बाद अब तक पाकिस्तान ने ऐसा क्या सकारात्मक कदम उठाया है, जिसे देखकर सरकार ने उसके साथ क्रिकेट खेलने का निर्णय कर लिया। सोशल मीडिया पर लोग भारत-पाकिस्तान क्रिकेट के पूर्ण बहिष्कार की अपील कर रहे थे।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
▪ Civil Engineering
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ CSE (Artificial Intelligence)
▪ CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
▪ Civil Engineering
▪ Mechanical Eng.
▪ Electrical and Electronic Eng.
▪ Computer Science & Eng.
▪ Electrical Engineering
Faculty of Law
▪ LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B
Faculty of Management
▪ Bachelor of Business Administration (BBA)
▪ Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
▪ Bachelor of Computer Application (BCA)
▪ Master of Computer Application (MCA)
▪ Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
▪ Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
▪ Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
▪ M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
▪ B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
▪ B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
▪ B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
▪ M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
▪ M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
▪ Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
▪ Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
▪ Bachelor of Dental Surgery (BDS)
▪ Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
▪ Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
▪ M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
▪ B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Microbiology
▪ M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
▪ Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
▪ General Nursing and Midwifery (GNM)
▪ Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
▪ OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
▪ Medical in Sanitary Inspector
▪ Medical in Ophthalmic Assistant
▪ Medical in Certificate in Dresser
Library Science
▪ B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
▪ B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
▪ B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
▪ B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
▪ M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
▪ M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
▪ M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
▪ B.Com ▪ M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# मास्टर स्ट्रोक लगाने की तैयारी में हेमंत सोरेन

## ■ घाटशिला को जिला बना कर उप चुनाव में खेल सकते हैं बड़ा दांव

## ■ इस मुद्दे के साथ मैदान में उतरा झामुमो, तो विरोधी भी हो जायेंगे चित

## ■ डॉ दिनेश षाड़ंगी की पहल से शुरू हुई थी घाटशिला को जिला बनाने की मांग

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड में घाटशिला विधानसभा उप चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गयी है। ऐसी उम्मीद है कि बिहार में विधानसभा चुनाव के साथ ही घाटशिला में भी उप चुनाव कराया जायेगा। झामुमो के कद्दावर नेता रहे रामदास सोरेन के निधन के बाद यह उप चुनाव जरूरी हो गया है। झामुमो ने यहां से स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को मैदान में उतारने का मन लगभग बना लिया है। मतदाताओं की सहानुभूति होने के बावजूद झामुमो इस उप चुनाव को हल्के में नहीं लेगा। इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी से ही सक्रिय हो गये हैं। झामुमो को पता है कि घाटशिला से भाजपा की तरफ से चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को उतारा जा सकता है। इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक ऐसी रणनीति तैयार की है, जिसमें फंस कर विपक्ष भी चारों खाने चित हो सकता है। यह रणनीति है घाटशिला को जिला घोषित करने की, जिसकी मांग पिछले 25 साल से की जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यदि विधानसभा उप चुनाव की घोषणा से पहले घाटशिला को अलग जिला बनाने की घोषणा कर देते हैं, तो इससे न केवल झामुमो की जीत एक बार फिर पक्की होगी, बल्कि स्वर्गीय रामदास सोरेन के अधूरे सपने को पूरा करने का श्रेय भी उन्हें मिल जायेगा और इसका राजनीतिक असर दूरगामी हो सकता है। घाटशिला उप चुनाव की पृष्ठभूमि में क्या है अलग घाटशिला जिले की मांग का इतिहास और जिला घोषित हो जाने पर चुनाव में क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के घाटशिला ब्यूरो प्रमुख अरुण सिंह।**



राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री रहे रामदास सोरेन के निधन के बाद घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के लिए उप चुनाव होना तय है। चुनाव आयोग के निर्देश पर उपायुक्त द्वारा मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य जारी है। इस बात की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है कि बिहार के विधानसभा चुनाव के साथ ही घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की घोषणा चुनाव आयोग द्वारा कर दी जायेगी। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोलकाता से रांची लौटने के क्रम में बहरागोड़ा और चाकुलिया के साथ-साथ घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया था। इसी क्रम में बहरागोड़ा क्षेत्र के विधायक समीर कुमार मोहंती को उन्होंने घाटशिला विधानसभा चुनाव की विशेष जिम्मेवारी सौंपी थी। झामुमो की ओर से औपचारिक घोषणा बाकी है, लेकिन स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन का उम्मीदवार बनाया जाना लगभग तय है। सोमेश के साथ घाटशिला विधानसभा के लगभग प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता हैं। औपचारिक बैठक भी हो चुकी है। आठ कोसी और मुसाबनी का दौरा उन्होंने पूरा कर लिया है। चंपाई सोरेन ने तीन दिन पहले घाटशिला क्षेत्र का दौरा किया एवं अपने पुत्र बाबूलाल सोरेन के लिए फील्डिंग सजाने में जुटे हैं। यह विदित है कि भाजपा में बड़े नेताओं का अपना-अपना कुनवा है। बाबूलाल सोरेन की उम्मीदवारी तभी पक्की हो सकती है, जब अन्य बड़े नेता सहमति जतायेंगे।

### चुनाव को हल्के में नहीं लेगा झामुमो

झारखंड मुक्ति मोर्चा घाटशिला विधानसभा चुनाव को हल्के में नहीं लेने जा रहा है। यह सही है कि रामदास सोरेन की लोकप्रियता, क्षेत्र में उनकी पकड़ और सहानुभूति का लाभ झामुमो उम्मीदवार को मिलेगा। इसके बावजूद झामुमो के लोग धरातल पर काम करने में जुटे हैं। बहरागोड़ा क्षेत्र से विधायक समीर मोहंती और युवा नेता पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी की घाटशिला विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इन सबसे इतर झामुमो की ओर से मास्टर स्ट्रोक कार्ड खेले जाने की तैयारी की जा रही है। वह मास्टर स्ट्रोक कार्ड ऐसा है, जिसका शायद ही कोई राजनीतिक दल विरोध करे। ऐसी चर्चा है कि चुनाव की घोषणा के ठीक पहले हेमंत सोरेन सरकार द्वारा घाटशिला को जिला बनाने की घोषणा की जा सकती है। यदि ऐसा होता है, तो इस मास्टर स्ट्रोक के सामने विरोधी चारों खाने चित हो जायेंगे, ऐसा यूपीए गठबंधन का मानना है।

### लंबे समय से लंबित है घाटशिला को जिला बनाने की मांग

घाटशिला को जिला बनाने का पहला प्रस्ताव राज्य सरकार के पास तत्कालीन एसडीओ रमेश दुबे की ओर से उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से भेजा गया था। उस समय बहरागोड़ा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी राज्य के स्वास्थ्य मंत्री थे। उन्होंने घाटशिला को जिला बनाने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष रखा था। लेकिन उक्त प्रस्ताव को उसे समय की सरकार द्वारा ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। घाटशिला कांग्रेस के नेता एवं घाटशिला में धरातल पर कार्य करने वाले तापस चटर्जी ने लगातार इसके लिए आंदोलन किया। स्थानीय लोगों का उन्हें काफी समर्थन भी प्राप्त हुआ था। पिछले 25 वर्ष के इतिहास को उठाकर देखें, तो घाटशिला को जिला बनाने की मांग यूपीए हो अथवा एनडीए, दोनों गठबंधनों के प्रमुख दल इसकी मांग करते रहे हैं। घाटशिला अनुमंडल के सभी प्रखंड क्षेत्र के लोगों की यह एक बड़ी आकांक्षा है।

### क्या है घाटशिला अनुमंडल की सीमा

घाटशिला अनुमंडल के अंतिम छोर की बात करें, तो पश्चिम बंगाल की सीमा चिचड़ा से शुरू होती है। जिला कार्यालय जमशेदपुर से इसकी दूरी 117 किलोमीटर है। ओड़िशा की दूरी, जो कि जामशोला सीमा है, वह 107 किलोमीटर पर अवस्थित है। गुड़ाबांधा और डुमरिया की सीमाएं ओड़िशा से सटी हैं। यह भी 110 किलोमीटर की दूरी पर है। घाटशिला जिला में घाटशिला, मुसाबनी, डुमरिया, गुड़ाबांधा, धालभूमगढ़, बहरागोड़ा और चाकुलिया प्रखंड शामिल किये जायेंगे। आबादी की दृष्टि से देखें, तो यहां की आधी आबादी शहर में है और आधी ग्रामीण क्षेत्र में। शहर की बढ़ती आबादी में प्रशासन को शहर के दायित्व के निर्वहन में व्यस्त कर रखा है। ऐसे में घाटशिला को जिला बनाया जाना अति आवश्यक माना जा रहा है। छोटे से छोटे काम के लिए 117 से अथवा 110 किलोमीटर की दूरी तय करना आम आदमी के लिए काफी परेशानी की बात है। घाटशिला का अवस्थान एकदम बीच में है। प्रशासनिक दृष्टि से हो अथवा पुलिस प्रशासन की दृष्टि से क्षेत्र पर पकड़ बनाकर रखना और आम आदमी की समस्याओं का निराकरण करने में इससे प्रशासन को काफी सुविधा होगी।

### हेमंत सोरेन ने दिया है संकेत

कोलकाता से रांची लौटने के क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाल में बहरागोड़ा वन विश्रामगर में 45 मिनट रुके थे। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश षाड़ंगी ने कई अन्य मांगों से संबंधित ज्ञापनों के अतिरिक्त घाटशिला को जिला बनाये जाने की मांग को उनके समक्ष रखा था। वैसे तो मुख्यमंत्री द्वारा खुले तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया, लेकिन यह भरोसा दिलाया गया कि घाटशिला और बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के साथ ही पोटका का क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग पर निश्चित तौर पर विचार करेंगे। इतना ही नहीं, डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी ने राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी से भी आग्रह किया है कि घाटशिला को जिला बनाने की दिशा में शीघ्र प्रयास किया जाये। डॉ षाड़ंगी ने यह विश्वास जताया है कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोल्हान के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। घाटशिला और बहरागोड़ा के प्रति भी उनके मन में विकासोन्मुख सोच है। उन्होंने विश्वास जताया है इस क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग राज्य सरकार बहुत जल्द ही पूरा करेगी और इसके लिए घाटशिला को जिला बनाने की घोषणा की जायेगी, इसकी प्रबल संभावना है। उन्होंने तो इतना तक कहा है कि उन्हें विश्वास है कि महीने भर के अंदर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा घाटशिला अलग जिला की घोषणा कर दी जायेगी।

### कागजी प्रक्रिया बढ़ चुकी है आगे

घाटशिला को अलग जिला बनाने की मांग पिछले 25 वर्ष से की जा रही। राज्य सरकार की ओर से कई बार कागजी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। हाल के महीने में राज्य सरकार के निर्देश पर उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम द्वारा अनुमंडल अधिकारी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन को सामने रखते हुए संभावित जिला का खाका तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार को घाटशिला को जिला बनाने संबंधित प्रस्ताव में प्रखंडों की संख्या, उनके नाम, कुल आबादी, प्रखंड वार आबादी, महिला-पुरुष की आबादी, महिला-पुरुष मतदाताओं की संख्या, जातीय आधार पर संख्या, सड़क और रेलवे से कनेक्टिविटी समेत सभी सूचनाओं और नक्शा भी बनाकर भेजा गया है। वर्तमान में प्रस्तावित जिला में विभिन्न प्रखंडों में एवं थाने में पदस्थापित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या का भी उल्लेख है। इतना ही नहीं, प्रस्तावित जिला का मुख्यालय और उसके लिए उपलब्ध जमीन का विस्तृत विवरण भी राज्य सरकार को जिला प्रशासन की ओर से भेजे जाने की सूचना है। एक प्रकार से घाटशिला को जिला बनाये जाने की तमाम प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। मामला राज्य सरकार के पास है।

### रामदास सोरेन का सपना था जिला

स्वर्गीय रामदास सोरेन ने विधायक रहते हुए भी कई बार घाटशिला को जिला बनाये जाने की मांग की थी। बतौर मंत्री, उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष इस मांग को रखा था। उनका सपना था कि इस कार्यकाल में घाटशिला को एक स्वतंत्र जिला का आकार प्रदान करेंगे। उन्होंने घाटशिला के लोगों को इस बात का भरोसा दिया था कि धैर्य रखें, अगले चुनाव के पूर्व ही आप स्वतंत्र जिले में रहेंगे। दुर्भाग्यवश रामदास सोरेन नहीं रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा ही नहीं, यूपीए के तमाम घटक दलों को विश्वास है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शीघ्र ही घाटशिला को जिला बनाने की घोषणा कर स्वर्गीय रामदास सोरेन के सपने को पूरा करेंगे। घाटशिला को जिला बनाये जाने की घोषणा विधानसभा चुनाव की दृष्टि से तुरूप का इक्का साबित हो सकता है।

---

# ग्रामीणों का दर्द छलका : सड़क, बिजली और पानी से अब भी वंचित है सेंधा गांव

**श्यामबच्चन यादव**



**सगमा, गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के सगमा प्रखंड का सेंधा गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। आजादी के 75 साल से अधिक बीत जाने के बावजूद यहां के ग्रामीणों को सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। चुनाव के समय नेता और कार्यकर्ता गांव में आकर बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन जीत के बाद गांव को फिर से उपेक्षा की राह पर छोड़ दिया जाता है। ग्रामवासी रोजन अंसारी, इस्लाम अंसारी, बुधन अंसारी, मोहम्मद हुसैन अंसारी, हाफिज अंसारी, इश्हाक अंसारी, शमशेर अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, इसराइल अंसारी, अम्रुल्लाह, गुलाम रब्बानी, लतीफ अंसारी, अफजाल अंसारी, नसीम अंसारी, गफार अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मिल कर अपनी पीड़ा साझा की। सभी का कहना है कि आज भी गांव के लोग कठिनाइयों का सामना करने को मजबूर हैं।

ग्राम सेंधा के लोग आज भी कच्चे रास्तों से होकर आवागमन करते हैं। बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जब कीचड़ और गड्ढों से भरे रास्ते ग्रामीणों की परेशानी दोगुनी कर देते हैं। बिजली की सुविधा नाम मात्र की है। कई घर अब भी अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। वहीं, स्वच्छ पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीण नदी-नालों और हैंडपंप पर निर्भर रहते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि विकास के नाम पर उन्हें सिर्फ आश्वासन और झूठे वादे मिले हैं। वे हर बार वोट देकर नेताओं को जिताते हैं, लेकिन उनके गांव की तस्वीर आज तक नहीं बदली। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है।

सेंधा गांव के लोग सरकार और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द सड़क, बिजली और पानी की समस्या का समाधान किया जाये, ताकि वे भी मूलभूत सुविधाओं का लाभ उठा सके और सम्मानजनक जीवन जी सकें। ग्रामीणों की यह आवाज सरकार तक कब पहुंचेगी, यह बड़ा सवाल है।

# पूर्व अपर सचिव अवध नारायण प्रसाद ने समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में रविवार को झारखंड के पूर्व प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त अपर सचिव अवध नारायण प्रसाद ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा। वहीं डॉ प्रसाद पासवान नेशनल एजुकेशन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि मार्केटिंग बोर्ड अध्यक्ष रवींद्र सिंह, मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, अभिलाष साहु, राजन वर्मा केदार पासवान, जवाहर लाल महत्था, अभिजीत राज, कामेश्वर गिरी, सुनीत शर्मा, राजू राम, अंजनी रंजन ने पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि डॉ प्रसाद पासवान शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से काफी सक्रिय रहे है। उनके अनुभव से संगठन को नयी ऊर्जा मिलेगी। कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनसेवा और जनता की आवाज बुलंद करने वाली पार्टी रही है। डॉ पासवान और अवध नारायण प्रसाद का पार्टी में आना इस मिशन को ओर अधिक सशक्त करेगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि डॉ पासवान और अवध नारायण प्रसाद जैसे अनुभवी और प्रतिबद्ध व्यक्तियों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए हमें गर्व है। इनके जुड़ने से पार्टी में नयी ऊर्जा और मजबूती मिलेगा। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से लालन कुमार पासवान, ओम पासवान, तारकेश्वर, प्रो शेखर मल्लिक, ब्रजकिशोर राय, बृजकिशोर बड़ाईक, रिता पासवान, नवल किशोर पासवान, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, प्रो प्रदीप कुमार, प्रो दिनेश पासवान सहित अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.8°c | 26.3°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.17 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# बाघमारा के जमुआटांड़ की कमला देवी की आंखों में जगी उम्मीद की रोशनी

## ■ 'मां' की पुकार पर मंत्री की संवेदना और संवेदनशील हस्तक्षेप से जगी इंसाफ की आस

## ■ बड़ा सवाल: क्या एक छोटे से गांव की दलित महिला की न्याय की लड़ाई मुकाम तक पहुंचेगी!

सामिद खान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बाघमारा प्रखंड के एक छोटे से गांव जमुआटांड़ में रहने वाली दलित महिला कमला देवी की आंखों में आज उम्मीद की एक नयी रोशनी है। वो रोशनी, जो अंधेरे में डूबती इंसाफ की लड़ाई को फिर से जगाने आयी है। यह सिर्फ जमीन की लड़ाई नहीं है, यह एक मां की पुकार है... अपने अधिकार की, अपनी अस्मिता की।

कमला देवी के पिता छूनू रजवार की पुश्तैनी जमीन, वर्षों से उनके परिवार की एकमात्र उम्मीद थी। इसी जमीन पर एक छोटा-सा पीएम आवास भी बना था, जो गरीबी में एक आशियाने का काम करता था। लेकिन कुछ दबंगों की नजर जब इस जमीन पर पड़ी, तो उन्होंने बिना किसी कानूनी बंटवारे के ही कब्जा करना शुरू कर दिया।

कमला देवी बताती हैं, मेरे पिताजी की जमीन खाता संख्या 88 में खतियान और पंजी-2 में दर्ज है। इसके बावजूद अजय रजवार, विजय रजवार और संजय रजवार जैसे लोग जबरन जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। यहां तक कि हमारे एकमात्र आशियाने को भी जेसीबी से गिरा दिया गया। ईंट, बालू और सीमेंट गिरा कर जबरदस्ती बाउंड्री बनाना शुरू कर दिया गया।

**न्याय की गुहार, एक्स के जरिये पहुंची सरकार तक :** कमला देवी ने जब अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचायी और 19 जुलाई को उपायुक्त को शिकायत सौंपी (डिस्पैच संख्याः 9975), तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। अवैध निर्माण जारी रहा। न्याय की यह लड़ाई अब एक थकी हुई उम्मीद में बदलती जा रही थी। तभी इस पीड़ा की गूंज झामुमो के सोशल मीडिया प्रभारी ब्रह्मदेव पासवान तक पहुंची। उन्होंने इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर उठाया और इसे राज्य सरकार तक पहुंचाया।

### मंत्री दीपक बिरुआ का ट्वीट : मां की मदद करें

राज्य सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ ने जब यह मामला देखा, तो तुरंत ट्वीट कर धनबाद उपायुक्त को निर्देश दिया और एक मार्मिक संदेश में लिखा : मां की मदद करें।

यह सिर्फ एक ट्वीट नहीं था। यह एक मां की पुकार को सम्मान देने का प्रतीक बन गया। मंत्री के इस हस्तक्षेप से प्रशासन हरकत में आया और मामले की गंभीरता से जांच शुरू हुई। कमला देवी ने भावुक होकर कहा कि अब लग रहा है कि मुझे न्याय मिलेगा। मंत्री ने मेरी बात सुनी, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मुझे भरोसा है कि मेरी जमीन मुझे वापस मिलेगी।



### निर्माण अब भी जारी , लेकिन उम्मीद जगी है

भले ही अवैध बाउंड्री निर्माण अब भी जारी है, लेकिन कमला देवी की उम्मीद अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है। उन्होंने धनबाद एसडीओ से भी इस मामले में शिकायत की है और आग्रह किया है कि जमीन का बंटवारा करवाया जाये तथा अवैध कब्जा हटाया जाये।

### एक मां, एक मंत्री और एक उम्मीद

यह कहानी सिर्फ एक महिला की नहीं है, बल्कि उन तमाम आवाजों की है, जो वर्षों से न्याय के लिए लड़ रही हैं। मंत्री दीपक बिरुआ का संवेदनशील हस्तक्षेप यह दर्शाता है कि यदि सत्ता में बैठे लोग जनता की पीड़ा को समझें, तो परिवर्तन संभव है। कमला देवी की यह जंग अभी खत्म नहीं हुई है... लेकिन उन्होंने यह यकीन जरूर जगा दिया है कि अगर आवाज उठायी जाये, तो न्याय की सुबह जरूर आयेगी।

---

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति का नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम

# स्वदेशी से देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : संजय सेठ

● पीएम के जन्मोत्सव पर 17 से चलेगा सेवा पखवाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रीन होराइजन में रविवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति की ओर से नागरिक बैठक सह अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। इसमें सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह ने खास तौर से हिस्सा लिया। सांसद ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से दो अक्तुबर तक चलाया जायेगा। कहा कि पीएम के स्वदेशी अपनाओ अभियान से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सहज रूप से घर-घर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। लघु उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा पूजा के दिन पखवाड़े की शुरुआत पूजा-अर्चना से होगी। इसके बाद क्रमवार कार्यक्रमो का सिलसिला चलेगा। सीपी सिंह ने बताया मौके पर सनातन धर्म को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। समिति के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने बताया कि 11 अक्टूबर को स्वर्गीय सीता राम मारू के जन्म शताब्दी के मौके पर भारत सरकार द्वारा डाक टिकट बनवाया गया है, जिसका राज्यपाल के द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने संचालन सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। बताया कि महोश्वरी सभा की ओर से श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में दो अक्टूबर को शस्त्र पूजा की जाएगी। मौके पर मारवाड़ी सहायक समिति, रांची गौशाला, माहेश्वरी सभा, मारवाड़ी युवा मंच, दिगंबर जैन पंचायत, श्रीराम लला पूजा समिति, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, मारवाड़ी सेन समाज, हनुमान मंडल,श्रीश्याम मित्र मंडल, नगरमल मोदी सेवा सदन, श्री कृष्ण प्रणामी सेवा ट्रस्ट समिति, चिन्मय आश्रम आदि के प्रतिनिधि मौजूद थे। धन्यवाद प्रतीक मोर ने किया।



### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

पखवाड़ा की शुरुआत 17 सितंबर को सांसद आवास में दिन के नौ बजे से हवन-पूजन से होगी। इसके बाद छात्र-छात्राओं के बीच ऑपरेशन सिंदूर के थीम पर चित्र प्रतियोगिता होगी। 75 सफाई कर्मी, 75 पैरामेडिकल स्टाफ, 75 नर्स को सम्मान किया जाएगा। रक्तदान शिविर ,स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में सोलर लाइट का उद्घाटन होगा। प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की दिशा में 25000 जुट बैग और छाते बांटे जाएंगे। पांच हजार परिवार के बीच सुरक्षा लॉग बुक के वितरण का शुभारंभ भी होगा। मोरहाबादी मैदान में 21 सितंबर को सुबह सात बजे से फिट इंडिया साइक्लोथोन शुरू होगा। एक हजार से ज्यादा लोग इसमें हिस्सा लेंगे।

### इनकी रही भागीदारी

कुणाल अजमानी चंद्रकांत रायपत,रविंद्र मोदी, प्रमोद सारस्वत, निरंजन शर्मा, संजय पोद्दार, संजय जायसवाल, राजन तिवारी, विजय ओझा रतन अग्रवाल, मनीष लोधा, अमित चौधरी, राजीव सहाय, विकास मोदी, प्रतीक मोर, संतोष सेठ, नरेंद्र लखोटिया,शिव शंकर साबू, विजय अग्रवाल, राजू अग्रवाल, संजय सराफ, सोनू भारद्वाज,ओम प्रकाश शर्मा,अमर प्रसाद,आनद श्रीवास्तव आदि ने खास तौर से इसमें भागीदारी निभायी।

---

## कोडरमा रोटरी आइ हॉस्पिटल

# 47 साल में 20 हजार से अधिक गरीबों को दी आंखों की रोशनी

### 1978 से गरीबों का मोतियाविंद का निःशुल्क ऑपरेशन हो रहा

सतीश कुमार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कल्पना करिए अगर आप अपनी आंखों से दुनिया को देख नहीं सकते, तो कैसा एहसास होगा। मात्र सोचकर ही इंसान के सामने अंधेरा पसर जाता है। लेकिन रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा ने मोतियाविंद का निःशुल्क ऑपरेशन के जरिए जिले और इसके बाहर के करीब 20 हजार गरीबों की आंखों में फिर से रोशनी भर दी है। रोटरी ने जिले में साल 1978 से गरीबों का निःशुल्क मोतियाविंद का ऑपरेशन शुरू किया है। इसके अलावा आंखों से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया है। शिविर लगाकर अब तक हजारों लोगों के आंखों का इलाज किया जा चुका है। जबकि 20 हजार नेत्र ऑपरेशन में गरीब तबके के मरीज भी शामिल हैं। मरीजों का ऑपरेशन सुदूरवर्ती इलाकों समेत झुमरीतिलैया के नेत्र हॉस्पीटल में समय-समय पर शिविर आयोजित कर किया गया। जिले में बढ़ते मोतियाविंद के मरीजों को देखते हुए यहां नेत्र हॉस्पीटल का निर्माण किया गया। साल-2004 से पार्वती देवी आरएस सर्राफ रोटरी आइ हॉस्पीटल झुमरीतिलैया में फिलहाल नेत्र विशेषज्ञ द्वारा नेत्र ऑरेशन होने लगा, जो जारी है। ओपीडी में अब तक 62 हजार 564 लोगों का इलाज किया गया है।

कोडरमा रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रयागचंद चांडक ने बताया कि हॉस्पीटल में कुशल और अनुभवी डॉक्टर,प्रशिक्षित कर्मचारी और नर्सों की सेवा ली जा रही है। उन्होंने कहा कि मरीजों के बढते संख्या को देखते हुए एक और डॉक्टर की शीघ्र व्यवस्था की जायेगी।




### क्या कहते हैं हॉस्पिटल मैनेजर

हॉस्पिटल मैनेजर प्रकाश गिरी बताते हैं कि ऑपरेशनल दौरान मरीजों को बेड चार्ज, भोजन, दवा और ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। जबकि सिर्फ लेंस का पैसा लगता है। फिलहाल नेत्र विशेषज्ञ डॉ संगीता प्रसाद हैं।

### क्या कहते हैं रोटरी अध्यक्ष

सत्र 2013-14 के रोटरी अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस साल एक हजार गरीब परिवारों को मुफ्त नेत्र ऑपरेशन करने का लक्ष्य निर्धारित है। कोडरमा रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रयागचंद चांडक ने बताया कि हॉस्पीटल में कुशल और अनुभवी डॉक्टर, प्रशिक्षित कर्मचारी और नर्सों की सेवा ली जा रही है। उन्होंने कहा कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक और डॉक्टर की शीघ्र व्यवस्था की जायेगी।

---

## हिंदी दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय सभागार में कवि गोष्ठी का आयोजन

# हिंदी पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधे हुए है : अंजनी मिश्र

कवियों एवं साहित्यकारों ने आयुक्त को शॉल देकर सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हिंदी दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय सभागार में प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय की ओर से कवि गोष्ठी का आयोजन आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, आयुक्त के सचिव अलोक कुमार एवं उप निदेशक राजभाषा संजीव कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत दीप प्रज्वलित कर एवं अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

हिंदी दिवस के अवसर पर आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जैसे हम व्हाट्सएप फेसबुक एवं फोन के माध्यम से अन्य त्योहारों की बधाई देते हैं, उसी प्रकार हिंदी दिवस की भी बधाई देनी चाहिए और इसे मानना चाहिए। हिंदी भारत की सबसे प्राचीन भाषा में एक है. भारत में बोली जाने वाली कई भाषाओं का समागम है हिंदी, जो पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधे हुए है। हिंदी को मैनेजमेंट एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में और काम करने की आवश्यकता है। हिंदी को रोजगार से जोड़ने का कार्य करना चाहिए। भारत में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा हिंदी है, जो संचार का सबसे अच्छा माध्यम है। हिन्दी दिवस को मनाने के पीछे एकमात्र उद्देश्य है भारत की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को जोड़ना और भाषाई गरिमा एवं उसके महत्व को सम्मानित करना है।




उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया ने अपने कविता के माध्यम से भाषा की विशेषता एवं संचार हेतु इसकी आवश्यकता को बताया। हिंदी भाषा के संवर्द्धन, विकास, समृद्धि की जिम्मेवारी हम सबों पर है। हिंदी भाषा हमारी संस्कृति, साहित्य और भावनाओं को प्रकट करती है। भारत देश में कई भाषाओं का संगम है। लेकिन हिंदी जानने और बोलने वाले लगभग हर जगह मिल जाते है। उन्होंने हिंदी को देश की एकता और विविधता का प्रतीक बताया।

अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने कहा कि हिंदी एक भाषा नहीं है बल्कि यह एक माध्यम है जो लोगों को जोड़ने का भी काम करती है। सरकारी कार्यालयों में दूर दूर से लोग अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं जिससे उनकी ही भाषा में समस्याओं का समाधान करना हमारा प्रथम दायित्व है। कार्यालयों, परिवार एवं दिनचर्या में हिंदी भाषा का प्रयोग करें ताकि हिंदी भाषा को बढ़ावा मिले एवं संचार का माध्यम बने।

इस अवसर पर उप निदेशक राजभाषा संजीव कुमार ने स्वागत सम्बोधन किया एवं आयुक्त के सचिव श्री अलोक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के अंत में कवियों द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र को शॉल देकर सम्मानित किया गया और कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें हिंदी भाषा के महत्व पर कवियों ने कई कविताएं प्रस्तुत की। कवि गोष्ठी में मुख्य रूप से डॉ जंगबहादुर पाण्डेय, डॉ सुरिंदर कौर नीलम, नसीर अफसर, डॉ राजश्री जयंती, नरेश कुमार बंका, शालिनी नायक, सदानंद सिंह यादव, सूरज श्रीवास्तव, डॉ रजनी शर्मा, ममता मनीष सिन्हा एवं डॉ अंजेस शामिल हुए।

---


## कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग का हिंदी दिवस समारोह

# हिंदी को सरलता, सहजता और समृद्धि की ओर ले जाने का अभियान हम सबका साझा कर्तव्य : प्रवीण टोप्पो

हिंदी भाषा को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप बनाना हमारी प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड द्वारा रविवार को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में आयोजित हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता, संस्कृति और संवाद की सशक्त भाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी ने प्रशासनिक कार्यों को सरल और जनसामान्य तक सुगम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हिंदी भाषा को और अधिक सरल, सहज तथा समृद्ध बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन, प्रशासनिक कार्यों तथा तकनीकी क्षेत्रों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देकर इसे और व्यापक बनाया जा सकता है।



**हिंदी के प्रचार-प्रसार में अग्रसर झारखंड सरकार :** कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने आगे कहा कि झारखंड सरकार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और इसके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

डॉ पार्वती तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा की गहराई तक जाना आवश्यक है। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर भी है, जिसे नयी पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

समारोह में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी हिंदी को तकनीकी युग के अनुरूप बनाने, बिजनेस, मैनेजमेंट, मेडिकल, इंजीनियरिंग, ई-गवर्नेंस और डिजिटल प्लेटफार्मों पर इसके अधिकाधिक प्रयोग तथा विद्यालय से लेकर उच्च शिक्षा तक हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। इस अवसर पर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं लघु कथा प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को सम्मानित किया गया। मौके पर विशेष सचिव ओम प्रकाश साह, कवयित्री, लेखिका एवं शोधकर्ता डॉ पार्वती तिर्की, पूर्व अध्यक्ष, रांची विश्वविद्यालय, डॉ हीरानंद प्रसाद एवं विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हिंदी दिवस निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता

प्रथम पुरस्कार-जितेंद्र कुमार मुंडा, ग्राम-बारिसालडीह, पोस्ट और थाना-सोनाहातू

द्वितीय पुरस्कार-हर्षिता कुमारी, ग्राम चौली, पोस्ट-खोरा, जिला-गुमला

तृतीय पुरस्कार-प्रिया कुमारी, ग्राम-सोसोकलां, गोला, जिला-रामगढ़

### हिंदी दिवस लघु कथा लेखन प्रतियोगिता-2025 के विजेता

प्रथम पुरस्कार-युवराज शांतनु, क्वार्टर नंबर आर.के.वन 196, रोहड़ाबांध, पोस्ट सिंदरी

द्वितीय पुरस्कार-राहुल कुमार, महतोटोली, कर्रा

तृतीय पुरस्कार-अनुराधा, स्कूल-आशुतोष बालिका उच्च विद्यालय, रोहिणी, देवघर




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# पीएम को 1700 किमी की दूरी तय करने में 870 दिन लग गये: झामुमो

## पीएम देश के लिए नहीं, अपने मित्रों के लिए जहर पी रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पीएम मोदी की मणिपुर यात्रा पर तंज कसा है। रविवार को सुप्रियो पार्टी के केंद्रीय कैम्प कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 29 महीने यानी 870 दिनों में मणिपुर हिंसा की आग में जला है। इस दौरान 960 मौतें हुई, हजारों की संख्या में लोगों के घर जलें, कुकी और मैतेयी समुदाय के बीच हिंसक झड़प में कई जिंदगियां तबाह हो गयी लेकिन इन 29 महीनों में 44 देशों की 170000 किलोमीटर की यात्रा करने वाले पीएम को दिल्ली से इम्फाल तक की 1700 किलो मीटर की दूरी तय करने में 870 दिन लग गये। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री करीब दो साल बाद हिंसा ग्रस्त मणिपुर दौरे पर गये है, जहां कुकी और मैतेयी समुदाय के बीच हिंसक झड़प चल रहा है। उन्होंने कहा कि अचानक हम लोगों को भी आश्चर्य हुआ कि आखिर प्रधानमंत्री को कैसे मणिपुर की याद आ गयी, जब छानबीन किया गया तो पता चला कि बिहार के साथ मणिपुर में भी चुनाव होना है , इसलिए प्रधानमंत्री को मणिपुर को याद आ गयी। चुनाव है वोट लेना है नार्थ ईस्ट स्टेट का इसलिए प्रधानमंत्री वहां के लोगों के लिए घोषणा पर घोषणा किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब चुनाव नजदीक आ रहा है तब झूठी सहानुभूति और उसी के आधार पर वोट लेने के लिए पीएम अब मणिपुर गये हैं। सुप्रियो ने कहा कि मणिपुर में कुकी और मैतेयी दोनों जनजातीय समुदाय है लेकिन दोनों के बीच कई महीनों से जारी जातीय हिंसा के लिए भाजपा की समाज को तोड़ने वाली राजनीति ही मुख्य वजह है। आज भाजपा के कई विधायक और मंत्री मणिपुर को बांटने की बात करते हैं। क्योंकि इनकी पूरी राजनीति ही समाज को तोड़ने और बांटने की रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश झारखंड भी आदिवासी बहुल प्रदेश है लेकिन यहां के मुख्यमंत्री सभी समुदाय को एक साथ लेकर राज्य का विकास कर रहे हैं। यहां भी भाजपा ने समाज को तोड़ने की कई कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हुआ। सुप्रियो भट्टाचार्या ने इस दौरान एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच हो रहे मैच को लेकर तंज कसा वहीं पीएम मोदी के असम में दिये उस एक बयान जिसमें पीएम ने कहा था कि वह शिव भक्त हैं और जहर पी रहे हैं के संबंध में कहा कि पीएम देश के लिए नहीं अपने मित्रों के लिए जहर पी रहे हैं।



# मणिपुर का विकास झामुमो, कांग्रेस और इंडी अलायंस को हजम नहीं हो रहा है : राफिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि मणिपुर का विकास झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस पार्टी और इनकी इंडी अलायंस को हजम नहीं हो रहा है, इसलिए उल जुलूल बयान दिया जा रहा है। राफिया नाज ने निंदा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मणिपुर और पूरे उत्तर-पूर्व का विकास राष्ट्रीय प्राथमिकता रहा है। भाजपा सरकार ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के तहत मणिपुर को अभूतपूर्व सहयोग दिया है। राफिया ने कहा कि बुनियादी ढांचे में ऐतिहासिक कार्य हुए। जिरीबाम-इंफाल रेल परियोजना, इम्फाल-मोरह (एशियन हाइवे-1) राष्ट्रीय राजमार्ग का उन्नयन और इम्फाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण। इससे मणिपुर देश और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों से जुड़ा। राफिया ने कहा कि वित्तीय सहयोग में राज्य को पिछले 9 वर्षों में कांग्रेस शासन की तुलना में कई गुना अधिक बजट मिला। जन धन योजना, डिजिटल इंडिया और यूपीआइ ने लाखों नागरिकों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जेएनआइएमएस) और नए शैक्षणिक संस्थानों से आम जनता को सीधा लाभ मिला। राफिया ने याद दिलाया कि कांग्रेस ने दशकों तक मणिपुर और पूरे उत्तर-पूर्व को उपेक्षित और हिंसा-पीड़ित छोड़ दिया। कांग्रेस सरकार के समय राज्य में आर्थिक नाकेबंदी, आतंकी हिंसा और बुनियादी ढांचे की भारी कमी ने जनता को त्रस्त कर दिया था। विकास की बजाय कांग्रेस ने केवल चुनावी राजनीति के लिए मणिपुर का इस्तेमाल किया और जनता की वास्तविक समस्याओं की अनदेखी की। यही कारण है कि उस काल में मणिपुर असुरक्षा, पिछड़ेपन और उपेक्षा का प्रतीक बन गया।



### भारत-पाकिस्तान मैच बहुपक्षीय टूर्नामेंट है

राफिया नाज ने कहा कि भाजपा यह स्पष्ट करना चाहती है कि भारत का पाकिस्तान से द्विपक्षीय क्रिकेट संबंध पूरी तरह से बंद है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जब बहुपक्षीय टूर्नामेंट एसीसी या आइसीसी द्वारा आयोजित किये जाते हैं, तब नियमों और बाध्यताओं के कारण भारत को खेलना पड़ता है, यदि भारत इनकार करे तो टीम को बाहर कर दिया जायेगा या अंक गंवाने होंगे। यह बहुपक्षीय टूर्नामेंट है, न कि किसी प्रकार की राजनीतिक या द्विपक्षीय सहमति। झामुमो याद रखें भारत पाकिस्तान को हमेशा से धूल चटाते आया है और धूल चटाते रहेगा, चाहे वह युद्ध का मैदान हो या खेल का मैदान।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी से खर्च अधिक होगा।किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परन्तु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**वृष** बौद्धिक विकास होगा,रचनात्मक प्रयास सफल होंगे,व्यर्थ की चिन्ताओं में ध्यान बढेगा।

**मिथुन** परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी दूर होगी, सेहत में सुधार होगा।

**सिंह** संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, आर्थिक समस्याओं का सहजता से समाधान होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# मैरी हेलो किड्स स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके ब्लॉक इस्थिय मैरी हेलो किड्स स्कूल में शुक्रवार को ग्रैंडपेरेंट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर बच्चों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। इसके बाद नन्हे-मुन्नों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, गीत और कविताओं से वातावरण गूंज उठा।

स्कूल की प्रिंसिपल बिमला सिन्हा ने दादा-दादी को बच्चों के जीवन में मार्गदर्शक बताते हुए उनके अनुभवों को अमूल्य धरोहर कहा। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बने कार्ड और उपहार भेंट कर बड़ों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। खेलकूद की गतिविधियों में भी दादा-दादी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम और भी रोचक बन गया।

स्कूल के निदेशक सुनील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के जीवन में दादा-दादी की भूमिका नींव के पत्थर जैसी होती है। उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन ही बच्चों को जीवन की सही दिशा देता है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन को बच्चों और दादा-दादी के रिश्ते को और गहरा बनाने वाला अनुभव बताया।



# गीतांजलि क्लब दुगार्पूजा समिति ने नगर निगम से समस्याओं के समाधान की मांग की

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के गीतांजलि क्लब दुगार्पूजा समिति के पंडाल के सामने जलजमाव और अव्यवस्थित नाली के कारण समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके अलावा, पंडाल के मुख्य द्वार पर नगर निगम का विज्ञापन बोर्ड लगा हुआ है, जिससे द्वार दिखायी नहीं दे रहा है। स्थानीय निवासियों और पूजा समिति के सदस्यों ने प्रशासन और नगर निगम से इन समस्याओं का समाधान करने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि जलजमाव और अव्यवस्थित नाली के कारण भक्तों को परेशानी होगी और विज्ञापन बोर्ड को हटाने से पंडाल का मुख्य द्वार दिखाई नहीं देगा। इन लोगों ने मांग किया कि नगर निगम को जल निकासी और नाली की व्यवस्था करनी चाहिये। नगर निगम को विज्ञापन बोर्ड को हटाना चाहिये। पथ निर्माण विभाग और रांची नगर निगम को सड़क की मरम्मत करनी चाहिए। नगर निगम को स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करनी चाहिये।



# एमबीए प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, आदित्य भास्कर बने टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा आयोजित एमबीए प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम रविवार को घोषित कर दिया गया। यह परीक्षा तीन चरणों–लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार–के माध्यम से संपन्न हुई। पारदर्शी और सुसंगठित प्रक्रिया के चलते उसी दिन परिणाम जारी कर दिये गये। इस आयोजन में आईटी प्रभारी डॉ इंदर नाथ साहू का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।

इस वर्ष की प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आदित्य भास्कर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शीर्ष पर अपना स्थान सुरक्षित किया। फ्रांसिस मरांडी ने दूसरा तथा सोनम सिंह ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी मेहनत और प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन किया।

परीक्षा आयोजन और मूल्यांकन कार्य स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के निदेशक डॉ जीसी बास्की, एमबीए समन्वयक डॉ शालिनी लाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुची संतोष बरवार तथा आइटी प्रभारी डॉ इंदर नाथ साहू के पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके अलावा विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए पाँच बाहरी विशेषज्ञों तथा डीएसपीएमयू के कुछ आंतरिक शिक्षकों ने भी चयन प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभायी।



# आदिवासी अस्तित्व बचाव मोर्चा ने रांची में बाइक रैली निकाली

## कुड़मी समुदाय फर्जी तरीके से आदिवासी बनकर आरक्षण पर कब्जा करना चाहता है: अजय तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी अस्तित्व बचाव मोर्चा ने रविवार को रांची में बाइक रैली निकाली। बाइक रैली केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की की अगुवाई में निकाली गयी। रैली की शुरूआत मोरहाबादी मैदान से हुई। रैली हरमू रोड, अरगोड़ा होते हुए बिरसा मुंडा चौक पहुंची। वहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी ने आदिवासी अस्मिता की रक्षा का संकल्प लिया। रैली का आयोजन झारखंड के कुड़मी समाज को एसटी में शामिल करने के विरोध में किया गया था। इस कारण बाइक रैली में शामिल युवाओं ने इस मांग के विरोध में नारेबाजी करते हुए कहा कि कभी भी कुड़मी समाज को आदिवासी नहीं माना जा सकता। इस दौरान केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज का अस्तित्व खत्म हुआ तो आदिवासी ही नहीं बचेंगे। कुड़मी समुदाय फर्जी तरीके से आदिवासी बनकर आरक्षण पर कब्जा करना चाहता है।ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि यह सोची-समझी साजिश है। कुड़मी समाज जबरन आदिवासी बनने का प्रयास कर रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अलविन लकड़ा ने कहा कि आदिवासी जन्म से होते हैं। किसी को बनाकर आदिवासी नहीं बनाया जा सकता। प्रवीण कच्छप ने कहा कि कुड़मी न कभी आदिवासी थे न हैं। केंद्र सरकार और टीआरआइ ने भी उनकी मांग को नकार दिया है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि यह केवल सांकेतिक रैली है। इसका मकसद आदिवासी समाज को चेताना और उनके हक की रक्षा करना है। वक्ताओं ने कहा कि यदि कुड़मी को एसटी दर्जा देने की कोशिश हुई, तो आंदोलन और तेज होगा। रैली में रुपचंद केवट, बिगलाहा उरांव, आदिवासी विस्थापित मोर्चा अध्यक्ष राहुल उरांव, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा महिला प्रकोष्ठ रांची महानगर अध्यक्ष सुभानी तिग्गा, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा संगठन सचिव गैना कच्छप, अमित गाड़ी, बुड्डु धर्म गुरु एतवा उरांव उर्फ मनीष तिर्की, सरना आदिवासी जन कल्याण संस्थान नामकोम युवा अध्यक्ष नवीन तिर्की, कैलाश तिर्की , मनोज उरांव, सुरज टोप्पो समेत अन्य शामिल थे।



# राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर नि:शुल्क जांच शिविर लगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहर में समाज के जरूरतमंदों लोगों के लिए 14 सितंबर रविवार को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर कॉसमॉस युथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट, लालपुर में निरामया हॉस्पिटल, रांची के सौजन्य से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता कुमारी और सामान्य रोग चिकित्सक डॉ. अखिलेश प्रसाद के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें आये 38 नेत्र रोग मरीज और 19 सामान्य रोग मरीज को विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा जांच परीक्षण के उपरांत उन्हे उचित परामर्श दिये गये। नेत्र रोग में पाये गये 8 गंभीर मरीजों को हॉस्पिटल में निशुल्क सर्जरी की जायेगी। सभी मरीजों की ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर का भी जांच हुआ। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक देबाशीष राय, अध्यक्ष कौशिक चक्रवर्ती के साथ सदस्य रथिन रॉय, अभिजीत दत्ता, सिद्धार्थ कुमार, देवाशीष मुखर्जी, शैलेश विश्वास, अमित कुमार, स्मृति चक्रवर्ती और सुलेखा सिंह भी मौजूद थे।




# 20 सितंबर से चार अक्टूबर तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश के अन्य प्रांतों की भांति झारखंड में भी दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू हो गयीं हैं। पुलिस प्रशासन अभी से अलर्ट पर है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने दुर्गा पूजा को लेकर राज्य में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये हैं। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार आगामी पर्वों एवं त्योहारों के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां 20 सितंबर से चार अक्टूबर तक रद्द कर दी गयी हैं। छुट्टियां रद्द करने का यह फैसला इसलिए लिया गया है, क्योंकि दुर्गा पूजा के दौरान राज्य के सभी जिलों में बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जायेगी। कानून और व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए, जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, जिले के एसपी और कमांडेंट जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि किसी भी आपात स्थिति में पर्याप्त बल उपलब्ध हो। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी निर्देश के अनुसार केवल विशेष परिस्थितियों में ही संबंधित अधिकारी की अनुमति से छुट्टी स्वीकृत की जायेगी। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय ने सभी कार्यालयों में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मियों (इंस्पेक्टर से लेकर सिपाही तक) को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है।



# युवा दस्ता के सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्थानीय दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब रांची में रविवार को युवा दस्ता के नये एवं पुराने सदस्यों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, विशिष्ट अतिथि राजेश्वर नाथ आलोक एडीएम (लॉ एंड आर्डर), चैती दुगार्पूजा समिति भुतहा तालाब के अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक, राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, समाजसेवी उपेंद्र रजक, राहुल सिन्हा चंकी, सुनील गुप्ता, रमेश सिंह एवं महेश चंद्रा उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत मुन्ना बड़ाइक, ज्योति शंकर साहू ने चुनड़ी न ओढ़ा कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षत पीयूष आनंद एवं संचालन मंटू दुबे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मदन साहू ने दिया।

प्रशिक्षण शिविर में श्री दुर्गापूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रीय प्रभारियों ने अपने-अपने छेत्रो में होने वाले कठिनाइयों की जानकारी बैठक में सभी लोगों के समक्ष रखी, जिसमें मुख्य रूप से यातायात एवं बिजली व्यवस्था के कारण होने वाली परेशानियों से अवगत करवाया। नये युवाओं ने भी युवा दस्ता की सदस्यता ग्रहण की एवं सेवा करने का संकल्प लिया।

प्रशिक्षण शिविर में राजेश्वर नाथ आलोक एडीएम लॉ एंड आर्डर रांची ने युवा दस्ता के सदस्यों को कहा कि युवा दस्ता जिला प्रशासन एवं दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम करेंगे एवं प्रत्येक पंडाल में जिला प्रशासन के सहयोग के लिए तैनात रहेंगे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस बात का ध्यान रखेंगे।

बैठक में आलोक ने कहा कि हम आशा करते है कि इस वर्ष युवा दस्ता का सहयोग मिलेगा और हम लोग मिल कर महोत्सव को सफल बनायेंगे। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों से कहा कि सारे सदस्य पूजा पंडाल में तैनात रहेंगे और साथ ही श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। श्री मिश्रा ने कहा कि अगर किसी तरह की परेशानी दर्शनार्थियों को होती है, तो तुरंत युवा दस्ता के सदस्य से संपर्क करें। इस मौके पर मनीष केसरी, टिंकू महतो, कैलाश परीक, नवनीत पांडेय, ज्योति करण नायक, नितेश कुजूर, नीरज कुमार, सौरव वर्मा, रौनक कुमार, साहिल कुमार, करन कुमार, अमन पासवान, आशीष कुमार, आशीष मिढ़ा, बसंत कुमार सिंह ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर सोनू रे पासवान, समीर कच्छप, आयुष शर्मा, हिमांशु कुमार, अंकित सोनी, पीयूष कुमार, सत्यम, धुर्व कुमार, राहुल राजा, मनीष मिश्रा, सुभम बारूद, अतुल मिश्रा मौजूद रहे।




# हिंदी दिवस पर डॉ बीरेंद्र कुमार महतो को 'विश्व हिंदी रत्न' मानद उपाधि सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कवि तथा युवा साहित्यकार डॉ बीरेंद्र कुमार महतो 'गोतिया' को हिंदी दिवस पर सम्मानित किया गया। नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा हिंदी दिवस के संदर्भ में आयोजित विश्व हिंदी कविता प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट कविता के आधार पर डॉ महतो को 'विश्व हिंदी रत्न' मानद उपाधि सम्मान से प्रशस्ति पत्र सर्टिफिकेट प्रदान कर हिंदी दिवस के मौके पर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 20 राज्यों से 6845 प्रतिभागियों की सहभागिता थी। इसमें से उत्कृष्ट कविता के आधार पर 265 कवि-कवयित्रियों का चयन किया गया है। ज्ञात हो कि गौरतलब हो कि डॉ. बीरेन्द्र कुमार महतो 'गोतिया' रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर नागपुरी विभाग में नागपुरी के सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ महतो ने कहा कि हम सभी कवि कवयित्रियों की कविता का मूल्यांकन अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा होना गौरव की बात है।

उत्कृष्ट कविता के आधार पर डॉ बीरेंद्र कुमार महतो 'गोतिया' को परिणाम की तृतीय सूची में अंकित कर सम्मानित करते हुए संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने कहा कि डॉ महतो बहुआयामिक व्यक्तित्व के धनी लेखक, कवि, साहित्यकार, रंगकर्मी एवं लोक कलाकार हैं। डॉ महतो की इस उपलब्धि पर डॉ रीझू नायक, सीमा देवी, वासुदेव महतो, सुरेन्द्र गोप, शीला कुमारी, हरेन्द्र लोहरा, आलोक मिश्रा, अभिमन्यु कुमार कुशवाहा, आनन्द विजय नायक, बुद्धेश्वर बड़ाइक के अलावा अन्य गणमान्य मान्य लोगों ने बधाई दी है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## चैंबर चुनाव : दोनों टीमों के प्रत्याशियों ने विभिन्न जिलों का किया दौरा

# टीम तुलसी गुमला, लोहरदगा और रामगढ़ तो मल्होत्रा पहुंचे गिरिडीह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर चुनाव का दिन जैसे-जैसे निकट होती जा रही है। प्रत्याशियों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा। रविवार को राजधानी की ज्यादातर व्यवसायी प्रतिष्ठान बंद रहने के कारण दोनो टीमो के उम्मीदवारो ने राज्य के विभिन्न जिलो का रूख किया। टीम तुलसी संग सदस्य जहां गुमला, लोहरदगा और रामगढ़ के दौरे पर निकले तो आदित्य मल्होत्रा की टीम ने गिरिडीह में उपस्थिति दर्ज करायी। प्रत्याशियों ने व्यवसायी संगठन के साथ बैठक कर समर्थन मांगा। चैंबर और व्यापारियों के हित में हरसंभव कार्य करने की बात कही।

## व्यापारिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए ठोस पहल करेंगे : तुलसी पटेल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल ने रामगढ़ चैंबर के सदस्यों के साथ बैठक की। वहां के व्यापारियों को चैंबर के हित में उठाये जाने वाले कदम की जानकारी दी। चुनावी एजेंडा का साझा करते हुए चैंबर के सदस्यों से समर्थन मांगा। टीम ने गुमला और लोहरदगा जिले का भी दौरा कर सदस्यों से मुलाकात कर पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तुलसी पटेल ने कहा कि झारखंड के व्यापारी और उद्योगपति राज्य की आर्थिक प्रगति की रीढ़ हैं। हमारी टीम का दायित्व है कि वह उनकी समस्याओं के समाधान और व्यापारिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए ठोस पहल करे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि टीम व्यापारी समाज की आवाज को न केवल मजबूती से उठायेगी, बल्कि उसे परिणाम तक भी पहुंचाएंगे। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स सिर्फ एक संस्था नहीं है, बल्कि यह राज्य व्यापारियों की आवाज और शक्ति है।

रामगढ़ चैंबर से विनय कुमार अग्रवाल, अमित कुमार सिन्हा, गोविंद लाल अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, मुकेश प्रसाद, जोगेंद्र सिंह, कमल किशोर अग्रवाल, कपिल कपूर, राजेश कुमार अग्रवाल, गुमला जिला में महेश साहू, शुभांशु काचेला, राजेश सिंह, हिमांशु काचेला, विनय लाल, संजय पटेल, हरजीत सिंह स्विंकी, सोनू मक्कड़, मनप्रीत सिंह, सत्यनारायण पटेल, लोहरदगा से प्रवीण सिंह, रितेश साहू, राजेश कुमार महतो, कुमार सौरभ, गुप्तेश्वर गुप्ता, गुड्डन सिंह, उपेंद्र प्रसाद, प्रवीण पटेल आदि ने तुलसी पटेल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। ज्योति कुमारी, राहुल साबू, विकास विजयवर्गीय, दीनदयाल वर्णवाल, अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, विमल फोगला, अरुण भरतीया, नवीन गाड़ोदिया, मनोज मिश्रा, विकास झाझरिया, विनीता सिंघानिया, मोनिका गोयनका, विकास मोदी, कमलेश संचेती, संतोष अग्रवाल, सुमित कक्कड़, प्रकाश अग्रवाल समोता, कुलवंत सिंह ने दौरे में शामिल थे।

## व्यवसायियों की समस्याओं का करेंगे निदान : आदित्य मल्होत्रा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर टीम आदित्य मल्होत्रा ने गिरिडीह चैंबर के सदस्यों संग बैठक की। बैठक में टीम के सदस्यों का परिचय कराया गया और उपलब्धियों की जानकारी दी गयी। टीम के सदस्यों ने आदित्य मल्होत्रा टीम के पक्ष में मतदान करने की आग्रह किया। गिरिडीह चैंबर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी समस्याएं बतायी। टीम के सदस्यों ने आदित्य मल्होत्रा के नेतृत्व में सभी समस्याओं के निदान करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि गिरिडीह जिला के व्यवसायियों की समस्याओं के लिए हम काम करेंगे। गिरिडीह चैंबर की जो मांगें है, उसको सरकार के साथ समन्वय बनाकर पूरा करेंगे। माइका से संबंधित समस्याओं को लेकर टीम गंभीर है। सरकार के साथ मिलकर इस समस्या को भी दूर करने का प्रयास होगा।

गिरिडीह जिलावासियों को रेलवे से संबंधित समस्याओं का निदान भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के हर जिले से चैंबर के दो सदस्यों के साथ मिलकर एक समन्वय समिति गठित करेंगे। समिति के सुझाव और मांग पर हमारी टीम काम करेगी। चैंबर और राज्य सरकार के बीच एक पूल बन कर गिरिडीह जिला के व्यवसायियों की समस्याओं को दूर करेंगे।

मौके पर चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, गिरिडीह चैंबर के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, उपाध्यक्ष राजेंद्र बगड़िया, सचिव प्रमोद कुमार, निर्वाचित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा, शिव प्रकाश बगड़िया, अनिल, सुनील मोदी, दीपक मोदी, सुनील खंडेलवाल आदि मौजूद थे। टीम की ओर से डॉ अभिषेक रामधीन, संजय अखौरी, नवजोत अलंग रूबल, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, मनीष सराफ, मुकेश अग्रवाल, राम बांगड़, प्रवीण लोहिया, सुनील सरावगी, अनिल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सीए जेपी शर्मा, पूजा ढाढा, आस्था किरण, निधि झुनझुनवाला, नवीन जैन, अनीश बुधिया, अमित किशोर अग्रवाल, साहित्य पवन आदि गिरिडीह पहुंचने वालों में मुख्य थे।

## आरटीइ मान्यता के लिए पुनः आवेदन से छूट दे सरकार : आलोक कुमार दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने रविवार को प्रेस वार्ता में झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग पर गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 2019 से पहले स्थापित निजी और सरकारी दोनों प्रकार के विद्यालयों को आरटीई मान्यता के लिए पुनः आवेदन करने की बात कहना उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना होगी। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश (पॉइंट नंबर 51, पेज 17-18) में स्वयं सरकार ने अपने शपथ पत्र में स्वीकार किया है कि 2019 से पूर्व स्थापित विद्यालयों पर आरटीइ के 25वें संवैधानिक संशोधन का प्रावधान लागू नहीं होगा। सरकार ने यह भी माना है कि यह नियम निजी और सरकारी दोनों विद्यालयों पर समान रूप से लागू होता है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब 1920, 1953 या उससे पहले स्थापित सरकारी विद्यालयों को इस नियम से छूट है, तो निजी विद्यालयों को क्यों बाध्य किया जा रहा है? इसके अलावा, 2019 से पूर्व स्थापित निजी विद्यालय पहले ही मान्यता प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें जैक कोड भी प्रदान किया गया है और सरकार के आदेश से वे आठवीं बोर्ड परीक्षा भी आयोजित कर रहे हैं। ऐसे में पुनः आवेदन का कोई औचित्य नहीं है। दुबे ने चेतावनी दी कि यदि सरकार अपने ही शपथ पत्र से पीछे हट कर 2019 से पहले स्थापित विद्यालयों को मान्यता के लिए पुनः आवेदन करने को बाध्य करती है, तो पासवा माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार एक जनकल्याणकारी सरकार है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जन-जन के नेता हैं। उन्हें विश्वास है कि मुख्यमंत्री इस विषय पर संज्ञान लेकर 2019 से पहले स्थापित निजी विद्यालयों को राहत प्रदान करेंगे। अंत में श्री दुबे ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से अपील की कि वे मुख्यमंत्री के समक्ष न्यायालय के आदेश और सरकार के शपथ पत्र की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करें, ताकि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में भ्रम की स्थिति न बने और निजी विद्यालयों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये।

## जीवित्पुत्रिका व्रत : संतानों की सलामती के लिए माताओं ने रखा निर्जला उपवास



**रांची (आजाद सिपाही)।** संतानों के दीर्घायु और उनके उज्जवल भविष्य की कामना से माताओ ने जीवित्पुत्रिका व्रत रखा। माना जाता है कि इस व्रत को धारण कर नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना और कथा श्रवण करने वाली माताओं का गोद भरा रहता है। बाल-बच्चों को रोग-शोक और दुःख नहीं सताता। उनका भविष्य उज्जवल और सुख-शांति पूर्ण होता है। इसी भाव से बड़ी संख्या में महिलाएं ज्यूतिया व्रत-पूजन करती है। मौके पर रविवार को यूं तो घरो में पूजा-अर्चना की ही गयी। साथ ही शहर के विविध मंदिरों में भी समूह में पूजन का खास आयोजन किया गया। पिस्का मोड़ विश्वनाथ शिव मंदिर के किन्नू पंडित और बोड़या प्राचीन मंदिर के आचार्य अजय मिश्रा ने बताया कि ज्यूतिया व्रत माताओं के उस स्वरूप का प्रतीक है, जिसमें मां अपनी संतान की दीर्घायु और सुखी जीवन के लिए सबसे कठिन तपस्या करती है। अजय मिश्र ने बताया कि सोमवार को सुबह साढ़े छह बजे अष्टमी तिथि के समापन के साथ व्रति परण कर सकती हैं।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी डॉ सिरीवेला प्रसाद कल झारखंड आयेंगे



**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और झारखंड सह प्रभारी डॉ सिरीवेला प्रसाद का चार दिवसीय झारखंड प्रवास पर 16 सितंबर को आएंगे। रविवार को उक्त जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने दी। उन्होंने बताया कि डॉ प्रसाद 16 सितंबर को विजयवाड़ा से प्रस्थान कर रांची पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम रांची में करेंगे। 17 सितंबर को वे चाईबासा, चक्रधरपुर और जमशेदपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान चाईबासा नगर परिषद, चक्रधरपुर नगर परिषद के चयन समिति, यूएलबी पर्यवेक्षकों, वार्ड अध्यक्षों और नगर परिषद के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। वहीं 18 सितंबर को डॉ प्रसाद जमशेदपुर से चाकुलिया और जुगसलाई के दौरे पर रहेंगे। यहां वे नगर पंचायत और नगर परिषद की चयन समिति, यूएलबी पर्यवेक्षकों और स्थानीय नेताओं से बातचीत करेंगे। मुंजनी ने कहा कि इसके बाद वे जमशेदपुर लौटकर मानगो नगर निगम की चयन समिति और कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे। 19 सितंबर को वे गिरिडीह और 20 सितंबर को सिमडेगा में भी बैठक करेंगे।

## चार ज्योतिर्लिंग व स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन करें भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का संचालन 25 अक्टूबर से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** चार ज्योतिर्लिंग और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी यात्रा के लिए विशेष भारत गौरव एक्सप्रेस चलाने का फैसला लिया गया है। नौ दिवसीय यात्रा पैकेज में देश के चार प्रमुख ज्योतिर्लिंग मंदिरों के साथ आधुनिक भारत की पहचान बन चुके स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन कराया जायेगा। इस भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का संचालन 25 अक्टूबर से शुरू होगा। यात्रा की शुरुआत अमृतसर से होगी और इसमें जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली कैंट और रेवाड़ी से यात्री ट्रेन में सवार हो सकेंगे। इस यात्रा में उज्जैन के महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर, द्वारका के नागेश्वर तथा सोमनाथ (गिर-सोमनाथ) ज्योतिर्लिंग मंदिरों के साथ गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर और केवडिया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन कराया जायेगा।

ट्रेन में कुल 762 यात्री यात्रा कर सकेंगे। इन्हें इकोनॉमी, स्टैंडर्ड और कम्फर्ट श्रेणियों में विभाजित किया जायेगा। किराया 19,555 रुपये से 39,410 रुपये प्रति यात्री तक होगा। पैकेज में शाकाहारी भोजन, आवास, ट्रांसफर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, बीमा और सुरक्षा की सुविधा दी जायेगी। हालांकि स्मारकों के प्रवेश शुल्क, व्यक्तिगत खर्च और टिप्स इसमें शामिल नहीं होंगे।

आइआरसीटीसी ने इस यात्रा को वन-स्टॉप स्पिरिचुअल और कल्चरल टूरिज्म पैकेज के रूप में प्रचारित किया है। ज्योतिर्लिंग मंदिर जहां प्राचीन धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, वहीं स्टैच्यू ऑफ यूनिटी आधुनिक भारत के राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है।

आइआरसीटीसी ने यात्रियों को मान्य पहचान पत्र साथ लाने और यात्रा से पहले स्वास्थ्य की जांच कराने की सलाह दी है। कंपनी का मानना है कि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के श्रद्धालुओं में इस पैकेज की भारी मांग रहेगी, क्योंकि एक ही यात्रा में चार पवित्र ज्योतिर्लिंगों और एक राष्ट्रीय धरोहर का दर्शन संभव होगा। आरक्षण आइआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट और चंडीगढ़ एवं दिल्ली स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में किया जा सकता है।

# रमेश सिंह फिर चुने गये चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

- मुख्य संरक्षक बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, दीपक प्रकाश, संजय सेठ, सुदेश कुमार महतो, आशा लकड़ा, सीपी सिंह, आदित्य साहु, प्रदीप वर्मा रहेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने रविवार को सस्थापक सदस्य जैनेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति पुरानी कमेटी को भांग का नयी कमेटी का गठन किया। वहीं पुनः रमेश सिंह को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। रामानंद ठाकुर महासचिव चुने गये। रमेश सिंह के मनोनय के बाद सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने माला पहनकर स्वागत किया। रमेश सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा दुर्गा उत्सव की तैयारी वृहद रूप से की जा रही है। पूजा पंडाल दर्शन करने आये दर्शनार्थियों को सनातन संस्कृति का बोध कराते हुए जीवन से लेकर मृत्यु तक के चक्र का चित्रण प्रस्तुत करेगा। साथ ही पूजा के दौरान धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन बेहद मनोरम होगा। वहीं रमेश सिंह ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

पूजा समिति ने मुख्य संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, राज्य रक्षा मंत्री भारत सरकार संजय सेठ, आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, राष्ट्रीय मंत्री भाजपा सह अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य आशा लकड़ा, विधायक सीपी सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहु, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा को बनाया है। संस्थापक सदस्य जैनेंद्र प्रसाद, **संरक्षक :** संदीप बर्मन, डॉ राजेश गुप्ता,विनय कुमार सिंह, कमलेश कुमार अरोरा, अशोक यादव, डॉ मिंटू चौबे, विजय सिंह, दिलीप गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, **कार्यकारी अध्यक्ष** राजू वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, मुन्ना चौरसिया, प्रदीप बर्मन, संतोष आदित्य, महावीर सिंह, संदीप सिंह, नीरज सिंह। **उपाध्यक्षः** कृष्णा साव, सुमित कुमार सिंह, संदीप सिंह, विकाश बर्मा, रमेश कुमार काजू, दीपक कुमार बर्मा, सूरज प्रकाश, दिलीप सिंह, नीरज बर्मा, बिक्कू सिंह, निर्मल शर्मा, सोनू दुबे, विनय राज, किशोर श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शर्मा, आशीष चंद्रा, मुकेश सिंह, संदीप राणा, विशाल जोशी, सुधाकर चोबे, अरुण जसुजा, नीतीश सिंह। कार्यकारी सचिव हरीश कुमार, बबलू वर्मा। **संयुक्त सचिव :** अनीश गुप्ता, नीतीश सिंह, सुमित लोहरा, चेतन प्रकाश, अजीत कुमार, गोलू, रवि वर्मा, अभिषेक पाठक, सुनील वर्मा, राजेश चौधरी, सुनील साहू, प्रदीप बर्मा, संजय गुप्ता, अमन जायसवाल, शुभम मोदी, महेश सोनी, राजू सिंह। **कोषाध्यक्ष** जयप्रकाश वर्मा, **सह कोषाध्यक्ष** ओम बर्मा, बिक्की बर्मा, पूजा प्रभारी प्रदीप बर्मन, बिनोद कुमार सिंह, अरुण रॉय, दुबराज महतो, अजीत कुमार, संदीप कुमार। **पंडाल प्रभारीः** रमेश कुमार काजू, धर्मेंद्र शर्मा, शुभम मोदी महेश बर्मा, सत्यजीत ग्यून, रोहन, प्रशांत कुमार, हर्ष कुमार, बन्नू, वीरन, नमन भारतीय, सत्यम वर्मा, प्रिंस वर्मा, राजन लोहार अशुं रजक, रोशन वंमा, रीशु गुप्ता, आयुष गुप्ता, रोहित सिंह, रोहन लोहारा, प्रिंस, हर्ष लोहारा, राजू वर्णवाल। **मीडिया प्रभारीः** अभिषेक कुमार पाठक,सूरज प्रकाश, कुंदन कुमार। **कार्यकारिणी सदस्य** सौरव वर्मा, शुभम कुमार, प्रतीक, लुभाशु, सूर्य कांत सिंह, अंकित साव, रवि वर्मा, सूरज जयसवाल, राहुल सिंह, अजय शर्मा, राज कुमार, भीम सिंह, मनीष जायसवाल, नितेश गुप्ता, रवि वर्मा, राहुल गुप्ता, विशाल गुप्ता, कुमार गौरव, शिवम वर्मा, आयुष राज, पृथ्वीराज सिंह, संदीप गुप्ता, राहुल परमानिक, रोहन लोहारा, पियूष वर्मा, संतु गौस्वामी, महावीर विश्वकर्मा, निखिल शर्मा, अंकित शर्मा, आयुष राज बर्मा, अनिल सिंह, गोल्डी सिन्हा, अंकित वर्मा, बजरंग, राहुल वर्मा, राहुल लोहरा, जितेंद्र, प्रशांत, रोहित सिंह, अंकित उपाध्याय, रामप्रसाद साव, राजू साहू, तपन राउत, शिवसागर, अजीत कुमार, सम्मी सिंह, आशुतोष कुमार। विशेष आमंत्रित सदस्यःबबलू मुंडा, सबलू मुंडा, आनंद वर्मा, सतीश चंद्रा, कुमुद वर्मा। कानूनी सलाहकारःविनोद सिंह, लक्की कूपन प्रभारीःसुमित लोहरा, अमित कुमार, हर्ष कुमार, सागर बर्मा, सत्यजीत। एड प्रभारी और स्टॉल प्रभारी दीपक बर्मा, बबलू बर्मा, रमेश काजू शामिल है।

## रांची महानगर श्रीदुर्गा पूजा समिति के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

**94 वर्षीय हीरालाल साहू ने किया शुभारंभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बिहार क्लब, कचहरी में रविवार को महानगर श्रीदुर्गा पूजा समिति के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन हुआ। 94 वर्षीय हीरालाल साहू ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यालय का शुभारंभ किया। साथ ही हुई सभा को संबोधित करते हुए हीरालाल साहू ने सभी को दुर्गोत्सव की बधाई दी। कहा कि राजधानी के दुर्गोत्सव का अलग ही महत्व है। मां की पूजा का इस बार भी ऐतिहासिह और भव्यता के साथ होनी चाहिए। समिति के पदाधिकारी और सदस्य तन-मन और धन से समर्पित हो कर सहयोग करें। आजीवन मुख्य संयोजक डॉ अजीत सहाय ने बताया कि रांची में समिति 1972 में गठित की गयी थी, जिसका नाम था रांची नगर श्री दुर्गा पूजा समिति। इसमें सात सदसीय संयोजक कमेटी बनायी गयी थी। बाद में 1978 ई0 में इसका नाम रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति रखा गया तब से लेकर आज तक हम-सब मिलजुल कर सामाजिक सद्भाव के साथ पूजा को भव्य तरीके से मनाते आ रहे हैं। इससे जुड़े पूजा पंडालों में जिस तरह के भी सहयोग की जरूरत होती है, महानगर समिति अपनी सेवा देती है। डॉ अजीत ने सभा के दौरान राजीव रंजन प्रसाद, जयसिंह यादव, राजा सेन गुप्ता, प्रदीप राय बाबू, राजन वर्मा, बिनोद सिंह, संजय सिन्हा गोपू, रवींद्र वर्मा, अमर नाथ साहू और समीर सिंह संग बुजुर्ग हीरालाल को चुनड़ी भेंट कर सम्मानित भी किया। अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू ने कहा कि इस वर्ष मुझे अध्यक्ष बनाया गया है। मुझ पर सभी ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरेंगे। तन-मन और धन से पूजा आयोजन में अपनी भागीदारी निभायेंगे। सभा का संचालन महामंत्री रविंद्र वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन वरीय उपाध्यक्ष संजय सिन्हा गोपू ने किया। राजन वर्मा, रवींद्र वर्मा, दीपक ओझा, रमेश सिंह, लखपति साव, अशोक यादव, कमलेश यादव, प्रमोद जायसवाल, बलराम प्रसाद, रंजीत कुमार, राजू राम,अमरनाथ सरकार, शंभू प्रसाद, अभिनव अंकु, गोबरा आदि इसमें हिस्सा लिया।

## दुर्गोत्सव को लेकर छात्र युवा शक्ति केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक

# नितेश महानगर अध्यक्ष और बुद्धेश्वर चुने गये जिलाध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज कलश बैंक्वेट हॉल, अपर बाजार में रविवार को हुई छात्र युवा शक्ति केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें नितेश यादव को महानगर अध्यक्ष और बुद्धेश्वर साहू को ग्रामीण जिलाध्यक्ष चुना गया। केंद्रीय अध्यक्ष कुमार रौशन ने इसकी औपचारिक घोषणा की। कुमार रौशन ने कहा कि छात्र युवा शक्ति दस सालों से सेवा देकर अपनी अलग पहचान बनायी है। इस बार भी कार्यकर्ता पंडालों में मुस्तैद रह कर श्रद्धालुओं को हरसंभव सहयोग देंगे। प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिला कर व्यवस्था संभालेंगे।

उन्होंने बताया कि इसके लिए रातु रोड में मंच के साथ बिहार क्लब के पास सेवा शिविर भी लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि शहर को पांच जोन में बांट सेवा ओर सहयोग के लिए प्रभारी नियुक्त किये जायेंगे। मंच संचालन मुकेश सोनी एवं धन्यवाद ज्ञापन अमित गुट ने किया।

**गठित समिति :** मुख्य संरक्षक सुबोध कांत सहाय, रामधन बर्मन, राजीव रंजन मिश्रा, अंबा प्रसाद, राजेश कच्छप, महानगर अध्यक्ष नितेश यादव, कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष मुकेश सोनी, राजीव चौरसिया, हर्ष यादव, बिट्टू यादव, नितेश वर्मा, महानगर महासचिव शिवम वर्मा, विकाश कुमार, शिवम तिवारी, प्रवक्ता अभिषेक दयाल सिंह, महानगर सचिव सुनील यादव, अजीत गुप्ता, मंतोष पांडेय, अरुण साव और विधि विभाग का प्रमुख कुष्मांकर श्रीवास्तव को बनाया गया। साथ ही निक्की यादव, बीरू सिंह को केंद्रीय उपाध्यक्ष, बंटी श्रीवास्तव को केंद्रीय कोषाध्यक्ष, अश्विनी कुमार रवि कुमार को केंद्रीय प्रवक्ता बनाया गया।

# 'डुप्लीकेट' का बोलबाला!

देश में नकली खाद्य पदार्थों, दवाइयों, खादों, कीटनाशकों, करंसी आदि की बातें तो सुनी जाती थीं, पर अब यह बीमारी नकली सिविल एवं पुलिस अधिकारियों आदि तक पहुंच गयी है और इसमें महिलाएं भी शामिल पायी जा रही हैं, जिसके मात्र 2 सप्ताह के उदाहरण दर्ज हैं : 22 अगस्त को दिल्ली के विवेक विहार इलाके में नकली सीबीआइ अधिकारी बन कर आये गैंग द्वारा एक प्रापर्टी डीलर के दफ्तर से 2.3 करोड़ रुपये की लूट के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे 1.8 करोड़ रुपये बरामद किये। इन फर्जी अधिकारियों पर प्रापर्टी डीलर के 2 कर्मचारियों को बुरी तरह पीटने, दफ्तर में रखा कैश उठा कर ले जाने और उन्हें बंधक बना कर अलग-अलग स्थानों पर धमकाते हुए गाड़ी से उतार देने का आरोप है। 27 अगस्त को धौलपुर (राजस्थान) में सदर थाना की पुलिस ने पश्चिम बंगाल के रहने वाले सुप्रियो मुखर्जी नामक एक फर्जी पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार किया, जो लोगों पर धौंस जमाने और टोल टैक्स से बचने के लिए पुलिस की वर्दी पहन कर घूमता और लोगों को ठगता था। उसने अपनी गाड़ी पर नीली बत्ती तथा वर्दी पर 3 स्टार भी लगा रखे थे। संदेह होने पर उसकी गाड़ी को रोक कर जब अधिकारियों ने उससे पूछताछ की तो वह स्वयं को कभी होमगार्ड और कभी एनसीजी (नेशनल कोस्ट गार्ड) का अधिकारी बताने लगा। उसके बयान में अंतर पाये जाने पर गहन पूछताछ के दौरान उसकी जालसाजी का भंडाफोड़ होने पर अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी कार की तलाशी लेने पर एयरगन, कारतूस, लैपटाप तथा फर्जी आइडी कार्ड आदि बरामद हुए। 4 सितंबर को लखनऊ में स्वयं को आइएएस अधिकारी बता कर लोगों से ठगी करके शाही जिंदगी बिताने वाले सौरभ त्रिपाठी को गिरफ्तार करके पुलिस ने उसके पास से 3 इनोवा कारों के अलावा नीली बत्ती लगायी हुई रेंज रोवर डिफेंडर, मर्सिडीज बैंज और टोयोटा फार्च्यूनर जैसी 6 सुपर लग्जरी कारें जब्त कीं, जिनके दस्तावेज भी जांच के दौरान जाली पाये गये। इसके अलावा उसके पास से उत्तर प्रदेश सचिवालय में एंट्री के लिए बनाये गये फर्जी पास तथा अन्य चीजें भी बरामद की गयीं। विभिन्न सरकारी विभागों में तबादलों और ठेके दिलाने आदि के नाम पर दलाली करने वाला यह ठग 60,000 रुपये मासिक किराये के फ्लैट में रहता था। वह अपने शौक पूरे करने के लिए एक महीने में लगभग 10 लाख रुपये मासिक खर्च करता था। अधिकारियों के अनुसार सौरभ की लखनऊ, नोएडा, मऊ और बिहार में सम्पत्तियां मिली हैं तथा इसकी पत्नी भी इंजीनियर है, जो लगभग 1 लाख रुपये वेतन पाती है 5 सितंबर को रायपुर में स्वयं को क्राइम ब्रांच का सिपाही बताने वाले आशीष घोष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे स्पष्ट है कि देश में जालसाजी करके लोगों को ठगने की बुराई किस कदर बढ़ रही है।

**लखनऊ में स्वयं को आइएएस अधिकारी बता कर लोगों से ठगी करके शाही जिंदगी बिताने वाले सौरभ त्रिपाठी को गिरफ्तार कर-के पुलिस ने उसके पास से 3 इनोवा कारों के अलावा नीली बत्ती लगायी हुई रेंज रोवर डिफैंडर, मर्सिडीज बैंज और टोयोटा फार्च्यूनर जैसी 6 सुपर लग्जरी कारें जब्त कीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नरेंद्र मोदी आरएसएस के प्रचारक बने 1970 के शुरुआती दौर में। 1977 में आपातकाल के बाद जब वे विभाग प्रचारक के रूप में एक कुशल संगठनकर्ता बन कर उभरे, तब उनकी कार्यशैली का मुख्य आधार कार्यकर्ता निर्माण रहा। 1980 के दशक में गुजरात में संगठन का विस्तार बहुत सीमित था। उस समय किसी एक तालुका में शाखा स्थापित करना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी, लेकिन युवा नरेंद्र मोदी की दृष्टि अलग थी।**

# नरेंद्र मोदी और कार्यकर्ता निर्माण: संगठन की असली ताकत



बीएल संतोष

संगठन की शक्ति वहीं खिलती है, जहां कार्यकर्ता तपस्वी बन कर खड़े होते हैं। यही दर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा और उनके सामाजिक - संगठनिक दृष्टिकोण का मूल मंत्र रहा है। नरेंद्र मोदी ने हमेशा कार्यकर्ताओं को संगठन का हृदय माना और उन्हें तैयार करना, प्रशिक्षित करना और सशक्त बनाना अपने प्राथमिक कार्यों में रखा। उनका मानना था कि संगठन केवल ढांचा नहीं है, बल्कि उस ढांचे में कार्यकर्ताओं की क्षमता, अनुशासन और समर्पण ही असली ताकत हैं।

नरेंद्र मोदी आरएसएस के प्रचारक बने 1970 के शुरुआती दौर में। 1977 में आपातकाल के बाद जब वे विभाग प्रचारक के रूप में एक कुशल संगठनकर्ता बन कर उभरे, तब उनकी कार्यशैली का मुख्य आधार कार्यकर्ता निर्माण रहा। 1980 के दशक में गुजरात में संगठन का विस्तार बहुत सीमित था। उस समय किसी एक तालुका में शाखा स्थापित करना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी, लेकिन युवा नरेंद्र मोदी की दृष्टि अलग थी।

**मोदी कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध और व्यवस्थित रूप से काम करना सिखाते थे।**

उनका मानना था – हर गांव में शाखा होनी चाहिए। इसके लिए वह हर शाखा की जिम्मेदारी एक कार्यकर्ता को देते और समय-समय पर उसकी प्रगति की जानकारी लेते। कौन मुख्य शिक्षक है, क्या गतिविधियां हुईं, कौन शाखा में अनुपस्थित रहा और क्यों–इन सब विवरणों पर बारीकी से ध्यान रखा जाता।

संघ के 60 वर्ष पूरे होने पर 1985 में कर्णावती (अहमदाबाद) में एक विशाल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 5000 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। शिविर की पूर्व तैयारी में मोदी गांव-गांव जाकर युवाओं से संपर्क करते और उन्हें गणवेश खरीदने हेतु प्रेरित करते। परिणामस्वरूप, सैकड़ों नये युवा न केवल शिविर में पहुंचे, बल्कि संगठन से स्थायी रूप से जुड़ भी गये। इसने गुजरात संघ में एक नयी ऊर्जा डालने का काम किया, और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के निर्माण की भी शुरुआत हुई।



**नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट था – संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं में है। अनुशासन, समर्पण और सेवा की भावना से भरे ऐसे कार्यकर्ता किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हैं। यही कारण है कि आज संगठन केवल राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना बन चुका है।**

मोदी कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध और व्यवस्थित रूप से काम करना सिखाते थे। उदाहरण के लिए 1980 के दशक की शुरुआत में राजकोट के पीडी मालवीय कॉलेज में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेने वाले कार्यकर्ता अभी भी याद करते हैं कि उन्होंने स्थानीय लोगों से सर्वे कर संगठन की छवि समझने और परिणामों को सांख्यिकीय विधियों के माध्यम से प्रस्तुत करने का नया प्रयोग कराया। यह केवल सीख ही नहीं, बल्कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक तरीकों और योजनाबद्ध सोच का संदेश भी था।

नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं को आचरण और शिष्टाचार के व्यावहारिक उदाहरणों से प्रेरित करते थे। छोटी आदतें, जैसे सुव्यवस्थित रहना, दरवाजा खटखटा कर प्रवेश करना, घरवालों का आत्मीयता से कुशल-क्षेम पूछना – यह सब उन्हें जिम्मेदार और सम्मानित कार्यकर्ता बनाते थे। उनके प्रशिक्षण से कार्यकर्ता न केवल संगठन के सदस्य बने, बल्कि समाज में आदर्श प्रतिनिधि भी बने। नरेंद्र मोदी कठिन परिस्थितियों एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के समय कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को व्यक्तिगत नैतिक सहयोग दिया करते थे, जिसे कई कार्यकर्ता आज भी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं।

1987 में भाजपा गुजरात के संगठन मंत्री बनकर उन्होंने यही कार्यकर्ता निर्माण राजनीतिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए भी करने शुरू किया। 1980 के दशक में गुजरात भाजपा के संगठन पर्व के माध्यम से हजारों नये कार्यकर्ता संगठन से जुड़े।

अनुशासन और जवाबदेही मोदी की कार्यशैली का मूल था। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सबक दिया कि अनुशासन, समर्पण और जवाबदेही संगठन की मजबूती की नींव हैं। वे खुद बैठकों में एक मिनट भी देर नहीं करते थे और अगर कोई देर से आता, तो उन्हें बाहर रह कर बैठक में भाग लेने को कहते थे।

मोदी ने संगठन में सामाजिक संतुलन और चुनावी रणनीति दोनों में नयी दिशा दी। पदाधिकारियों के चयन में सामाजिक संतुलन सुनिश्चित की और 1987 के अहमदाबाद नगर निगम चुनावों में बूथ जीतो रणनीति से कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय और लक्ष्य केंद्रित बनाया।

साथ ही, मोदी व्यक्तिगत आचरण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आत्मविश्वास और क्षमता बढ़ाते थे। पहली बार पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ता को उन्होंने भरोसा दिलाया और बूथ संगठन, सदस्यता विवरण और सामूहिकता के महत्व की व्याख्या विस्तार से करते थे।

परिणामस्वरूप, केवल कुछ महीनों में लाखों नये सदस्य जुड़े और मजबूत कार्यकर्ता खड़े हुए।। भाजपा संगठन मंत्री रहते हुए उन्होंने टिफि न बैठक जैसी पहल से कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को संगठन से भावनात्मक रूप से जोड़ा।

संगठन निर्माण में मोदी केवल ढांचे और रणनीति तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता बनने की शिक्षा दी। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को कनिष्ठों के साथ सहयोग और जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। आलोचना पर संतुलित प्रतिक्रिया और प्रशंसा पर संयम, ये सब मोदी की कार्यकर्ता- निर्माण की मूल रणनीति का हिस्सा थे।

नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट था – संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं में है। अनुशासन, समर्पण और सेवा की भावना से भरे ऐसे कार्यकर्ता किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हैं। यही कारण है कि आज संगठन केवल राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना बन चुका है। मोदी की कार्यकर्ता-निर्माण की यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश देती है कि यदि जड़ों को सींचा जाये, तो शाखाएं अपने आप फलती-फूलती हैं और वृक्ष युगों तक अडिग खड़ा रहता है।


## कोल्हान की खबरें

### आरएससीजी चैलेंज फुटबॉल टूर्नामेंट में मार्डी स्पोर्टिंग ने जीता खिताब



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सालगाजुड़ी फुटबॉल मैदान में रविवार को 21वें आरएससीजी चैलेंज फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला खेलबॉय और मार्डी स्पोर्टिंग के बीच खेला गया, जिसमें कड़े मुकाबले के बाद मार्डी स्पोर्टिंग को विजेता घोषित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी मौजूद रहे। क्लब के सदस्यों द्वारा उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। फाइनल मुकाबले से पहले विधायक ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि के हाथों नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक मंगल कालिंदी ने कहा खेल युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि टीम भावना और अनुशासन भी सिखाता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए क्लब के प्रयासों की सराहना की ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी, स्थानीय ग्रामीण और क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागी टीमों और सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

### राहरगोड़ा में डेंगू, मलेरिया और टायफाइड से बचाव के लिए सामाजिक सेवा संघ ने शुरू की पहल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** राहरगोड़ा क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए सामाजिक सेवा संघ ने स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान की शुरूआत की है। रविवार को संघ के कार्यालय परिसर में क्षेत्रवासियों के बीच ब्लीचिंग पाउडर का वितरण किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत ने बताया कि बारिश के मौसम में जलजमाव और गंदगी के कारण मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है, जिससे डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग नालियों और जलजमाव वाले स्थानों में करने से कीटाणु और मच्छर पनपने से रोके जा सकते हैं ।राजेश सामंत ने कहा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और क्षेत्र के अन्य मोहल्लों में भी जागरूकता और सामग्री वितरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें और स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन करें। क्षेत्रवासियों ने संघ की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह की जनहितकारी गतिविधियां समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने में मदद करती हैं। मौके पर छोटे सरदार, सत्ताजीत डुंगडुंग,कृष्णा हेमराम, दिनेश प्रजापति,सोनू श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

### गेंगाड़ा में प्रस्तावित पांच सौ करोड़ के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड स्थित गेंगाड़ा गांव में प्रस्तावित 500 करोड़ की लागत से बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के लिए रविवार को विधायक मंगल कालिंदी और जेएससीए सचिव सौरभ तिवारी ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर 49.50 एकड़ भूमि का निरीक्षण किया। रविवार को निरीक्षण के दौरान पटमदा सीओ डॉ. राजेन्द्र कुमार दास, थाना प्रभारी, सीआई, अमीन सहित जेएससीए के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मौके पर भूमि को नक्शे में चिन्हित करते हुए स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रशासन द्वारा सकारात्मक कार्रवाई की जा रही है।विधायक मंगल कालिंदी ने कहा स्टेडियम क्षेत्र के विकास और युवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि है।श्री कालिंदी ने राज्य सरकार से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। जेएससीए सचिव सौरभ तिवारी ने भूमि को स्टेडियम निर्माण के लिए उपयुक्त बताते हुए मुख्य सड़क के चौड़ीकरण की जरूरत पर बल दिया। यह परियोजना पटमदा को खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

### हिंदी दिवस पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शुक्ल सम्मानित



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** हिंदी दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल को कोल्हान के प्रमुख अधिवक्ताओं द्वारा सम्मानित किया गया ।रविवार को कार्यक्रम का नेतृत्व अनिल कुमार महतो और रामेश्वर प्रसाद ने की। अधिवक्ताओं ने कानूनी क्षेत्र में हिंदी के उन्नयन में श्री शुक्ल के योगदान की सराहना की। श्री शुक्ल ने कहा हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है और न्यायालयों में इसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। सभी को इसके प्रचार-प्रसार में सहयोग करना चाहिए।

### पोटका विधायक संजीव सरदार ने निःशुल्क कोचिंग सेंटर सह पुस्तकालय का किया उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजद सिपाही)।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के जानमडीह पंचायत स्थित सांस्कृतिक भवन में पोटका विधायक संजीव सरदार के द्वारा जायरा उंबुल नि:शुल्क कोचिंग सह पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संसाधन उपलब्ध कराना है ।रविवार को उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण,जनप्रतिनिधि व पंचायत समिति सदस्य रघुनाथ सरदार एवं ग्राम प्रधान बुगनु सरदार सहित गणमान्य लोग उपस्तित रहे ।मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कोचिंग केंद्र की सराहना करते हुए कहा यह पहल ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देगी। उन्होंने घोषणा की लाइब्रेरी संचालन हेतु वे हर माह अपने वेतन से 10,000 रुपए सहयोग देंगे। साथ ही विधायक ने बेंच–डेस्क, कंप्यूटर एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों की व्यवस्था कराने का भी आश्वासन दिया ।ताकि नि:शुल्क कोचिंग सेंटर में गांव के स्नातक युवा स्वयंसेवक शिक्षक के रूप में कक्षा 1 से 11 तक के बच्चों को पढ़ा सके। वहीं शिक्षित बेरोजगार युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी यहीं से कर सकेंगे। विधायक श्री सरदार ने कहा शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन का मार्गदर्शक भी है, जो समाज में बदलाव और विकास की नींव रखती है। विधायक के प्रयास को ग्रामीणों ने जमकर सराहा और विधायक के सहयोग को ऐतिहासिक कदम बताया। इस अवसर पर दिनेश चंद्र सरदार, मधु सरदार, बिहारी लाल सरदार, मंगला सरदार, जीतेन सरदार, मनोरंजन सरदार, कमल सरदार, सबिलाल सरदार, राजेन सरदार, राजू सरदार एवं बिजन सरदार समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### नीमडीह में अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान, तीन भट्ठियां ध्वस्त



**नीमडीह (आजाद सिपाही)।** आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए नीमडीह पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए ग्राम जुगिलोंग के पास स्थित तीन महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया। मौके पर करीब 300 किलो जावा महुवा को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी संतन तिवारी ने बताया अवैध भट्ठी संचालकों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूर्व से चिह्नित आरोपियों पर भी निरोधात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध शराब पर नजर रखी जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में जागरूकता बढ़ने और अवैध कारोबार पर रोक की उम्मीद है।

### ईचागढ़ में शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ईचागढ़ थाना क्षेत्र के रुगरी गांव में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया ।अभियान में स्कूटी सवार बुधराम महाली को रोका गया, जिसकी तलाशी में मैकडॉवेल और आईकोनिक व्हाइट ब्रांड की 180 एमएल और 375 एमएल की कई बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई ।मौके पर आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी ।छापामारी दल में थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय, हवलदार राजेश कुमार और चौकीदार ठाकुर दास तांती शामिल रहे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने सीपी राधाकृष्णन के उप राष्ट्रपति बनने पर मनाया जश्न



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा जमशेदपुर महानगर ओबीसी मोर्चा ने सीपी राधाकृष्णन देश का 15वां उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर साकची बड़ा गोलचक्कर पर लड्डू का वितरण किया और आतिशबाजी कर उत्सव मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सागर राय ने की। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए इसे लोकतंत्र और ओबीसी समाज की जीत बताया। सागर राय ने कहा राधाकृष्णन का चयन ओबीसी समाज के सम्मान के प्रतीक है ।मौके पर चिंटू सिंह,बलबीर मंडल,राजकुमार शाह,महेंद्र प्रसाद,राज कमल यादव,विपिन यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मनोहरपुर में कोल लको बोदरा की जयंती 19 को

**गुवा (आजाद सिपाही)।** आदिवासी हो समाज महासभा, प्रखंड समिति, मनोहरपुर, गोइलकेरा एवं सोनुवा के तत्वावधान में लोगों के सुख, स्वास्थ्य और उज्ज्वल जीवन की मंगलकामना हेतु आगामी 19 सितम्बर को मनोहरपुर घाघरा फुटबॉल मैदान में आदिवासी हो समाज के गौरव, हो भाषा–बहारङ चिति लिपि के अमर जनक, गुरु कोल लको बोदरा जी की जयंती मनाया जायेगा। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप दर्जनो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर भाषा–लिपि के संवर्द्धन एवं संरक्षण पर सार्थक विमर्श तथा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जायेगी।

### रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 का लिटरेसी सेमिनार संपन्न




**जमशेदपुर (आजद सिपाही)।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 का लिटरेसी सेमिनार का आयोजन किया गया। रविवार को जमशेदपुर के रोटरी क्लबों और रोटरी क्लब ऑफ चाईबासा के संयुक्त प्रयास से आयोजित सेमिनार का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता सहित कई वरिष्ठ रोटेरियनों ने दीप प्रज्जलित कर किया। सेमिनार में साक्षरता और डिजिटल शिक्षा पर केंद्रित विचार प्रस्तुत किए गए। डीजी नम्रता ने वर्ष 2030 तक पूर्ण साक्षरता के लक्ष्य को रोटरी का संकल्प बताया। पीडीजी अंशुमन बनर्जी, पीडीजी शशि, पीडीजी राकेश व पीडीजी डॉ. आर. भरत ने डिजिटल, प्रौढ़ और तकनीकी शिक्षा की दिशा में रोटरी की भूमिका पर प्रकाश डाला ।केरल पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन व समन्वय सेमिनार चेयर रोटेरियन श्वेता चांद के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम पैनल चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र और धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न किया गया।

# प्रशासन की लापरवाही से यूरिया खाद के लिए तरस रहे हैं किसान

## खाद के लिए सुबह से शाम तक लाइन लगाकर खड़े हो रहे हैं किसान, फिर भी मयस्सर नहीं

**अरुण कुमार चौबे**

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बीते कई दिनों से हुई भारी बारिश से किसानों की खरीफ फसल को काफी बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान हुआ है। इधर किसी तरह किसानों ने ऊंचे दर पर कर्ज लेकर धान की रोपायी तो कर दी, उसके बाद धान की फसल के लिए बारिश भी अच्छी खासी हुई पर किसानों के मंसूबे पर तब पानी फिरने लगा, जब पूरे क्षेत्र में किसान यूरिया खाद की किल्लत से जूझने लगे। कुछ जगहों पर 400 से 500 प्रति रुपये बैग के हिसाब से खाद मिल रहा था, पर प्रशासन की लापरवाही की वजह से यूरिया खाद की किल्लत हो गयी। अब हाल यह है कि किसान अहले सुबह से रात्रि तक दुकान में लाइन लगा कर बैठे हैं पर खाद नसीब नहीं हो रहा है।

**शनिवार को किसानों का और मजाक उड़ाया :** प्रखंड क्षेत्र स्थित किसान खाद बीज एवं कीटनाशक भंडार के संचालक ने। किसानों को भोर से ही दुकान के सामने आने को कहकर पूरे दिन इंतजार करवाया और भूखे प्यासे किसान इंतजार करते रहे पर उनकी बेबसी पर संचालक को तनिक भी दया नहीं आयी।

क्षेत्र में खाद की बिक्री की किल्लत को और कालाबाजारी की जांच करने के लिए आजाद सिपाही की टीम ने शुक्रवार की रात्रि तक निगरानी किया, उसके पश्चात शुक्रवार - शनिवार की मध्य रात्रि से ही ग्राहक बनकर बैठे रहे और संचालक से बार-बार पूछते की खाद कब मिलेगा, तो उन्हें आश्वासन देकर बैठा दिया जाता।



खाद के अभाव में धान की स्थिति और खाद लेने के लिए दुकान पर किसानों की लगी भीड़।

**रोजगार सेवक चार वर्षों से एक ही पंचायत में कार्यरत है :** विदित हो कि दुकान के संचालक राजेश शुक्ला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत में चार वर्षों से रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत हैं। खाद दुकान अपने पिता के नाम पर रजिस्ट्रेशन करा दिये हैं जबकि वास्तविक सच्चाई यह है कि इनके पिता खाद भंडार पर आते ही नहीं हैं सारा देख रेख रोजगार सेवक राजेश शुक्ला ही करते हैं। यह बड़े ही ताजूब की बात है की एक रोजगार सेवक किसी एक पंचायत में चार वर्षों से एक ही पंचायत में कैसे कार्यरत हैं।

वहीं मौके पर उपस्थित किसान रामेश्वर रजवार, उदेश्वर रजवार, जगदीश पासवान, रामपुकार राम, ने यह आरोप लगाया कि उनके द्वारा पहले से ही खाद के लिए कई लोगों से एडवांस पैसे लेकर रख लिए गए थे उसके बाद किसानों को बरगलाने के लिए अन्य किसानों को 10 किलो खाद लॉलीपॉप देकर अपने चहेते को खाद दे दिया गया। अब ऐसा उनके द्वारा क्यों किया गया यह जांच का विषय है। परंतु आजाद सिपाही के टीम के सामने पूरा दिन किसान खाद मिलने का आस देखते रहे पर खाद उनके नसीब में नहीं मिला। इस संबंध में गढ़वा एसडीओ संजय कुमार पांडे ने कहा कि संबंधित दुकान के संचालक तथा रोजगार सेवक पर जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस संबध में प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी राकेश सहाय ने कहा कि क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत लगातार सुनने को मिल रही है जो काफी चिंता की विषय है। मैं उच्च स्तरीय अधिकारियों से बात करूंगा कि कांडी प्रखंड को पर्याप्त खाद मिल सके।

### आजाद सिपाही के संवाददाता ने ग्राहक बनकर दुकान संचालक को फोन किया तो तीन बजे भोर में बुलाया

हद तो तब हो गयी जब आजाद सिपाही के संवाददाता ने ग्राहक बनकर दुकान संचालक से संपर्क किया। उन्हें बतौर ग्राहक भोर के 03 बजे बुलाया गया और रात के 03 बजे से लेकर समाचार लिखे जाने तक दुकान के पास लोगों की भीड़ लगी रही, परंतु किसानों का मजाक उड़ाते हुए प्रति किसान 10 किलो का यूरिया खाद दिया गया और यह बताया गया कि खाद की बोरी कम आया है। परंतु सवाल यह उठता है कि खाद की बोरी कम थी तो किसानों को बेवजह क्यों बुलाया गया था। आजाद सिपाही के प्रतिनिधि के साथ अन्य कई किसान भी बैठे रहे। अब सोचनीय विषय यह है की जब किसानों को बुलाया गया था तो उन्हें दस किलो खाद ही क्यों नहीं दिया गया। उन्हें बार-बार यह आश्वासन दिया गया कि आप लोगों को अब खाद मिलेगा, अब खाद मिलेगा और वहीं उसी दुकान पर दुकान के संचालक के चहेते लोगों को बारी-बारी से खाद दिया जाने लगा और बाकी लोग जो गरीब किसान थे। वह बैठकर खाद मिलने का राह देखते रहे, परंतु इस बात का असर उस दुकान के संचालक राजेश शुक्ला पर तनिक भी नहीं आया। वह बार-बार यही कहते रहे कि हम क्या करें, हमारे पास कम खाद उपलब्ध है। अब ताजुब की बात यह है कि जब उनके पास कम मात्रा में खाद उपलब्ध थी तो वह किसानों को पूरे दिन क्यों बैठाये रहे। बार-बार यही कहते रहे की थोड़ी देर बाद आप लोगों को मिलेगी।

## जिला में इस वर्ष दो हजार स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की जायेगी: सुरेंद्र



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला में इस वर्ष दो हजार स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की जायेगी। इस संबंध में विश्वकर्मा समाज के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि इस वर्ष पूजा पर करीब 35 लाख रुपए का खर्च आयेगा। इसमें पंडाल निर्माण, विद्युत सज्जा, प्रसाद वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सुरक्षा व्यवस्था शामिल है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा पूजा मुख्य रूप से तकनीशियन, बढ़ई, राजमिस्त्री, लोहार, ड्राइवर और मेकैनिक समाज से जुड़े लोगों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है।

# अवैध रिश्ते में युवती बनी मां अव्यवस्था की भेंट चढ़ी बच्ची

- 60 साल के बुजुर्ग ने किया था यौन शोषण, बाद में मुकर गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सगमा (गढ़वा)।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आयी है। यहां 21 वर्षीय अविवाहित दलित युवती ने पूरे नौ महीने गर्भ में बच्चे को रखने के बाद रविवार को एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश बच्ची ने जन्म के तुरंत बाद दम तोड़ दिया। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बन गयी है और पीड़िता तथा उसका परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है। रविवार की सुबह जब युवती को अचानक प्रसव पीड़ा हुई, तो उसके परिजन आनन-फानन में ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धुरकी ले जाने लगे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसने बच्ची को जन्म दे दिया। जन्म लेते ही बच्ची की मौत हो गयी। इसके बाद परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर मौजूद एएनएम रेनु कुमारी ने युवती को भर्ती कर इलाज शुरू किया।



### आरोपी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए : परिजन

परिजनों का कहना है कि आरोपी ने न केवल बेटी का भविष्य बर्बाद किया, बल्कि समाज में उसका अपमान भी किया। उन्होंने मांग की है कि पीड़िता को इंसाफ मिलना चाहिए और आरोपी को कड़ी सजा दी जानी चाहिए। इस मामले को लेकर घघरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम ने कहा कि यह मामला पूरी तरह सही है और इस गरीब दलित युवती को न्याय मिलना ही चाहिए।

### आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जा रही है : थाना प्रभारी

इधर, धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कहा कि पीड़िता की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त हुई है आवेदन के आलोक में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पीड़िता और उसके परिजनों ने आरोप लगाया है कि गांव का ही 60 वर्षीय अविवाहित अधेड़ यमुना प्रसाद जायसवाल इस घटना के लिए जिम्मेदार है। करीब एक वर्ष पूर्व उसने युवती के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने शादी का झांसा दिया और भरोसा दिलाया कि वह भी अविवाहित है तथा उसकी भी अभी तक शादी नहीं हुई है।

आरोपी ने कहा कि उसका कोई वारिस नहीं है, इसलिए वह युवती से विवाह कर उसे अपनी पत्नी का दर्जा देगा। इसी वादे और भरोसे पर वह युवती से लगातार संबंध बनाता रहा। लगातार यौन शोषण के कारण युवती गर्भवती हो गयी। जब उसने और उसके परिजनों ने आरोपी को गर्भधारण की जानकारी दी और शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने उन्हें दिलासा देते हुए कहा कि गर्भ को नष्ट मत करना, बच्चे को जन्म देना, इसके बाद मैं तुमसे विवाह कर लूंगा। इसी भरोसे पर युवती ने पूरे नौ महीने गर्भ में बच्चे को पाला। लेकिन जैसे ही बच्ची का जन्म हुआ और मामला खुलकर सामने आया, आरोपी ने युवती को अपनाने से साफ इंकार कर दिया।

## झामुमो के सवाल पर मेराल भाजपा ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

# गढ़वा विधायक के प्रतिनिधि सक्रिय हैं, विधायक पर क्षेत्र की जनता गर्व करती है : डॉ लालमोहन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के प्रतिनिधि सक्रिय हैं ऐसे विधायक पर गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र की जनता गर्व करती है, उक्त बातें रविवार को मेराल प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। भाजपा नेताओं ने झामुमो के सवाल पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मेराल प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि घटना की जानकारी मिलते ही वहां पहुंचते हैं और समस्या का समाधान कराने का काम करते हैं। वर्तमान में कोई भी विधायक प्रतिनिधि जनता का शोषण एवं धार्मिक उन्माद फैलाने में आगे नहीं है, बल्कि यह कार्य शुरूआत से ही झामुमो के नेताओं का रहा है। जिसको जनता भली भांति जानती वह समझती है।



भाजपा नेताओं ने धीरज दुबे का नाम लिए बगैर कहा कि जिनको लोग केंद्रीय प्रवक्ता बोलते थे, केंद्रीय प्रवक्ता के नाते सभी को संबोधित करते थे बाद में पता चला वह मीडिया पैनलिस्ट हैं। नेताओं ने झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार वादा खिलाफी कर रही है, मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को पैसा देने की बजाय हजारों लाभुकों का नाम काटा जा रहा है। सरकार सिर्फ मुस्लिम त्योहार के समय कुछ अपने चहेते क्षेत्रों के लोगों को राशि डालने का कार्य करती है।

पेशका और ओखरगाडा को प्रखंड बनाने, किसानों के धान का बकाया पैसा दिलाने, प्रखंड के कई परिवार आज भी चुंआडी के पानी पीने को मजबूर है इस पर उन्हें सफाई देनी चाहिए कि इसमें किसकी नाकामी है। नेताओं ने पूर्व मंत्री के कार्यकाल में कार्यकर्ताओं से पैसे उगाही करने तथा क्षेत्र में कोई भी कारगर पेयजल की योजना का उद्घाटन नहीं करने सहित अनगिनत आरोप लगाये। प्रेस वार्ता में मंडल अध्यक्ष रूपू महतो, मनोज कुमार जायसवाल, रामाकांत गुप्ता, धनंजय चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, रोहित कुमार शामिल थे।

## मेराल में जिला अजीवका संघ की बैठक में मांग और हड़ताल पर बनी रणनीति

**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल उच्च विद्यालय के स्टेडियम में रविवार को झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के बैनर तले, जेएसएलपीएस गढ़वा के स्तर 7 एवं 8 के कर्मियों की बैठक कर चल रहे सांकेतिक हड़ताल एवं आगामी अनिश्चित कालीन हड़ताल संबंधित रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड के कर्मी शामिल थे, सभी ने एक स्वर में कहा की कम वेतनमान एवं अस्थायी नौकरी के कारण सबका जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। महंगाई में बीस से बाइस हजार वेतन में घर परिवार का गुजारा करना मुस्किल हो रहा है, साथ ही नौकरी का स्थायी न होना भी चिंता को बढ़ा देता है। जेएसएलपीएस के राज्य कार्यालय से एनएमएमयू मॉडल लागू करने का आश्वासन बहुत पहले से दिया गया था, लेकिन उस पर विभाग द्वारा कोई पहल न करना हम सभी के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। सभी का विचार सुनने के बाद संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश पासवान ने कहा कि झारखंड के चौबीसों जिला के स्तर 7 एवं 8 के एकजुट हैं, इस बार तय समय सीमा के अंदर अगर हम लोगो की मांगे नहीं मानी जाती है तो झारखंड के हम सभी कर्मी 6 नवंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे। बताया कि झारखंड के सभी स्तर 7 एवं 8 के कर्मी 9 सितंबर से ही कला बिला लगाकर काम कर रहे हैं। 18 एवं 19 सितंबर को कलम बंद हड़ताल, 24 सितंबर को प्रखंड स्तरीय धरना, 25 को जिला स्तरीय प्रदर्शन तथा 7 और 8 अक्तूबर को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष धरना प्रदर्शन। 30 एवं 31 अक्तूबर को सामूहिक अवकाश पर जायेंगे।

## रोटरी क्लब ऑफ गढ़वा उदय के अध्यक्ष ने सेवानिवृत शिक्षकों को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रोटरी क्लब ऑफ गढ़वा उदय के अध्यक्ष श्याम सुंदर प्रसाद (रंका) और उनकी धर्मपत्नी पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता ने रविवार को रंका थाना मोड़ स्थित महिमा मैरेज हॉल में रंका प्रखंड क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षकों को डायरी, कलम एवं अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है।



**इनको मिला सम्मान :** सम्मान पाने वाले शिक्षकों में कुलदीप ठाकुर, मुरारी राम, अवधेश मिश्रा, विजय ओझा, अशोक पांडेय, ललिता देवी, अगस्त राम, उषा देवी, रणजीत माली, रमेश प्रसाद, रामचंद्र प्रजापति, मोहन राम, रामापांडे, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार एवं पत्रकार बंधुओं का नाम शामिल है। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ गढ़वा के रवि शंकर पांडेय एवं मनोज कुमार निराला का सराहनीय योगदान रहा।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा कि शिल्पकार, क्षमतावान और कल्याणकारी गुणों से युक्त व्यक्ति को शिक्षक कहा जाता है। शिक्षकों का राष्ट्रनिर्माण में अहम योगदान होता है। इन्हें सम्मानित कर मुझे गर्व हो रहा है।

# मुख्य बाजार ब्लॉक मोड पर खुली नाली दुर्घटना को दे रही है दावत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार ब्लॉक मोड़ स्थित तीन मुहान सरकारी दुकान के समीप निर्मित नाली खुले रहने से लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। यह मार्ग मझिआंव प्रखंड का अत्यंत व्यस्त सड़क है। जहां से प्रतिदिन करीब एक हजार छोटी-बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं। बावजूद इसके प्रशासन की अनदेखी से यह नाली हादसे को दावत दे रही है।



**कई बार वाहन चालक और राहगीर बाल-बाल दुर्घटना से बचे हैं :** स्थानीय लोगों का कहना है कि तीन मुहान सड़क का हिस्सा पहले से ही संकीर्ण है। सड़क के दोनों ओर बनी बड़ी-बड़ी इमारतों के कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। उस पर खुले पड़े नाली ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कई बार वाहन चालक और राहगीर बाल-बाल दुर्घटना से बचे हैं। गनीमत है कि अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है।

नागरिकों का कहना है कि इस रास्ते से आम जनता के साथ-साथ शासन-प्रशासन के भी वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। अगर जल्द ही नाली पर ढक्कन नहीं लगाया गया, तो किसी दिन बड़ा हादसा घट सकती है। जिससे जान-माल की भारी क्षति हो सकती है।

**तुरंत कार्रवाई कर नाली पर ढक्कन डाला जाये :** लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि तुरंत कार्रवाई कर नाली पर ढक्कन डाला जाये, ताकि आम जनता सुरक्षित आवागमन कर सके और बाजार क्षेत्र की स्थिति सामान्य हो सके।

# हिंदी महासागर की तरह, वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है लोकप्रियता: एसडीएम

- समाहरणालय गढ़वा में किया गया हिंदी दिवस का आयोजन
- बोलचाल व लेखनी में हिंदी भाषा का प्रयोग अधिक से अधिक करने की लोगों से अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** 14 सितंबर 2025 को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में हिंदी दिवस पर समाहरणालय के सभाकक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, कवि, हिंदी साहित्यकार व अन्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य मंचासीन पदाधिकारियों एवं सम्मानित गणों को बुके देकर स्वागत कर किया गया। उपस्थित विभिन्न शिक्षकों द्वारा हिंदी दिवस के मौके पर संगोष्ठी में आये सभी लोगों का स्वागत करते हुए हिंदी दिवस मनाने को लेकर इसकी विशेष जानकारी दी गयी। बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह वह दिन है जिस दिन भारत की संविधान सभा द्वारा हिंदी को हमारी आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया था। काफी संघर्ष के बाद हिंदी को हमारे देश की राष्ट्रभाषा घोषित किया गया। हिंदी भाषा को 14 सितंबर 1949 को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया था। इसके बाद 1953 में पहली बार राष्ट्रीय हिंदी दिवस के रूप में मनाया गया।



राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देकर सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करना है। हिंदी दिवस के मौके पर इसके संबंध में अपने-अपने वक्तव्य में कहा गया कि 14 सितंबर को पूरे विश्व में हिंदी दिवस के रूप में चिन्हित किया गया है। यह हमारी मातृभाषा है। हिंदी भाषा का प्रसार न सिर्फ भारत देश में, बल्कि पूरे विश्व में हुआ है। हिंदी दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि हिंदी एक सरल एवं विशाल भाषा है, जिसमें अरबी, उर्दू, फारसी, तुर्की, जापानी, अंग्रेजी, रशियन, चाइनीस, पुर्तगाली आदि कई भाषाओं के शब्दों का समावेश मिलता है। हिंदी को वैश्विक पटल पर और ज्यादा प्रचारित प्रसारित करने के लिए हिंदी भाषा के बोलचाल में शुद्धता बरतते हुए इसके प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है।

# ग्रामीणों को दी गयी योजनाओं की जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत कटरा पंचायत के ग्राम कर्री में आदि कर्म योगी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दिया गया। इस कार्यक्रम के लिए प्रखंड के 18 अनुसूचित जनजाति गांवों का चयन किया गया है। इस अवसर पर प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी दिनेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जिन गांवों में आदिवासी आबादी अधिक है वहां विकास की मुख्य धारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता की श्रेणी में है। उन्होंने उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास,जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन,जन धन योजना, अबुआ आवास, मइयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी और लाभ लेने हेतु जागरूक बनने की सलाह दी। उन्होंने जनवितरण प्रणाली विक्रेता, विद्यालय शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मियों को ईमानदारी पूर्वक अपना काम करने का अपील की।



इस मौके पर एएनएम, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, जनवितरण प्रणाली विक्रेता, विद्यालय के शिक्षक सहित काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# पांच सौ के जाली नोटों के साथ दो युवक गिरफ्तार

**पुलिस इस बात की जांच कर रही हैं कि दोनों युवकों को जाली नोट देनेवाले कौन लोग हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तपकरा थाना की पुलिस ने तपकारा साप्ताहिक हाट से शनिवार को पांच सौ के चार नोटों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये दोनों युवक मो शेख सईम शेख उर्फ शमीम, पिता मोतीउर रहमान पता - अली टोला उधवा तथा मोहम्मद शेख पिता गुलामुद्दीन शेख पता उधवा अमानत दियारा दोनों थाना राधा नगर जिला साहेगंज के रहने वाले हैं। मो सईम शेख और मोहम्मद शेख सपताहिक हाट में नकली नोट से सामान खरीदने का प्रयास कर रहे थे। दुकानदार को नोट के जाली होने पर उसने तत्काल तपकारा थाना को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही तपकरा के थाना प्रभारी नितेश कुमार गुप्ता की तत्परता से दोनों युवकों को पुलिस ने रंगेहाथों दबोच लिया।

तलाशी के दौरान उनके पास से पांच-पांच सौ रुपये के कुल चार और खर फटे जाली नोट बरामद किये गये। पुलिस के पहुंचते ही दोनों ने चार नोटों को फाड़ दिया, लेकिन पुलिस ने फटे हुए टुकड़े भी जब्त कर लिये। पूछताछ के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस इस बात की जांच कर रही हैं कि दोनों युवकों को जाली नोट देनेवाले कौन लोग हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि युवकों के पास जाली नोट कहां से आये और इसके पीछे कौन लोग सक्रिय हैं, इसकी गहन जांच की जा रही है। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि प्रथम हष्टया यह मामला किसी बड़े गिरोह से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस इसकी जांच कर रही घटना के बाद बाजार में दुकानदार काफी सतर्क हो गये हैं।

# बुंडू में डीएमएफटी फंड से बन रही सड़क के निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने कराया बंद

**घटिया सामग्री और गुणवत्ता के साथ काम नहीं करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के बुण्डु पंचायत मे डीएमएफटी फंड से चल रहे सड़क निर्माण कार्य को स्थानीय ग्रामीण व जन प्रतिनिधियों ने बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने एवं गुणवत्ता के साथ कार्य नहीं किए जाने से आक्रोशित होकर निर्माण कार्य को बंद करा दिया है। जानकारी के अनुसार बुंडु में डीएमएफटी फंड से बिनोद शर्मा के घर से भोला साव के घर होते हुए बरियरीतरी तक मुख्य पथ का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही की सूचना पाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौके पर पहुंचकर इसकी जानकारी ली, जहां निर्माण कार्य मे खराब सामग्री देखकर ग्रामीण आक्रोश हो उठे और कार्य को बंद करा दिया।



सड़क निर्माण कार्य को बंद करते ग्रामीण।

**सड़क निर्माण में खराब पड़े सीमेंट का हो रहा है प्रयोग:** ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण मे खराब पड़े सीमेंट को लगाया जा रहा है, वहीं अन्य सामग्री की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि खराब सामग्री लगाने से सड़क ज्यादा दिन तक नहीं चलेगा और जल्द ही जर्जर हो जायेगा। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को बंद कराने के बाद इसकी शिकायत जिले के अधिकारियों से करने की बात कही। साथ ही इसकी उचित जांच कर बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने की मांग की है। इस मौके पर बुंडु पंचायत के मुखिया तुलसी तुरी, पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी, भोला साव, रविंद्र कुमार, राजेश कुमार साव, प्रभु साव, छोटू शर्मा, मुबारक मियां, आकाश शर्मा, कमरुद्दीन मियां, प्रमोद कुमार साव, राजेश कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# एसटी मांग को लेकर 20 से कुड़मि समाज तीन राज्यों में करेगा अनिश्चितकालीन रेल टेका

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के डाक बंगला चांडिल में आदिवासी कुड़मि समाज के संयोजक मूलखूंटी मूलमांता अजीत प्रसाद महतो ने आयोजित बैठकी को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 20 सितंबर 2025 को झाड़खंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा का 100 जगहों पर रेल टेका आंदोलन केवल विरोध नहीं, बल्कि हमारी आदिवासी अस्मिता, इतिहास और न्याय की पुनःस्थापना का महासंग्राम है। बैठक में चांडिल और मुरी के बीच तीन जगहों पर और चांडिल और गम्हरिया के बीच दो जगहों पर अनिश्चितकालीन रेल टेका करने की निर्णय ली गयी। उन्होंने कहा कि रविवार को एसटी सूची में शामिल होना आरक्षण का सवाल नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारी भाषा, हमारे पर्व और हमारी संस्कृति को बचाने की जंग है। एक राजनीतिक साजिश के तहत 6 सितंबर 1950 को कुडमी समाज को एसटी सूची से हटा दिया गया। लेकिन कानून और इतिहास दोनों गवाही देते हैं कि हम आदिवासी थे, हैं और रहेंगे।

20 सितंबर का झारखंड, बंगाल और उड़ीसा में 100 जगह पर अनिश्चितकालीन रेल टेका आंदोलन हमारी अस्मिता की अंतिम पुकार है। यह आंदोलन तय करेगा कि आने वाली पीढ़ियां हमें कायर कहेंगी या योद्धा। अब हर कुडमी को अपनी पूरी ताकत, अपने खून और पसीने से इस लड़ाई को सफल बनाना होगा। यह केवल आंदोलन नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों के बलिदान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सौगंध है। इस अवसर विभिन्न गांवों से सैकड़ों कुड़मि उपस्थित थे।

# भारत-पाक क्रिकेट मैच के विरोध में खलारी में किया गया पुतला दहन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी केडी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक पर रविवार की शाम भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए क्रिक्रेट मैच के विरोध में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों ने विरोध जताया है। साथ ही पुतला दहन किया। वहीं उपस्थित लोगों ने भारत सरकार, बीसीसीआई और आईसीसी अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर लोगों ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जब युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। ऐसे समय में दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन शहीदों का अपमान है। इस दौरान सभी लोगों ने मैच के विरोध में नारेबाजी भी की। वहीं पुतला दहन से पुर्व पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए सभी लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। पुतला दहन में मुख्य रूप से राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू, तनवीर आलम, रंजन सिंह बिट्टू, विक्की सिंह, रंजन सिंह बिट्टु, फिरोज आलम, भोला यादव, मोनू सिंह, अजय सिंह, बबलू, अरुण यादव, अख्तर, सुधीर, राहुल, ताहिर, रवि सिंह, राहुल, हीरा, गुड्डू, रूबी, आसिफ सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# चामा कवड़ा जिउतिया जतरा मेला समिति का पुनर्गठन, अध्यक्ष विरेंद्र और संदीप बने सचिव



खलारी (आजाद सिपाही)। चामा स्थित कावड़ा जिउतिया जतरा स्थल पर रविवार को बिगलहा पाहन की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने बैठक कर पूर्व घोषित कावड़ा जिउतिया मेला समिति का संशोधन करते हुए नयी समिति का गठन किया। बैठक में चामा पंचायत मुखिया विश्वनाथ भगत, उप मुखिया सूरजदेव मुंडा और पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार मुंडा उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 सितंबर को कावड़ा जिउतिया जतरा का आयोजन किया जायेगा तथा जतरा स्थल और आसपास के क्षेत्र में शराब की बिक्री पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। नवनिर्मित समिति में संरक्षक बुधराम उरांव, ग्राम प्रधान बिगलहा पाहन, अध्यक्ष विरेंद्र उरांव, उपाध्यक्ष कलेश्वर गंझू, सचिव संदीप उरांव और कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र उरांव बनाये गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गणेश लोहरा, विश्वनाथ भगत (मुखिया), मनोज राम, चारो उरांव, सूरजदेव मुंडा, जगदीश भगत, विश्वनाथ उरांव, जुगल उरांव, रंथु उरांव, रामजीत भगत समेत कई अन्य ग्रामीणों को शामिल किया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया प्रकृति का अनूठा पर्व जितिया



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में रविवार को जितिया पूजा यानी जितुआ पूजा धूमधाम से मनाया गया। सुबह को गाजे बाजे के साथ लोग ईख डाली को अपने घरों में लाये और शाम को अपने आंगन में गाड़कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। मान्यता के अनुसार माता अपने बच्चों के लंबी उम्र एवं रोग दुःख से बचाने के लिए निर्जला उपवास कर अंकुरित चना का भोग लगाकर जितुआ यानी सुर्य पूत्र जिमूतवाहन का पूजन करते हैं और अपने बच्चों को आशीष देकर अष्टमी छोड़ने के बाद दुसरे दिन पारन कर व्रत का समापन करती हैं। प्राकृतिक पूजा के रूप में करम पूजा के कुछ दिन बाद ही ईख डाली का पूजा करते हैं। पेड़ पौधे एवं वन्य जीव-जंतु की पूजा अर्चना से प्राकृतिक संरक्षण और संवर्धन के लिए पशु और पेड़ पौधे का अटूट संबंध को दर्शाता है। ईचागढ़, कुकड़ू, नीमडीह, चांडिल सहित पूरे झारखंड में अधिकांश घरों में जितिया पूजा किया गया।

# 60 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**ईचागढ़।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर रूगड़ी गांव के पास विभिन्न ब्रांड का 60 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ शराब तस्कर सिल्ली थाना क्षेत्र के अजयगढ़ निवासी 30 वर्षीय बुधराम महली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मौके से अंग्रेजी शराब तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी जब्त किया गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गुप्त सुचना के आधार पर रूगड़ी गांव के पास एक छापेमारी दल का गठन कर एंट्री क्राइम चेकिंग लगाया गया, जहां एक स्कूटी सवार पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस दल के सहयोग से उसे पकड़कर तलाशी लेने पर स्कूटी पर बोरा में भरे मेगडोवेल 180 एम एल का 36 पीस, 375 एम एल का 06 पीस, आइकोनिक 180 एम एल का 12 पीस एवं 375 एम एल का 06 पीस बरामद किया गया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया हिंदी दिवस



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में रविवार को हिंदी दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत स्कुल की प्राचार्या डॉ. अभिलाषा कुमारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्राचार्या डॉ. अभिलाषा कुमारी ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृत की आत्मा है। हिंदी से कई कठिन कार्यो को सरल किया जा सकता है। उन्होंने हिंदी के महत्व और उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के हिंदी शिक्षक डीपी मिश्रा ने हिंदी की उत्पत्ति और विकास पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

# पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद कालीचरण सिंह से की मुलाकात

**पिपरवार।** भाजपा पिपरवार मंडल के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, सांसद प्रतिनिधि धनराज भोक्ता और भाजपा नेता सुखी गंझु ने रविवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह से उनके आवास में मुलाकात किया। इस मुलाकात के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर सांसद कालीचरण सिंह का जोरदार स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विकास, डीएमएफटी फंड एवं युवाओं के रोजगार को लेकर विशेष रूप से चर्चा की। वहीं विस्थापित रैयतों की कई ज्वलत समस्या को भी प्रमुखता के साथ उठाया। इस दौरान सांसद कालीचरण सिंह ने उक्त समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। सांसद ने पिपरवार क्षेत्र में पार्टी को मजबूत बनाने, सदस्यता बढ़ाने, कार्यकर्ताओं की समस्या का निदान करने सहित पार्टी के उद्देश्य नीति एवं सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने और केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर तक के लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।
फोटो-3.सांसद से मुलाकात करते भाजपा कार्यकर्ता।

# सच्चे मन से दो मिनट सुमिरन कर लें, तो दुःख भाग जाता है : स्वामी गंगाधरजी महाराज

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा मुरहू में चल रहे ध्यान साधना सह सत्संग शिविर का समापन रविवार को हो गया। ऋषिकेश के स्वामी गंगाधरजी महाराज ने कहा कि सच्चे मन से दो मिनट सुमिरन कर लें, तो दुःख भाग जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान ने स्नेहवश हमें यह दुर्लभ मानव शरीर दिया है। हमें संतों के बताये मार्ग पर मनोयोग पूर्वक चलकर भक्ति करने से भगवंत मिल जायेंगे। पंच तत्व का बना यह शरीर इंद्रियों का गुलाम है। इससे छुटकारा पाने के लिए परमात्मा की भक्ति ही उपाय है। स्वामी गुलाब बाबा ने कहा कि नशापान और मांसाहार त्याग कर सदाचार का पालन करते हुए भक्ति करने से भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं। स्वामी श्याम सुंदर बाबा, राजेंद्र बाबा, लाहिरी बाबा, दिगंबर बाबा, गोपाल बाबा ने भी गुरु और भगवान के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में बुधराम पाहन, साधना देवी,प्रभा देवी, चम्बर सिंह,कांडे मुंडा, सनिका मुंडा, अमरेंद्र कुमार, श्याम सुंदर आदि ने भंडारे की व्यवस्था में सहयोग दिया। फोटो3

# असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को एक करोड़ का दुर्घटना बीमा राशि देने की घोषणा, मजदूरों में हर्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** भुतनगर में मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी की अध्यक्षता में रविवार को एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी के द्वारा असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों के हित में एक करोड़ रुपये की दुर्घटना बीमा राशि देने की घोषणा पर उपस्थित असंगठित मजदूरों ने उनका आभार प्रकट करते हुए हर्ष व्यक्त किया। वहीं मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अब असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को भी सुरक्षा और लाभ मिलेगा। इससे मजदूरों में काफी उत्साह और खुशी का माहौल है।

बैठक में मुख्य रूप से सुनील सिंह, सोनू पांडे, सलामत अंसारी, अशोक सिंह, कृष्ण सिंह, अमजद खान, अफजाल अंसारी, मिथुन राणा, वेद प्रकाश पांडे, अनिल शाह, मैनुद्दीन अंसारी, मनोज कुमार, अजय चौहान, धर्मेंद्र चौहान, राकेश कुमार, चंदन कुमार, विजय कुमार सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर शामिल थे।

# कचहरी परिसर के पितौंजी पेड़ों को बचाने का आग्रह

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी के समाजसेवी और झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने खूंटी के उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर खूंटी कचहरी परिसर में लगे दुर्लभ प्रजाति के पितौंजी पेड़ों को बचाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि 16 सितम्बर को बार भवन के शिलान्यास को लेकर दुर्लभ औषधीय प्रजाति के पितौंजी पेड़ को काटने की योजना बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि मात्र दस कदम आगे यदि बार भवन का शिलान्यास किया जाये, तो इन पेड़ों को बचाया जा सकता है।

# जीवित्पुत्रिका व्रत रख माताओं ने की संतानों के दीर्घायु होने की कामना



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले में रविवार को जीवित्पुत्रिका का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास और नेम-निष्ठा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने अपनी संतानों के दीर्घायु होने और सुख-समृद्धि के लिए 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर विधि विधान से पूज-अर्चना की। जीवित्पुत्रिका व्रत के लिए शहर के कर्रा रोड, तोरपा रोड, पिपराटोली, मिश्रा टोली, बड़ाईक टोला सहित आसपास अन्य गांव और मुहल्लों में अनेक लोगों के घरों में पवित्र पीपल की डाली स्थापित कर सामूहिक पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जहां आसपास की माताएं सामूहिक रूप से पूजन अर्चन में शामिल हुईं। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू, अड़की आदि प्रखंड मुख्यालयों एवं अन्य ग्रामीण इलाकों में भी जीवित्पुत्रिका का त्योहार धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपाा, करर्ज़ा, रनिया, मुरहू, अड़की आदि ग्रामीण इलाकों में भी जितिया का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# खूंटी में स्टेडियम निर्माण का प्रयास हो रहा है: अजय नाथ शाहदेव

**खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन का 16वां वार्षिकोत्सव मनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन का स्थापना दिवस रविवार को रॉयल सिंह पैलेस खूंटी में धमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल अजय नाथ शाहदेव, विशिष्ट अतिथि जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष संजय सहाय, प्रबंध समिति के सदस्य मिहिर प्रतीश तोपनो, श्रीराम पूरी, रमेश सिंह आदि ने संयक्त यप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि और जेएससीए के अध्यक्ष लाल अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि बहुत कम समय में खूंटी ने क्रिकेट के क्षेत्र में ऊंचाइयों को छुआ है। यह खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और यहां के खिलाड़ियों की मेहनत से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि खूंटी में क्रिकेट एस्टेडियम बनाने का प्रयास हो रहा है। यह क्रिकेट का सेंटर बनेगा। खूंटी के क्रिकेट के सेंटर बनने से इसका लाभ रांची तथा जेएससीए को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिले से जो भी क्रिकेट की योजना लेकर आयेंगे, उसे हम पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां के खिलाड़ियों में क्षमता है तथा मेहनती भी है। आनेवाले समय में खूंटी जिला राज्य और देश का प्रतिनिध्त्वि करेगा। शाहदेव ने कहा कि जेएससीए जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। पूर्व अध्यक्ष संजय सहाय ने कहा कि जिले में क्रिकेट के विकास के लिए जो भी संभव होगा, किया जायेगा। मिहिर प्रतीश तोपनो ने कहा कि खिलाडी ईमानदारी व मेहनत से खेलें, सफलता जरूर मिलेगी। इसके पूर्व खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अवधेश कश्यप ने एसोसिएशन के स्थापना काल से अब तक जिले में क्रिकेट की गतिविधियों के बारे में जसनकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन कुमार और स्वागत भाषण एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा और कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अजीत जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिला और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मौके पर रोनित कुमार, देवा हस्सा, प्रवीण कुमार, श्याम सुंदर कच्छप, रामप्रसाद साहू, मनोज जैन, अरुण मिश्रा, विकास मिश्रा, दीपक तिग्गा, सोनू महतो, अभिषेक लाल, जीतू महतो, विनायक विक्रम, ऋषभ, सुधांशु चौधरी, पुरेंद्र आदि उपस्थित थे।

# खेल से हो सकता है युवाओं का विकास: सुदीप गुड़िया



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि खेल के माध्यम से भी युवाओं का विकास हो सकता है। धायक रविवार को उकड़ीमाड़ी मैदान में आयोजित हॉकी के फाइनल मैच के दज़ैरान उपस्थित लोगों कों बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी भी रुचि खेल मे है और जितना संभव हो, तोरपा विधान सभा क्षेत्र मे पढाई के साथ खेल का स्तर मे भी सुधार करने का प्रयास रहेगा। इसकें पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणो ने पारंपरिक ढंग से विधायक का स्वागत किया। मौके पर मुखिया अनस्तसिया आईंद, मोजिर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष रूबेन टोपनो, विधायक के निजी सहायक अरमान टोपनो आदि मौजूद रहे।

# पूरनाडीह परियोजना के कामगारों का संडे ड्यूटी और पीएचडी कटौती के विरोध में सामूहिक अवकाश

खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके एरिया की पूरनाडीह परियोजना के कामगार रविवार को संडे ड्यूटी एवं पीएचडी में कटौती के विरोध में सामूहिक अवकाश पर रहे। सुबह प्रथम पाली से ही कामगार परियोजना कार्यालय के बाहर जमा हुए। जिन कामगारों को संडे ड्यूटी दी गई थी, उन्होंने भी ड्यूटी त्यागकर सामूहिक अवकाश में शामिल हुए। कामगारों ने एकजुटता का परिचय देते हुए 'मजदूर एकता जिंदाबाद' और 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे लगाये। इस दौरान सुबह करीब 7:30 बजे परियोजना पदाधिकारी पहुंचे और कामगारों से सवाल-जवाब करने लगे। पदाधिकारी द्वारा नाम पूछे जाने पर सभी मजदूर क्रोधित हो गए और एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन किसी के बहकावे में नहीं बल्कि संडे एवं पीएचडी की वैध मांग को लेकर है। कामगारों ने साफ कहा कि जब तक सभी मजदूरों को संडे और पीएचडी नहीं मिलेगा, तब तक वे प्रत्येक रविवार को सामुहिक अवकाश पर रहेंगे। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया तो पूरा एनके एरिया बंद करने पर मजबूर होंगे। कामगारों ने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2017-18 में केडीएच, डकरा और रोहिणी परियोजना के लिए पूरनाडीह के मजदूरों ने आंदोलन कर संडे एवं पीएचडी की सुविधा दिलाई थी। आज के सामूहिक अवकाश में महिला और पुरुष कामगार शामिल हुए, जिससे परियोजना का काम पूरी तरह ठप रहा।

## झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आरा पंचायत सचिवालय में रविवार को झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्वाधान में बैठक हुई। जिसमें संगठन के विस्तार और लंबित मांगों की पूर्ति के लिए आंदोलन की रुपरेखा तैयार करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि राज्य भर के मनरेगा कर्मचारी सरकार की दामनकारी नीति के वजह से पीड़ित एवं परेशान है। नए नियमों से मनरेगा को कमजोर करने की साजिस हो रही है। मनरेगा कर्मी 18 वर्षों से लगातार काम कर रहे है, लेकिन अभी तक केवल अल्प मानदेय का ही व्यवस्था सरकार की ओर से अनुमान्य है। गत कई वर्षों से सेवा स्थाईकरण, वेतनमान, सेवा शर्त नियमावली में सुधार के अतिरिक्त, ग्रेच्युटी, पेंशन, मकान किराया भत्ता, ग्रुप बीमा, मृत्यु मुआवजा, अनुकम्पा के आधार पर नौकरी, शिक्षा भत्ता, दैनिक भत्ता, यात्रा भत्ता, बर्खास्तगी के स्थान पर निलंबन और वेतनमान के लिए राजयांश टॉपअप की मांग की जा रही है, कई मांगों पर सरकार की ओर से सहमति दी गई है, लेकिन इसको लागू नहीं किया गया है। मांगों की पूर्ति के लिए 15 नवंबर तक का अल्टीमेटम सरकार को दिया जाएगा, इसके बाद संघ की ओर से जोरदार आंदोलन किया जाएगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि सरकार मनरेगा कर्मियों के लिए दो तरह का नियमावली बना कर एक को ग्रेड पे और दूसरे को सिर्फ मानदेय दे रही है। सरकार से मांग हैं कि हमारे साथ सौतेला व्यवहार ना करे। सभी को छह फीसदी प्रशासनिक मद से हट कर वेतनमान की व्यवस्था कर ग्रेड पे दिया जाए। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे, जीतेंद्र सिंह, यासीन अंसारी, देवेन्द्र उपाध्याय, विकास पांडेय, जीतेंद्र झा, नन्हे परवेज, संजय प्रामाणिक, सत्यम सिंह, संजय कुमार, आशुतोष श्रीवास्तव, अभिमन्यु तिवारी, पंकज सिंह, सुनील चंद्र दास, सुरेंद्र प्रसाद, सुराई हेमब्रम, शंकर सतपती, शम्भू गोप, गुंजन कुमार, अमित गुप्ता, रोहित ठाकुर, मुकेश राम आदि उपस्थित थे।

## गेतलसूद में दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण को लेकर भूमि पूजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद में दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण के लिए शनिवार को भूमि पूजन किया गया। पुरोहित दिगंबर दास गोस्वामी ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके साथ ही भव्य पूजा पंडाल निर्माण की शुरूआत हो गयी। इस अवसर पर पूजा समिति के सचिव संजय नायक ने बताया कि इस साल मंदिरनुमा आकृति का भव्य पूजा पंडाल बनाया जाएगा। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष अजय साहू, उपाध्यक्ष अजय राज, कोषाध्यक्ष शंकर बैठा, संरक्षक शिवदास गोस्वामी, गौरी शंकर मुंडा, भोला महतो, जीतून महतो, वरूण ठाकुर, जय कुमार सहाय, दिगम्बर दास गोस्वामी, शुभम गोस्वामी, मोहित गोस्वामी, बाबूलाल महतो, कृष्णा साहू, शक्ति गोस्वामी, भुनू गोस्वामी, विक्की नायक, अनिकेत नायक आदि उपस्थित थे।

## तुको दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने बलराम सिंह



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुको गांव स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार को दुर्गा पूजा महापर्व मनाये जाने की तैयारी को लेकर ग्रामीणों-पूजा समिति के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा की नई समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बलराम सिंह, उपाध्यक्ष बीरन लाल, गोलू कुमार, कोषाध्यक्ष रूपेश साहू एवं राजा लाल, सह कोषाध्यक्ष आकाश साहू, उज्ज्वल कुमार, सचिव संदिप लाल, सहसचिव सचिन लाल एवं अमृत साहू को बनाया गया। संरक्षक सुशील साहू, सतीश सिंह, श्याम प्रसाद गुप्ता, मोनू सिंह, भागवत ताम्रकार, शंकर साहू, शंभु बैठा, उमेश लाल, बाल किशुन मोची, सुधीर लाल, आदित्य ताम्रकार, प्रदीप लाल, अश्वनी कुमार, जबकि पूजा व्यवस्थापक अभिषेक सिंह, यज्ञ कुमार, चिकू कुमार, सरवन लाल, विक्की ठाकुर, बबन, निशु, शिवम, अखिल, रिषभ और अभि कुमार बनाये गये हैं।

## शांति समिति के सदस्यों ने चलाया सफाई अभियान



**रातू (आजाद सिपाही)।** गलि-मुहल्लों में फैली गंदगी की सफाई को लेकर रातू शांति समिति के सदस्यों ने रविवार को ब्लॉक चौक स्थित काली मंदिर से काठीटांड़ चौक तक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान को प्रत्येक रविवार चलाने का निर्णय लिया गया। रातू के थाना प्रभारी रामनरायण सिंह की पहल पर पिछले दिनों शांति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। मौके पर बीडीओ शैलेंद्र कुमार चौरसिया, थाना प्रभारी रामनरायण सिंह, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, प्रबुद्ध नागरिक मंच के हजारी प्रसाद एवं राणा सिंह, रातू पैलेस प्रबंधक दामोदर मिश्रा, रातू चेंबर अध्यक्ष जगदीश साहू, शिवचरण कुशवाहा, रामानंदन महतो, महावीर विश्वकर्मा, चिंटू मिश्रा, असलम अंसारी, अरविंद पांडेय, पंचम महतो आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ता बाली महली का निधन, शोक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत क्षेत्र के रहनवे वाले कांग्रेस कार्यकर्ता सह समाजसेवी बाली महली का रविवार को रिम्स अस्पताल में इलाज के अभाव में निधन हो गया। वे पिछले दिनों से बीमर चल रहे थे। रविवार को अचानक उनकी स्थिति बिगड़ गयी आनन-फानन में परिजन बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां तुरंत भर्ती नहीं किया गया। परिजन रिम्स अस्पताल के बाहर ही प्रतिक्षा करते रह गये। इसी दौरान मौत हो गयी। इस रवैये से परिवार के सदस्य काफी नराज है। उनका कहना है कि पिताजी पूरा जीवन कांग्रेस के लिए समर्पित रहा। पार्टी कार्यकर्ताओं से संपर्क करने पर भी कोई नहीं पहुंचे। उधर, राज्य में पार्टी समर्थित सरकार होने के बावजूद अंतिम समय में सकारात्मक सहयोग नहीं मिला। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक का माहौल है। मुखिया सहदेव बेदिया, ग्रामप्रधान बालेश्वर बेदिया, सोहरैया बेदिया, रतिया महली, कृष्णा महली आदि ने शोक जताते हुए परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया।

# वज्रपात की चपेट में आकर दो की मौत

## मवेशी चराकर घर लौटने के क्रम हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में रविवार की शाम पांच बजे ठनका की चपेट में आने से दो ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गयी। उनकी पहचान बालगोविंद महतो (52) और उदयनाथ महतो (60) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक दोनों जानवर चरा कर अपने घर लौट रहे थे। तभी बीच रास्ते में बारिश से साथ हुए वज्रपात की चपेट में आ गये, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सिद्धांत घटना स्थल पहुंच कर शवों का पंचनामा कर अपने कब्जे में कर लिया। साथ ही मुखिया कुशेन्द्र पाहन, पंसस गौरव कुमार पीड़ित परिजनों से मिलकर हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर सीओ सचिदानंद वर्मा ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा दिलाया जाएगा। उधर, गांव में एकसाथ दो लोगों की आकस्मिक मौत के बाद माहौल गमगीन हो गया। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



### बाइक के धक्के से युवक घायल

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड स्थित रिलायंस फ्रेस के पास पैदल जा रहे 25 वर्षीय युवक को बाइक सवार ने धक्का मार दिया, जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान रवीश कुमार के रूप में हुई है। वह रातू थाना क्षेत्र के ही काठीटांड़ का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार घायल युवक अपने भाई के साथ पैदल काम पर जा रहा था, तभी बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर उसे अपनी चपेट में ले लिया और बाईक छोड़कर भाग निकला। रातू पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त बाईक को अपने कब्जे में कर लिया है।

## बाल विवाह, तस्करी और मजदूरी के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** विश्व सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज के नेतृत्व में बुढ़मू स्थित संस्था के क्षेत्रीय कार्यालय में बाल मजदूरी, बाल विवाह और बाल तस्करी के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल थे। इस असर पर राहुल राज ने कहा कि बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी झारखंड को खोखला कर रही है। हमें इसके विरुद्ध खड़ा होने की जरूरत है। तभी हम एक बेहतर राज्य बना सकते हैं। छात्रों को इन कुरीतियों से अवगत होने की जरूरत है, क्योंकि छात्र ही राज्य और देश के भविष्य हैं। वहीं, शिक्षाविद मधुसुदन साहू ने कहा कि झारखंड के सुदूर क्षेत्रों में ये समस्याएं ज्यादा हैं। इसका कारण लोगों में जागरूक की कमी होना है। हम सभी को मिलकर इसे मिटाना है। इस मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष अशोक कुमार, छोटेलाल महतो, उर्मिला देवी, रोहित बैठा, गौतम कुमार आदि मौजूद थे।

## पुत्र के दीर्घायु एवं परिवार की खुशहाली के लिए सुहागिन महिलाओं ने की जिउतिया पूजा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महिलाओं के 24 घंटे के निर्जला उपवास के साथ जिउतिया पर्व रविवार को मनाया। सोमवार की सुबह संतान के सुख, समृद्धि एवं दीघार्यु होने के साथ ही स्वस्थ जीवन की कामना के साथ पूजा-अर्चना के बाद पर्व का समापन होगा। इससे पहले महिलाओं ने तालाब एवं नदी में स्नान कर भगवान की अराधना की। अपने पुत्र-पुत्री के सुखद भविष्य को लेकर धागे एवं सोना-चांदी से बने जितिया पहनी। इसे लेकर महावीर चौक में काफी भीड़भाड़ रही। लोगों ने जरूरत के अनुसार खरीदारी की। इसके पूर्व महिलाओं ने अपने पूर्वजों को नमन किया और व्रत के सारे अनुष्ठान किया। देर शाम से समूहों तथा अपने घरों में व्रती महिलाओं ने बांस के डलिया में मिष्ठान्न, पकवान, फल, फूल सजा कर जिउतिया की कथा का श्रवण किया। व्रती माताओं ने अपने संतानों के लिए पूजा की। इस दौरान कई गांव में जिउतिया का पूजा दिन में भी किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह झूमर(नृत्य) ढोल- मांदर की थाप पर नाच-गान करते है।



### निर्जला व्रत कर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

**इटकी (आजाद सिपाही)।** महिलाओं ने रविवार को अपने बच्चों के दिर्घायु जीवन और मंगल कामना को लेकर निर्जला व्रत जितिया (जीवित्पुत्रिका) पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया। कथा पंडित हर्ष वर्धन पांडेय के मार्गदर्शन में श्रवण किया। क्षेत्र में हर एक टोले-मोहल्ले में महिलाएं निर्जला उपवास कर आंगन में जितिया को स्थापित कर पूजा की एवं कथा श्रवण किया। रात जागरण भी किया जाएगा। हिंदू मान्यताओं के अनुसार यह पर्व सतयुग से चला आ रहा है। इस पर्व में सप्तमी तिथि को व्रती अपना व्रत धारण करती है, जिसे नवमी तिथि इस वर्ष सोमवार को पारण किया जाएगा। भारतीय महिलाओं के लिए यह पर्व सबसे कठिन माना जाता है ।

# बेहतर इलाज उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगा नर्सिंग होम: विधायक

### खिजरी विधायक ने किया नर्सिंग होम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र में रविवार को दिव्य ज्योति नर्सिंग होम का उद्घाटन खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप ने किया। इससे पूर्व नर्सिंग होम के संचालक बच्चन बड़ाईक एवं पूर्णिमा बड़ाईक ने विधायक को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने में नर्सिंग होम मील का पत्थर साबित होगा। इस तरह के नर्सिंग होम खुलने से ग्रामीण इलाके के लोगों को इलाज के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं, प्रखंड प्रमुख ने कहा कि इस नर्सिंग होम में लोगों को अब शहर जैसा सुविधा मिलेगा। इस मौके पर हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, पंसस रोजलीन मिंज तिर्की, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, अमर सिंह बड़ाइक, यदु सिंह बड़ाइक, सुनील बड़ाइक, रूपा बड़ाइक, गीता कच्छप, कंदरू महतो, अनिल बड़ाइक, सुंदर बड़ाइक, रंजना देवी, विमला, मुस्कान आदि उपस्थित थे।



## नियमित जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाकर अधिकांश बीमारियों से बचा जा सकता : अंजली



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन फाउंडेशन एवं शालिनी अस्पताल ने संयुक्त रूप से चिलदाग पंचायत सचिवालय में स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें ग्रामीणों का बीपी, ब्लड शुगर और किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री माताओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। साथ ही आयरन कैल्शियम और प्रोटीन पाउडर सहित आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। मुख्य वक्ता अंजली कुमारी ने मौसमी बीमारियों से बचाव, संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नियमित जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाकर अधिकांश बीमारियों से बचा जा सकता है। बताया कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक भोजन के साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। समय पर जांच एवं सही खानपान से न केवल मां का स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है, बल्कि शिशु भी स्वस्थ जन्म लेता है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे गर्भावस्था के दौरान डॉक्टर की सलाह अनुसार आहार लें और समय-समय पर जांच कराएं। यह आदतें न सिर्फ स्वस्थ मातृ- शिशु के लिए जरूरी हैं बल्कि स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण की नींव भी है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और किशोरियों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और रोगों की रोकथाम के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। वहीं, शालिनी अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन अनगड़ा और नामकुम के अलग- अलग पंचायतों में आयोजित करने की योजना है, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी होगी। फाउंडेशन के सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि हमारा संकल्प है समाज का कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। यह मुहिम एक आंदोलन का रूप लेगी और हम सब मिलकर एक स्वस्थ भारत की दिशा में काम करेंगे। मौके पर पंचायत के मुखिया दुर्गा पाहन ने भी अपने विचार रखे।

## लापुंग में मना जीवित पुत्रिका पर्व



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में जीवित पुत्रिका (जितिया) का पर्व मनाया जा रहा है। तीन दिन तक निर्जला उपवास कर पुत्र की दीर्घायु होने की कामना कर महिलाएं यह व्रत करती है। कुछ महिलाए जितिया पेड़ के नीचे चिल्हो और सियार की कहानी सुनती है। जितिया में सोलह सिंगार कर महिलाए जितिया डाली को गांव के पाहान द्वारा आंगन में गाड़ कर विधि पूर्वक पूजा करती हैं। इस पर्व में आठ तरह की सब्जी को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। वहीं, दोलाईचा में पुजारी राजकुमार पाठक, ककरिया, देवगांव, दाड़ी, फतेहपुर, हुलसु, महुगांव लालगंज आदि पुजारी ने जितिया पूजा करवाया।

## रामदेव सिंह को महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर राजपूत समाज में हर्ष

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत क्षत्रिय महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजभान सिंह, राष्ट्रीय संरक्षक एसबी सिंह, प्रभारी ममता सिंह ने टाटीसिलवे महिलोंग निवासी रामदेव सिंह को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर रामदेव सिंह ने कहा कि आप सभी के विश्वास को कायम रखूंगा और आनेवाले समय में राजपूत समाज का उत्थान के लिए प्रयासरत रहूंगा। उन्होंने समाज में एकजुटता रखने और गरीबों का सहारा बनने की बात कही। उधर, राजपूत क्षत्रिय महासंघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर ममता सिंह, गुंजन सिंह, राजन सिंह, सुरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, लखन सिंह, नंदकिशोर चंदेल, अवधेश नाथ शाहदेव, गोपाल सिंह, राजकुमार सिंह, मिंटू सिंह, राजू सिंह, दीपक सिंह, पिंकी सिंह, अनीता सिंह, गोपाल शरण साय, दिलीप सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आठ ऑटो चालकों का काटा गया चालान

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने रविवार को अवैध पार्किंग करने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए आठ चालकों के विरुद्ध नो पार्किंग का चालान काटा। दो घंटे तक चले इस अभियान से ऑटो चालकों में अफरातफरी मच गई। थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने बताया कि काठीटांड़ चौक काफी व्यस्त रहता है। यहां से दिन भर वीआईपी मूमेंट और एंबुलेंस का आना जाना लगा रहता है। ऑटो चालकों की मनमानी के कारण बार-बार सड़क में जाम की स्थिति बनी रहती है। आज की कार्रवाई आंशिक है। इसके बाद भी इनकी मनमानी जारी रही तो व्यापक पैमाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मासूम की जान बचाने और रुपयों से भरा बैग लौटने वाले युवकों को पुलिस ने किया सम्मानित

## लोगों की मदद करें और समाज के लिए प्रेरणा बनें : इंस्पेक्टर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय ने रविवार को थाना में मानवता की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले छह युवकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि 12 सितंबर को बैंक ऑफ इंडिया की बेड़ो शाखा में खेलने के क्रम में हरिहरपुर जामटोली के सोमरा मुंडा की दो साल की बेटी प्रिस्का मुंडा का सिर कांच के दरवाजे में फंस गया था। इसकी सूचना मिलते ही बेड़ो थाना के एएसआई भानू रजक दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस की तत्परता से बढ़ई मिस्त्री अजय कुमार और अरविंद कुमार को बुलाया गया। इसके बाद दोनों युवकों ने प्लाई को काटकर कांच के दरवाजे में फंसी बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालने में सराहनीय योगदान दिया। पुलिस की तत्परता एवं दोनों युवकों के सहयोग से मासूम बच्ची की जान बच गई। वहीं, रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना के पुरना पानी गांव के दिवाकर ढाबा के समीप शनिवार को गुमला से रांची जाने के क्रम में गुमला के खड़िया पड़ा निवासी मोहम्मद शारिक आलम का लेदर बैग सड़क पर गिर गया था। बैग में नगद 25 हजार रुपए, एक लैपटॉप और मोबाइल सहित अन्य कीमती सामान थे। जिसे राहगीर भरनो निवासी तीन युवकों सुजीत कुमार, सरोज प्रजापति, आजाद खान और मलगो भरनो निवासी सह सीआरपीएफ के जवान कृष्णा उरांव ने मानवता का परिचय देते हुए बेड़ो पुलिस को सौंप दिया था। इसके बाद सूचना पाकर बेड़ो थाना पहुंचे बैग के मालिक को पुलिस ने लौटा दिया। बैग के सभी सामानों और नगद राशि के मिलने पर उन्होंने पुलिस एवं चारो युवकों की सराहना की थी। इधर, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान की प्रेरणा से इन दोनों घटनाओं में मानवता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अहम योगदान देने वाले पुलिस पदाधिकारी एवं छह युवकों को पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय ने बेड़ो थाना परिसर में रविवार के शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस बहादुरी एवं ईमानदारी की सराहना करते हुए इंस्पेक्टर ने सभी युवकों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि ऐसे उदाहरण समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी प्रकार की खोई वस्तु मिलने पर उसे संबंधित थाने में जमा कराएं। इस मौके पर एसआई अनिल टोप्पो, एएसआई अक्षय कुमार सिंह, विमलेश कुमार और भानु कुमार रजक मौजूद थे।



## गेतलसूद की फुटबॉल टीम बनी विजेता

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** स्पीड स्टार क्लब के तत्वावधान में महेशपुर स्कूल मैदान में आयोजित एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब गेतलसूद की टीम ने जीत लिया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में गेतलसुद की टीम ने बेहतर खेल दिखाते हुए लुपुंग की टीम को 1- 0 से पराजित किया। इससे पहले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस के सिरका पंचायत अध्यक्ष समीम खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू कराया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें एक मंच प्रदान करने की। इस तरह के आयोजन से निश्चित रूप से उन्हें आगे आने का अवसर मिलता है। बाद में विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर दशरथ पहान, रूस्तम खान, अरसद यार खान, जकीर खान, रफीक खान, बसीर खान, अजय नायक, परवेज आलम, आसिफ खान, पिंकू खान और हुसैन खान आदि मौजूद थे।

## नाइन बुलेट कव्वाली की टीम पहुंची फाइनल में

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच रविवार को लालखटंगा पंचायत के नया भूसूर स्कूल मैदान में खेला गया। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच येलो स्टार कुटियातू बनाम नाइन बुलेट कव्वाली के बीच खेल गया। जिसमें पेनल्टी शूटआउट में नाइन बुलेट कव्वाली की टीम ने एक गोल से बढत बनाते हुए फाइनल में प्रवेश किया। इससे पूर्व सेमीफाइनल मैच की शुरूआत नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, कांग्रेस नेता माधो कच्छप, मुखिया जीता कच्छप, अनिरुद्ध पांडे ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर नया भूसूर स्पोर्टिंग क्लब समिति के संयोजक रितेश उरांव, मुख्य संरक्षक संदीप मुंडा, राजेश टोप्पो, महादेव मुंडा, विक्रम उरांव, मुन्ना टोप्पो, अजित उरांव, गौतम गोप, निकोलस एक्का, राधे आदि मौजूद थे।

# शहर को साफ और सुंदर रखने का दायित्व सब पर भी : दामोदर कसेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर की अधिकतर नालियां जाम हैं, तो इसका कारण हमारे अंदर जागरूकता की कमी है। मुहल्ले मे रहने वाले अपने मुहल्ले को साफ रखने के लिए जागरूक करना चाहिए कि कूड़ा कचरा एक स्थान पर रखे और नगर परिषद को सूचना देकर सफाई के लिए बतायें। लेकिन आज सभी लोग केवल अपने से मतलब रखते है। अपना कूड़ा निकालकर वहां वहां फेंक देते है। जिसके कारण कचरा रोड पर आ जाता है और वही कचरा नाली को भी जाम करता है। उक्त बातें चेंबर के निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कही। उन्होंने कहा कि सभी लोग स्वच्छता को ध्यान में रख कर नगर परिषद को सूचना दें और साफ सफाई करें। गुमला के सभी वार्डो में कूड़ा फेंकने के लिए डस्टबिन लगाया गया थो। लेकिन अब वह डस्टबिन पचहत्तर प्रतिशत ही रह गया है। वहीं उन्होंने कहा है कि लाइट एक बार खराब हो जाने पर उसको बनने में काफी दिन लगता है। अभी भी कई वार्डो में लाइट खराब पड़ी है। अभी त्यौहारों के समय पूजा पंडालों की समितियों के आग्रह में सभी वार्डो में सफाई अभियान चलाया गया है। जिसके लिए उन्होंने नगर परिषद का आभार व्यक्त किया है। अगर इसी तरह सालों भर सफाई अभियान चला कर सफाई कराई जाये तो नगर की समस्या खत्म हो जायेगी।

# सात जिलों में शून्य ओबीसी आरक्षण के विरोध में बैठक, आंदोलन की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड के चंद्राणी होटल सभागार में बलदेव साहू की अध्यक्षता में रविवार को ओबीसी समाज की एक अहम बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न जातियों के सैकड़ों बुद्धिजीवी, समाजसेवी और प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान वक्ताओं ने राज्य में ओबीसी आरक्षण की अनदेखी और सात जिलों में शून्य आरक्षण लागू किए जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह नीति सामाजिक न्याय और समानता की भावना के खिलाफ है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। सभी वक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि जब तक ओबीसी समाज को उसका संवैधानिक हक और आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। समाज के नेताओं ने लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि अब समय आ गया है कि ओबीसी समाज अपनी ताकत का परिचय दे।

सभा को संबोधित करते हुए कई वक्ताओं ने कहा कि आरक्षण खत्म करना ओबीसी समाज की राजनीतिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति को कमजोर करने की एक साजिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाया तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जायेगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 21 सितंबर को करंज में ओबीसी समाज का महाजुटान होगा। इसमें हजारों की संख्या में ओबीसी समाज के लोग शामिल होकर सरकार को अपनी ताकत का एहसास करायेंगे। आयोजकों ने बताया कि यह महाजुटान ऐतिहासिक होगा और ओबीसी समाज की एकता का प्रतीक बनेगा। सभा के अंत में सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि ओबीसी आरक्षण बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा।

# गुमला में भाजपाइयों ने अर्जुन मुंडा का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रांची से रायपुर जाने के दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा रविवार की सुबह 10 बजे गुमला पहुंचे। गुमला के टावर चौक पर जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अर्जुन मुंडा का स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने गुमला के टावर चौक पर चाय पी और कार्यकर्ताओं से बातचीत की। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य की हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस परिकल्पना के साथ झारखंड का गठन हुआ था, उस परिकल्पना से दिशा भटक गया है। सरकार चलाने का अवसर हेमंत सोरेन को मिला है तो झारखंड के हित में काम करे। यहां के लोग अपने घर में शरणार्थी महसूस कर रहे हैं। यूपीए गठबंधन के शासन काल में प्रशासन बेलगाम हो गया है। गुमला में स्वागत करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं में पूर्व जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, युवा अध्यक्ष संदीप प्रसाद, किसान मोर्चा के प्रमंडलीय पदाधिकारी मंगल सिंह भोगता,राधेश्याम कुशवाहा, बालकेश्वर सिंह, दिनेश्वर साहू, सूरजदेव सिंह, सत्यनारायण पटेल, कौशलेन्द्र जमुआर, श्याम गुप्ता आदि शामिल थे।

# रैयत मजदूरों के शोषण के खिलाफ बिशुनपुर से 23 से शुरू होगा आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति के तत्वाधान में गुमला-लोहरदगा लीडिंग टीम की आवश्यक बैठक समिति के नेता आदित्य सिंह की अध्यक्षता में थाना चौक घाघरा में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि हिंडाल्को कंपनी माइंस क्षेत्र के रैयतों और मजदूरों का शोषण करने में लगी है। माइंस संचालन का 50 वर्ष बीत जाने के बाद भी एक भी अच्छी सड़क, स्कूल, अस्पताल आज तक नहीं बने। जर्जर हो चुके इटकीरी से शेरेंगदाग तक, आदर से विमरला माइंस तक, बिशुनपुर के सेरका से जालिम के अलावे माइंस क्षेत्र की सड़के चलने लायक नहीं है। वहीं जिला प्रशासन और सरकार हिंडाल्को को मनमानी करने का खुली छूट दे रखी है यही कारण है कि पीने का शुद्ध पानी तक हिंडाल्को जंगल पहाड़ में रहने वाले आदिवासी और गरीब मूलनिवासियों को मुहैया नहीं करायी फिर भी कंपनी पर किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं होती है। श्री सिंह ने हिंडाल्को की लूट नीति के विरुद्ध होनेवाली कार्यक्रम में लोगों से हिस्सेदारी की भी अपील की है। बैठक में डीएमएफटी फंड एवं सीएसआर के तहत होनेवाली कार्यों की व्यापक जांच कराने को लेकर 16 सितंबर 2025 को गुमला उपायुक्त को हिंडाल्को द्वारा कराये गये कार्यों की जांच के लिए मांग-पत्र देने, वीर जतरा टाना भगत के गृह प्रखंड बिशुनपुर से 23 सितंबर 2025 को उपरोक्त मांगों को लेकर रैयत मजदूरों द्वारा आंदोलन शुरू करने के अलावे माइंस क्षेत्र में संगठन का विस्तार के लिए कई निर्णय लिए गये हैं। बैठक में आदित्य सिंह, रतिया उरांव, रामलाल असुर, बसंत बड़ाईक, महावीर उरांव, प्रदीप मुंडा, बली भगत, सुरेंद्र खरवार, सुकरा उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# वृंदा नायक टोली में किसान का घर गिरा, मुआवजे की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के बृन्दा पंचायत के गांव वृन्दा नायक टोली निवासी मूसा उरांव का घर रविवार की सुबह गिरकर ध्वस्त हो गया घटना की सूचना पर बृन्दा पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी समाज सेवी बसंत लोहरा रविवार दिन के 2 बजे मूसा के घर पहुंचे और प्राकृतिक आपदा राहत कोष से लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। मूसा ने बताया वह गरीब परिवार से है किसी तरह मजदूरी व खेती बाड़ी कर परिवार का पालन पोषण करता है। घर गिरने से परिवार के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गई है मौके पर ग्राम प्रधान महादेव बड़ाइक, पास्कल तिर्की सहित अन्य ग्रामीण ग्रामीण उपस्थित थे।

# एआइसीसी पर्यवेक्षक और कार्यकारी अध्यक्ष ने मीडिया चेयरमैन के कार्यों को सराहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) के संगठन सृजन अभियान के तहत जिले में 5 से 11 सितंबर तक सभी 12 प्रखंडों में आयोजित बैठकों व जिला अध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इन कार्यक्रमों में बेहतर समन्वय और सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक ने गुमला जिला कांग्रेस के मीडिया चैयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर की भूमिका की सराहना की। पर्यवेक्षक ने कहा कि आरिफ हुसैन अख्तर ने मीडिया प्रबंधन से लेकर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभायी है। पर्यवेक्षक ने उन्हें पार्टी का मजबूत स्तंभ बताते हुए पीठ थपथपाई और कहा कि ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं की वजह से कांग्रेस संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। इस दौरान पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं से संगठन को और धारदार बनाने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और आम जनता से सीधा जुड़ाव बनाने की आवश्यकता है। पार्टी पदाधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि संगठन सृजन अभियान के जरिए कांग्रेस जिले में और मजबूत होगी तथा जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य जारी रहेगा। सिर्फ पर्यवेक्षक ही नहीं, बल्कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने भी प्रवक्ता के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आरिफ हुसैन अख्तर ने जिले में संगठन सृजन अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। मीडिया के माध्यम से उन्होंने कांग्रेस की नीतियों और कार्यक्रमों को सशक्त तरीके से प्रस्तुत किया है। ऐसे कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी साबित होते है।

# कुआं में डूबने से युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र के लुथरन मिशन हाता शांति नगर निवासी 35 वर्षीय जय किरण खाखा की मौत शनिवार की रात्रि कुआं में डूबने से हो गया। जानकारी के अनुसार जय किरण खाखा के घर के आंगन में बने कुआं के पास गए थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे कुआं में जा गिरे। हादसे के बाद परिजनों ने शोर मचाया और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल कुआं से बाहर निकाला गया। परिजन आनन-फानन में जय किरण खाखा को गुमला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि अस्पताल में मौजूद डाक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार और आसपास के लोगों में शोक की लहर है।

# जड़ी-बूटी रिसर्च एवं आयुर्वेदिक संस्थान में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**हिंदी हमारे देश की आन, बान और शान है : आनंद पंडा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के गुमला प्रखंड के असनी पंचायत के भलदम चट्टी स्थित जड़ी बूटी रिसर्च एवं आयुर्वेदिक संस्थान के कार्यालय में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक राकेश सिंह ने किया जिसमें दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने कहा कि हिंदी हमारे देश की आन, बान और शान है जो देश की सबसे समृद्ध और व्यापक रूप में बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं की अभिव्यक्ति का भी प्रमुख साधन है। हिंदी न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और भावनात्मक एकजुटता का भी सशक्त माध्यम है। यह वह भाषा है जिसने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हमें एक सूत्र में बांधा और आज भी देश के कोने-कोने में संवाद का सेतु बनी हुई है जिस हमारी हिन्दी भाषा को संजोए रखने की जरूरत है। के भगत ने कहा कि हिंदी भाषा को शिक्षा, विज्ञान, तकनीकी, प्रशासन और रोजगार के क्षेत्रों में भी आगे बढ़ाना है, हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन और समृद्धि के लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना है। साथ ही हिंदी को जन जन की भाषा बनाने की दिशा में हम सभी को अपनी अहम भूमिका निभाना है।

# 25 को घाघरा में होगा झानद का कार्यक्रम

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल और भ्रष्टाचार विरोधी मंच घाघरा के बैनर तले घाघरा ब्लॉक में चरम पर पहुंची भ्रष्टाचार के विरुद्ध तथा घाघरा बैंक ऑफ इंडिया में खाता धारकों को हो रही परेशानी का निदान निकालने को लेकर आगामी 16 सितंबर को घाघरा ब्लॉक मुख्यालय में होनेवाली धरना कार्यक्रम को जितिया त्यौहार के कारण आगे बढ़ाकर आगामी 25 सितंबर 2025 कर दी गयी है। इस आशय की जानकारी देते हुए झारखंड नव निर्माण दल के घाघरा प्रखंड प्रभारी बसंत बड़ाइक ने बताया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध आगामी 25 सितंबर दिन गुरुवार को घाघरा ब्लॉक के पास दिन के 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित की गई है, जिसमें घाघरा प्रखंड क्षेत्र के लोगों से अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर सैकड़ों की संख्या में भाग लेने की अपील भी किया।

# कांबैट कुश्ती के विजेता खिलाड़ियों का एसपी ने बढ़ाया उत्साह, उपलब्धियों की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से विजेता हो कर लौटे कॉम्बैट कुश्ती के खिलाड़ियों को समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जामा ने स्वागत किया। फूल माला एवं मिठाई खिलाकर पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया और सभी खिलाड़ियों से गोरखपुर के कुश्ती की उपलब्धियों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल जीवन का एक अभिन्न अंग है। यह गुमला जिला के लिए गर्व की बात है। विजेता खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक नीरज मांझी, रोशन साहू ,अरिब अब्दीन,अनामिका कुमारी और रजत पदक मोनिका टोप्पो, कांस्य पदक प्रीति कुमारी, साथ हि (कोच ) हफीजुर रहमान (मैनेजर) कृष्णदेव सिंह शामिल थे। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार और खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित थे। इस मौके पर स्पोर्ट एकैडमी के निर्देशक सैयद जुन्नु रैन ने कहा खेल के माध्यम से हमारे खिलाड़ी सरकार के विभिन्न संस्थाओं जैसे आर्मी, वायु सेना एवं झारखंड पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## स्पोर्ट्स



29 अगस्त से 14 सितंबर कुल 17 दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला के पुरुष वर्ग में 32 और महिला वर्ग में 16 कुल 48 टीमों ने भाग लिया।

# हॉकी चैंपियनशिप में महिला वर्ग की चैंपियन सीओइ रोज और पुरुष वर्ग में सीओइ सिमडेगा की टीम बनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर हॉकी सिमडेगा एवम जिला खेलकूद विभाग सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में सिमडेगा के विधायक भूषण बड़ा के आर्थिक सहयोग और जय टेंट सिमडेगा के सहयोग से 29 अगस्त से 14 सितंबर 2025 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित 20वीं मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष और महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 में महिला वर्ग में सीओइ रोज विजेता, सीओइ ईस्ट विन उपविजेता और मिनी शक्ति नारी टीम तृतीय स्थान प्राप्त की जबकि पुरुष वर्ग में सीओइ सिमडेगा विजेता, लिटिल टाइगर उपविजेता और एसटीसी सिमडेगा तृतीय स्थान प्राप्त की।

प्रतियोगिता के 17 वे दिन महिला वर्ग का फाइनल मैच सीओइ रोज बनाम इस्ट वीन के बीच खेला गया जिसमे सीओइ रोज टीम 4-0 गोल से जीतकर विजेता बनी। जबकि तीसरे और चौथे स्थान के लिए मिनी शक्ति नारी टीम और लोबाई के बीच खेला गया जिसमे मिनी शक्ति नारी टीम 4-0 गोल से जीत कर हासिल तृतीय स्थान प्राप्त की।

पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में उड़ए सिमडेगा ने लिटिल टाइगर को 3-1 गोल से पराजित कर विजेता बनी, तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में एसटीसी सिमडेगा ने संत स्कूल सामटोली बी को पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त की। प्लेयर ऑफ द मैच रीना कुल्लू, विनीत टोप्पो, अर्पण बड़ा, शिफा को दिया गया जबकि इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट इभा अंजली डुंगडुंग को दिया गया। 29 अगस्त से 14 सितंबर कुल 17 दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला के पुरुष वर्ग में 32 और महिला वर्ग में 16 कुल 48 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में कुल 88 मैच खेले गये। जिनमे महिला वर्ग में 24 लीग मैच सहित कुल 32 मैच तथा पुरुष वर्ग में 48 लीग मैच सहित कुल 56 मैच खेले गए। प्रतियोगिता के महिला वर्ग के 32 मैच में 119 गोल एवं पुरुष वर्ग के 56 मैच में 268गोल कुल 387 गोल हुए। रविवार को फाइनल के दिन मुख्य रूप से विधायक सिमडेगा भूषण बड़ा, निदेशक खेलकूद और युवा कार्य विभाग शेखर जामुवार, ध्यानचंद अवार्ड सम्मान प्राप्त भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुमराय टेटे, खेल विभाग के समन्वयक श्री देवेन्द्र सिंह, मणिकांत जी, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, कोच सुधीर गोला, सुशीला लकड़ा, सुनील तिर्की, साधु मलुवा, सिलबेस्टर बघवार सहित काफी काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सिमडेगा एम अर्शी सपरिवार मैदान में बैठकर खेल का आनंद लिए और खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज का मैच देखकर मुझे लगा इस आयोजन का स्तर राष्ट्रीय स्तर का था यहां के खिलाड़ियों में हर पोजीशन में प्रतिभाशाली है। आयोजन को सफल बनाने में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, पंखरासियुस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बसंत बा, राहुल मिंज, कुनुल भेंगरा, करिश्मा परवार, रोहित बेसरा, फ्लेबियस तिर्की, सुजीत एक्का, वेद प्रकाश, कोच तारिणी कुमारी, एक्शन कीड़ों, तालिम तिग्गा, नेहा कुमारी, मनीषा एक्का, अनिसा कुल्लू, बेरतीला केरकेट्टा, जॉनशन लकड़ा, सुशीला कुजूर, मनसुख सुरीन , सहित हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों के साथ सदर अस्पताल की मेडिकल टीम भी अपना पूरा सहयोग कर रही है।

# बारिश से गिरा वृद्ध का घर



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गुनिया गांव में बारिश के कारण बांधो उरांव और जसमती देवी का घर क्षतिग्रस्त हो गया। वही पीड़ितों ने अंचल प्रशासन से मुआवजा का मांग किया हैं। इस संबंध में पीड़ित बांधो देवी और जसमति ने बताया कि दो दिन पूर्व हुए बारिश से घर का दीवाल में पानी से पूरी तरह भींग गया जिससे दीवाल गिल्ला हो गया वही रात में घर का दीवाल क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। जिससे काफी नुकसान हो गया। वही पीड़ितों ने आंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है ताकि घर का मरम्मत कराया जा सकें। वहीं समाज सेवी करीमन पहान ने कहा कि अंचल प्रशासन को आवेदन देकर मुआवजा दिलवाने का पहल करूंगा।

### महुदा फुटबॉल कप : फाइनल में लोहपट्टी को 2-0 से हराकर बेरमो एमएससी क्लब बना चैंपियन

# खेल युवा शक्ति को निखारने का सबसे प्रभावी माध्यमः चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** प्रगति संघ के तत्वावधान में आयोजित महुदा फुटबॉल कप का रविवार को समापन हुआ। महुदा स्थित रेलवे ग्राउंड पर दो दिवसीय नॉकआउट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भागीदारी निभाई। फाइनल मुकाबले में एमएससी क्लब बेरमो ने बाबा 11 क्लब लोहपट्टी को 2-0 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपस्थित रहे। जिनका भव्य स्वागत प्रगति संघ महुदा के पूर्व जीप सदस्य संतोष महतो एवं रवि वर्मा आदि ने किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि खेल युवा शक्ति को निखारने का सबसे प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजनों से न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच मिलता है, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना भी विकसित होती है। महुदा फुटबॉल कप जैसे टूर्नामेंट युवाओं को गलत दिशा में जाने से रोकने का सकारात्मक जरिया हैं। प्रगति संघ महुदा को इस सराहनीय प्रयास के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन लगातार होते रहेंगे। खिलाड़ियों ने जिस उत्साह और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया, वह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। वहीं, फाइनल मैच के फर्स्ट हाफ में सुनील हरि ने पहला और विजय हरी ने दूसरा गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई और अंततः एमएससी क्लब बेरमो को 2-0 से विजयी बना दिया। जबकि प्रतियोगिता में निर्णायक की जिम्मेदारी मेहंदी हसन, सनाउल्ला अंसारी और रियाज अंसारी ने निभाई, जिनकी निष्पक्षता और पारदर्शिता ने खेल को निष्कलंक और रोमांचक बनाए रखा। पुरस्कार विजेता मैन ऑफ द मैच सुनील हरि, मैन ऑफ द सीरीज आकाश एवं सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर संजय रवि दास को मिला। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुभाष राय, जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो, आरपीएफ इंस्पेक्टर कुमार राजीव, महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद, संचालक सूरज एवं प्रेम महतो आदि थे।



विजेता टीम के पुरस्कृत करते सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी।

## बीपीएल कोटे के नामांकन में धांधली के खिलाफ आजसू छात्र संघ ने पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बीपीएल कोटे के नामांकन में धांधली किये जाने का आरोप लगाते हुए आजसू छात्र संघ के प्रदेश महासचिव विशाल महतो के नेतृत्व में रविवार को मेमको मोड़ चौक पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार का पुतला भी दहन किया। इस असर पर विशाल महतो ने कहा कि वर्ष 2025 में आरटीइ के तहत निजी विद्यालयों में बीपीएल कोटे के नामांकन के लिए चयनित सूची सार्वजनिक नहीं की गई है, जबकि प्रति वर्ष यह सूची जारी की जाती रही है। आजसू छात्र संघ ने विगत नौ सितंबर को मांगपत्र सौंपकर सूची जारी करने की मांग की थी। इस पर दो दिनों के भीतर कार्रवाई करने का आश्वासन मिला था। पर पांच दिन बीत जाने के बाद भी चयनित सूची जारी नहीं की गई। यही नहीं, बिना सूची जारी किये ही नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। आरोप लगाया कि बीपीएल कोटे के नामांकन में बड़े पैमाने पर धांधली और हेर-फेर हो रही है। यह प्रक्रिया एक कारोबार का रूप ले चुकी है, जिसमें लाखों-करोड़ों रुपये का खेल चलता है। पारदर्शिता के अभाव में गरीब और जरूरतमंद बच्चों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। वहीं, जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि यदि जिला शिक्षा विभाग जल्द से जल्द चयनित सूची सार्वजनिक नहीं करता, तो आजसू छात्र संघ और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो, जिला महासचिव नितेश महतो, छात्र नेता कुमार, सुरेश सिंह, राज हाजरा, भीम महतो, शुभम रजक, बिट्टू दास, भोला पासवान, रौनक राज, बिष्णु गोप, विवेक पांडेय, बंटी हाड़ी, विवेक गोप, आकाश पांडेय, कबीर यदुवंशी, रोहित महतो, आकाश शर्मा और मानस महतो आदि उपस्थित थे।

## हिंदी हमारी पहचान है : डीसी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हिंदी दिवस के अवसर पर रविवार को डीसी अजय नाथ झा ने सभई जिलावासियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि हिंदी हमारी पहचान है। भारत की सभी भाषाएं भारत की आत्मा हैं। सांस्कृतिक सापेक्ष की तरह भाषायी सापेक्षता हमारे संस्कार का हिस्सा बने। उन्होंने हिंदी भाषा- साहित्य के प्रकांड विद्वान भारतेन्दु हरिश्चंद्र के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति के मूल' यानी अपनी भाषा की उन्नति ही सभी प्रगति के मूल में है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे हिंदी को गर्व और सम्मान के साथ अपनाएं और इसके प्रचार-प्रसार में सहयोग दें। डीसी ने कहा कि हिंदी दिवस का आयोजन सुविधानुसार आगे-पीछे करना उचित नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कोई भी व्यक्ति अपना जन्मदिन सही तारीख पर ही मनाता है, वैसे ही हिंदी दिवस भी केवल 14 सितंबर को ही मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम इस दिन को पहले या बाद में मनाते हैं तो इसकी मूल भावना कमजोर हो जाती है। डीसी ने जिले के सभी विद्यालयों-महाविद्यालयों और कार्यालयों से अपील की कि वे हिंदी दिवस को उसकी वास्तविक तिथि यानी 14 सितंबर को ही मनाएं। ऐसा करने से हमारी भाषा के प्रति प्रतिबद्धता और स्पष्ट होगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत संदेश जाएगा।

## डीएमएफटी मद से हुए कार्यों की एजी से ऑडिट कराने का डीसी ने किया फैसला

- डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में दिये कई दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीसी अजय नाथ झा ने स्पष्ट किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 से अबतक डीएमएफटी मद से किए गए कार्यों का आडिट महालेखा परीक्षक से कराया जाएगा। इस संबंध में डीडीसी शताब्दी मजूमदार को आवश्यक आदेश प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया। रविवार को गोपनीय कार्यालय कक्ष में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की इस अहम बैठक में एसपी हरविंदर सिंह, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे, सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी कोषांग प्रभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो सफीक आलम एवं जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार मुख्य रुप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि डीएमएफटी मद से होने वाले व्यय की प्राथमिकताएं तय की जायेगी। इस क्रम में खनन प्रभावित क्षेत्र को रेड जोन एवं सामान्य क्षेत्र को ऑरेनज जोन के रूप में वर्गीकृत कर कार्यान्वयन किया जायेगा। साथ ही, डीएमएफटी मद से संचालित और पूर्ण योजनाओं की भौतिक जांच कराने के लिए चार अलग-अलग दल गठित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें भौतिक निरीक्षण दल, प्रक्रियागत कार्य दल, तकनीकी मानक दल एवं सामाजिक लेखा परीक्षण दल गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि डीएमएफटी शाखा के अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए शाखा में सीसीटीवी कैमरा भी लगाया जायेगा। सभी अभिलेखों का संरक्षण करने, इस कार्य के लिए एक दल गठित करने का निर्देश डीडीसी को दिया गया। कार्य में सहयोग के लिए जिला योजना पदाधिकारी राज कुमार शर्मा को नामित किया गया। उक्त सभी कार्य को एक सप्ताह की समयावधि में पूर्ण किया जाएगा।

## भाजपा के आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रभारी नियुक्त

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** भाजपा फुसरो नगर मंडल की बैठक रविवार को पुराना वीडियो ऑफिस में स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रुप मे बोकारो जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष जगरनाथ राम उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नवल किशोर सिंह और संचालन महामंत्री रमेश स्वर्णकार ने की। इसमें प्रदेश भाजपा की ओर से दिये गये निर्देश के अनुसार सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रभारी भी नियुक्त किया गया। इसमें सेवा पखवाड़ा के निमित्त स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसके प्रभारी नवल किशोर सिंह, बबलू सिंह और मूलचंद खुराना को बनाया गया। वहीं, रक्तदान शिविर के प्रभारी सूरज कुमार सिंह एवं प्रशांत कुमार सिंह, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता प्रभारी टुनटुन तिवारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के प्रभारी रमेश स्वर्णकार और महेंद्र सिंह को बनाया गया है। जबकि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती का प्रभारी नितेश सिंह और मनोज चंद्रवंशी को नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शनी के प्रभारी अशोक कुमार रवि एवं विक्की गिरी को बनाया गया। बैठक में शिवलाल रवि, मदन गुप्ता, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, नवल किशोर सिंह, नितेश सिंह, श्रीकांत सिंह, चंदन राम आदि थे।

## शिविर का आयोजन, 40 यूनिट रक्त संग्रह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भूली के श्याम नगर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति की ओर से इस वर्ष भी रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें रक्त संग्रह के लिए धनबाद एसजेएस अस्पताल को बुलाया गया। इस दौरान कई रक्तदाताओं ने जीवन का पहला रक्तदान किया। इस तरह कुल 40 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। वहीं, सभी रक्तदाताओं को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिन रक्तदाताओं ने जीवन का पहला रक्तदान किया उन्हें अलग से सम्मान दिया गया। इस मौके पर एसजेएएस अस्पताल के सुदीप पांडे एवं उनकी टीम ने मिलकर रक्तदान शिविर में आये रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। रक्तदान शिविर में रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, मेड फाउंडेशन के अध्यक्ष गोपाल भट्टाचार्य, नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति के अध्यक्ष राकेश कांति विश्वास, संयोजक राजेंद्र प्रसाद साहू, सचिव दिलबाग सिंह, मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास, गोपाल बैनर्जी, सोनू कुमार, प्रदीप बाउरी, सरोज कुमार, रिंकू साहू, मिंटू साहू, संदीप साहू, हुसैन जहांगीर, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, मुस्कान परवीन, परविंदर सिंह, रिंकल सिंह, स्वप्न राय, गोपाल दे, सुजल कुमार, ओमू कुमार, शुभम कुमार और विश्वजीत मुखर्जी शामिल रहे।

## देव कुमार वर्मा ने बीआइटी सिंदरी इंडक्शन प्रोग्राम में छात्रों को दिया सफलता का मंत्र



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीआइटी सिंदरी में बीटेक प्रथम वर्ष 2025-29 बैच के लिए चल रहे छात्र इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को विशेष अतिथि के रूप में बीसीसीएल के हेड-सेल्स रियलाइजेशन, देव कुमार वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित किया और अपने अनुभव साझा किए। कहा कि जीवन में सफलता का मूलमंत्र है अनुशासन, समय प्रबंधन और निरंतर सीखने की भावना है। उन्होंने छात्रों को यह संदेश दिया कि तकनीकी शिक्षा के साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अध्ययन काल को केवल डिग्री प्राप्ति का माध्यम न मानें, बल्कि समाज और देश के लिए योगदान देने का अवसर समझें। छात्रों को बीसीसीएल और ऊर्जा क्षेत्र की महत्ता से अवगत कराया। बताया कि आने वाले समय में तकनीकी कौशल भारत की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति बनने जा रही है। इस अवसर पर बीआईटी सिंदरी के निदेशक प्रो पंकज राय सहित कई वरिष्ठ प्रोफेसर एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर निदेशक प्रो पंकज राय, डीन एलुमनी अफेयर्स प्रो डॉ प्रकाश कुमार, हेड सिविल इंजीनियरिंग प्रो प्रफुल शर्मा के अलावा कार्यक्रम के समन्वयक प्रो संजय पाल, डॉ कोमल कुमारी, संयोजक डॉ राहुल कुमार, विशेष सहयोगी डॉ ओमप्रकाश, डॉ प्रशांत कुमार सिंह, प्रो खुसतर अंसारी, प्रो प्रशांत रंजन मालवीय, डॉ सोमनाथ साहा और प्रो सुमंतो मंडल आदि उपस्थित रहे।

## जयराम महतो ने किया आयुष्मान अरोग्य मंदिर के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**नावडीह/बेरमो।** नावडीह प्रखंड के बिरनी पंचायत में आयुष्मान अरोग्या मंदिर के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास और शिलापट्टा का अनावरण डुमरी विधायक जयराम महतो और सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से किया। यह कार्य भवन निर्माण विभाग की ओर से किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक जयराम महतो ने संवेदक को निर्देश देते हुए कहा कि तय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करना है। कार्य कि गुणवक्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए और कार्य सही ढंग से पूरा होना चाहिए। वहीं, सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो ने कहा कि उक्त निर्माण होने से यहां लोगों को लाभ मिलेगा। कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी हमेशा अपने क्षेत्र वासियों के विकास के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल मे गिरिडीह के जनता के लिए बहुत सारे विकास कार्य किये है। इस मौके पर जगरनाथ कुमार, दीपक कुमार, वीरेंद्र कुमार, जयप्रकाश महतो, कुंदन कुमार, मनोज कुमार महतो, गप्पू, बिरसा महतो और महावीर महतो आदि उपस्थित थे।

## ओल्ड एज होम में योग प्राणायाम शिविर का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन के बैनर तले क्लब के सदस्यों ने सबलपुर, सहयोगी नगर स्थित ओल्ड ऐज होम में वृद्धजनों के लिए एक योग प्राणायाम शिविर का आयोजन किया। जिसमें वृद्ध जनो को जोड़ों से संबंधित योगाभ्यास कराया गया। साथ ही उनके हृदय, फेफड़ों आदि के स्वास्थ्य के लिए प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। क्लब की आइएसओ गीता चौबे ने वृद्ध जनों को योग सिखाया। साथ ही स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग प्राणायाम करने की सलाह भी दी। इस मौके पर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष लीना झा, सचिव ऋतु श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रेणु कौशल एवं आईएसओ गीता चौबे मौजूद रहीं।

## बीसीसीएल अधिकारियों-कर्मियों पर वृद्ध महिला ने लगाये चोरी के आरोप, थाने में की शिकायत



**झरिया (आजाद सिपाही)।** लोदना ओपी अंतर्गत 8 नंबर में रहने वाली चंद्रकला देवी (70) ने बीसीसीएल अधिकारियों के खिलाफ लोदना ओपी में लिखित शिकायत कर गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत में चन्द्रकला देवी ने बताया कि शनिवार की दोपहर जब वे घर लौटीं तो देखा कि घर का पिछला हिस्सा टूटा है और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी का ताला भी टूटा मिला और उसमें रखे सोने-चांदी के गहने, नगदी और कीमती घरेलू सामान गायब थे। आरोप लगाया कि घटना के समय बीसीसीएल के कुछ अधिकारी घर के पास मौजूद थे। जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने मैनेजर से बात करने को कहा और मौके से गाड़ी लेकर चले गए। पीड़िता का कहना है कि इलाके के कई घरों को नहीं तोड़ा गया, लेकिन उनके घर को निशाना बनाकर तोड़ा गया और कीमती सामान उठा लिया गया। शिकायत में दर्ज सामानों में एक सोने का हार, झुमका, तीन सोने की चेन, दो अंगूठी, तीन मांगटीका, छह जीतिया, सात मंगलसूत्र, 25 ग्राम सोना, करीब 25 हजार रुपये नकद, एक टीवी, पलंग, अलमारी और अन्य घरेलू सामान शामिल हैं। पीड़िता ने कहा कि मैनेजर शांतनु सील के साथ 2-3 लोग खड़े थे। जिसे देखकर वह पहचान सकती हैं, जो घटना के समय मौके पर मौजूद थे। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर जेवर और नकदी बरामद कराने की मांग की है।

### बीएंडके क्षेत्र में राजभाषा माह का शुभारंभ

## भारत की संस्कृति, परंपरा, पहचान और राष्ट्र का गौरव है हिंदीः जीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत करगली ऑफिसर्स क्लब में रविवार को राजभाषा माह का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बीएंडके जीएम चितरंजन कुमार और महिला समिति की अध्यक्षा श्वेता कुमारी ने किया। इस अवसर पर जीएम ने कहा कि हिंदी सिर्फ हमारी भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और हमारे राष्ट्र का गौरव है। अंग्रेजी को सीखना आवश्यक हो सकता है, पर अपनी मातृभाषा का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग कर हम अपने कार्यों में सरलता और सुलभता ला सकते हैं। यह हमारी मातृभाषा है, जिसे प्रोत्साहित करना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को भी इससे जोड़ना चाहिए। इस मौके पर हिंदी माह के दौरान होने वाले विभिन्न आयोजनों की जानकारी साझा की गई। इसमें निबंध प्रतियोगिता, काव्य पाठ, हिंदी पखवाड़ा और हिंदी कार्यशाला शामिल है। अंत में सभी ने हिंदी को अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक उपयोग करने का संकल्प लिया। संचालन प्रबंधन प्रशिक्षु प्रेक्षा मिश्रा ने किया। मौके पर एसओ माइनिंग केएस गैवाल, एएफएम ज्ञानेंदु चौबे, पीओ बीएन पांडेय, एसओपी विनय रंजन टुडू, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह, आरपी यादव, मैनेजर चिंतामणि मांझी, सीसीएल कर्मी संजय पांडेय, पुष्पांजलि तिवारी और परवेज अख्तर आदि उपस्थित थे।

## अवैध गांजा-शराब और चरस की बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन, पहुंची पुलिस



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनसार थाना क्षेत्र के गांधी नगर सब्जी बागान स्थित माड़ी गोदाम में अवैध गांजा, शराब और चरस की बिक्री के खिलाफ रविवार को मोहल्ले के सैकड़ो महिला-पुरुष सुभावती देवी के घर के बाहर एकत्र हुए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसकी सूचना पाकर एएसआई संजीव कुमार तुरंद दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन महिला कांस्टेबल की अनुपस्थिति के कारण घर के अंदर प्रवेश नहीं कर सके। उन्होंने मामले की जानकारी धनसार थाना को दी और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, स्थानीय दिलीप कुशवाहा ने बताया कि इस जगह पर पिछले 10 वर्षों से महुआ शराब की बिक्री हो रही थी। हाल के तीन महीनों से गांजा और चरस का भी धंधा शुरू हो गया। नशे में धुत लोग रातभर मोहल्ले में गाली-गलौज और भद्दी बातें करते हैं। जिससे महिलाएं-लड़कियां एवं बच्चे खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। बताया कि इस जगह पुलिस ने पहले भी छापामारी की थी, लेकिन आरोपी फरार हो गये थे। हालांकि अवैध कारोबार बंद नहीं हुआ। लोगों ने उक्त अवैध कारोबार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## आरएसएस नावाडीह खंड की बैठक में शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी को लेकर चर्चा

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को नावाडीह में बैठक की। जिसमें शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी उत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने उत्सव के आयोजन, पथ संचलन की तिथि एवं मार्ग, गणवेश की व्यवस्था और अन्य आवश्यक विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि इस बार विजयादशमी उत्सव को भव्य और अनुशासित ढंग से मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला कार्यवाह भोला ने बताया कि विजयादशमी उत्सव न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में राष्ट्र भावना और अनुशासन का संदेश देने का भी अवसर होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी विशेष कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। बैठक में जिला सह कार्यवाह कुंवर महतो, खंड कार्यवाह लालचंद महतो, सह कार्यवाह बालेश्वर महतो आदि थे।

# लंदन में अवैध-अप्रवासी मुद्दे पर एक लाख लोगों ने किया प्रदर्शन

- टेस्ला मालिक इलॉन मस्क भी जुड़े, कहा- लड़ो या मरो
- प्रोटेस्ट के समय पीएम कीर स्टार्मर फुटबॉल मैच देख रहे थे




एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन में अवैध अप्रवासियों की बढ़ती आबादी के खिलाफ शनिवार को लंदन में प्रदर्शन हुआ। इसमें 1 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। इस प्रोटेस्ट को 'यूनाइट द किंगडम' नाम दिया गया, जिसे एंटी-इमिग्रेशन नेता टॉमी रॉबिन्सन ने लीड किया। इसे देश की सबसे बड़ी दक्षिणपंथी रैली माना जा रहा है। इस प्रदर्शन में टेस्ला मालिक इलॉन मस्क वीडियो के जरिए शामिल हुए।

मीडिया चैनल 'द इंडिपेंडेंट' के मुताबिक उन्होंने टॉमी रॉबिन्सन से बात की। मस्क ने कहा कि हिंसा तुम्हारे पास आ रही है। या तो लड़ो या मरो। इलॉन मस्क ने ब्रिटेन में संसद भंग करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार बदलनी होगी।

वही, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर उस वक्त फुटबॉल मैच देख रहे थे। वे अपने बेटे के साथ लंदन के एमिरेट्स स्टेडियम में थे, जब शहर में हिंसा हो रही थी।

## 28000 प्रवासी इस साल ब्रिटेन पहुंचे

इस प्रदर्शन का मकसद ब्रिटेन में अवैध अप्रवासन (इलीगल इमीग्रेशन) के खिलाफ आवाज उठाना था। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि अवैध प्रवासियों को देश से बाहर किया जाये। इस साल 28 हजार से ज्यादा प्रवासी इंग्लिश चैनल के रास्ते नावों में ब्रिटेन पहुंचे थे।

## प्रदर्शनकारियों और पुलिस में हुई झड़प

इसी दिन स्टैंड अप टू रेसिज्म नामक एक विरोधी प्रदर्शन भी हुआ, जिसमें लगभग 5,000 लोग शामिल थे। दोनों समूहों के बीच टकराव रोकने के लिए पुलिस ने घेराबंदी कर रखी थी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने मीडिया को बताया कि 'यूनाइट द किंगडम' मार्च के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस का घेरा तोड़ने की कोशिश की और विरोधी समूह की ओर बढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 1,600 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया, जिनमें 500 अन्य क्षेत्रों से बुलाये गये थे।

**प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी और इजराइली झंडे लहराये :** प्रदर्शनकारियों ने यूनियन जैक और सेंट जॉर्ज क्रॉस के झंडे लहराए। कुछ ने अमेरिकी और इजराइली झंडे भी उठाये। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन टोपी पहने हुए थे। प्रदर्शन में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के खिलाफ नारे लगाये गये और उन्हें वापस भेजो जैसे संदेशों वाले बैनर दिखाई दिये।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

# रनवे पर दौड़ रहा था विमान, पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका

डिंपल यादव समेत 151 लोग सवार थे विमान में

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट को पायलट ने टेकऑफ से पहले अचानक रोक दिया। फ्लाइट रनवे पर दौड़ चुकी थी, आखिरी वक्त पर पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बताया जा रहा है कि फ्लाइट के इंजन को टेकऑफ के लिए थ्रस्ट यानी प्रेशर नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पायलट ने विमान को रोकने का फैसला किया।

विमान (6-ई-2111) में सपा प्रमुख अखिलेश की सांसद पत्नी डिंपल यादव समेत 151 यात्री सवार थे। अचानक विमान रुकने से यात्री सहम गए। हालांकि, बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें दूसरी फ्लाइट से दिल्ली भेजा गया।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने घटना की रिपोर्ट मांगी है। वहीं, इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि तकनीकी कारण से विमान को टेकऑफ रोकना पड़ा। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि, इंडिगो ने फ्लाइट्स को क्यों रोका गया। इसकी स्पष्ट वजह नहीं बतायी है।

### यात्री बोले- भगवान ने बचा लिया




फ्लाइट 6 ई 2111 शनिवार को 11:10 बजे फ्लाइट रनवे पर दिल्ली के लिए उड़ान भरने पहुंची। यात्रियों के अनुसार, विमान ने गति पकड़ ली थी, तभी एक आवाज सुनाई दी। प्लेन को हवा में ऊपर उठने के लिए पर्याप्त थ्रस्ट नहीं मिला। एयरपोर्ट के सूत्रों के अनुसार, पायलट ने तुरंत एटीसी को अबेंडिंग टेकऑफ की सूचना दी। इसके बाद पायलट ने विमान को रोकने का फैसला किया। बाद में फ्लाइट टैक्सी-वे से वापस लौटकर बे संख्या-07 पर खड़ी हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक यात्री ने कहा- भगवान ने बचा लिया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। विमान में मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव भी सवार थीं।

# 55वीं बार बनाया रिकॉर्ड : जापान में 1 लाख बुजुर्गों की उम्र 100 से ज्यादा

दुनिया की सबसे ज्यादा बुजुर्ग आबादी वाला देश बना

एजेंसी

**टोक्यो।** जापान में करीब 1 लाख लोगों ने 100 साल से ज्यादा की उम्र पूरी कर ली है। जापान के स्वास्थ्य मंत्री ताकामारो फुकोका ने शुक्रवार को बताया कि 87,784 महिलाओं और 11,979 पुरुषों की उम्र 100 साल से ज्यादा है। महिला और पुरुष को मिलाकर कुल 99,763 बुजुर्ग 100 साल की उम्र पूरी कर चुके हैं, जिसमें 88% महिलाएं हैं। यह देश की कुल आबादी 12.4 करोड़ का 0.81% है। जापान ने लगातार 55वें साल यह रिकॉर्ड बनाया है।

जापान में 15 सितंबर को बुजुर्ग दिवस मनाया जाता है। इस दिन जापानी पीएम 100 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को बधाई पत्र और चांदी का गिलास देते है। इस बार 52,310 बुजुर्गों को यह सम्मान दिया जाएगा।

देश की सबसे बुजुर्ग महिला 114 साल की शिगेको कागावा हैं और सबसे बुजुर्ग पुरुष 111 साल के कियोताका मिजुनो हैं।

**जीवन जीने की दर में जापान का चौथा नंबर :** जापान में जीवन दर 95.1 है यानी यहां लोगों की औसत उम्र 95 साल है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू 2024 के डेटा के मुताबिक विश्व के ऐसे देश जहां लोगों की औसत उम्र सबसे ज्यादा है, उनमें जापान चौथे नंबर पर है। इनमें महिलाएं पुरूषों से ज्यादा जिंदा रहती है।

**स्वस्थ देशों की लिस्ट में जापान का दूसरा नंबर :** वर्ल्ड पापुलेशन रिव्यू के 2025 के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के सबसे स्वस्थ्य देशों में जापान दूसरे नंबर पर है। इस रिपोर्ट को जीवन की दर, मोटापा, डायबिटीज, खुशी और सेहत पर होने वाले खर्च के आधार पर तैयार किया गया है।

### सरकार की पहल से बदली लोगों की जीवन शैली



1960 की दशक तक जापान में लोगों की उम्र जी7 देशों के लोगों के औसत उम्र से कम थी। 1963 में सरकार ने एक सर्वे किया। इसमें 153 लोगों की उम्र 100 साल से ज्यादा थी। इसके बाद सरकार ने सार्वजनिक पहल शुरू की। लोगों को नमक और चीनी कम खाने के लिए जागरूक किया गया। जापानी लोगों में मोटापा की समस्या कम है। इससे दिल और कैंसर जैसी बीमारियां कम होती हैं। 1923 में टीवी पर 3 मिनट का एक एक्सरसाइज प्रोग्राम चलाया गया, जो अब जापान का कलचर बन गया है। 1981 में 1000 लोग 100 साल की उम्र पूरी कर चुके थे। 1998 तक यह आंकड़ा 10,000 पहुंच गया था। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने इन आंकड़ों को गलत बताया। 2010 में जापान के परिवार रजिस्टरों के सरकारी ऑडिट से पता चला कि 100 साल से ज्यादा के उम्र वाले 2 लाख 30 हजार लोग या तो लापता हैं या मर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक बुजुर्गों के रिश्तेदार पेंशन योजनाओं का फायदा लेने के लिए आंकड़ों में गड़बड़ी करते हैं।

# बारिश के चलते वैष्णो देवी यात्रा फिर स्थगित

उत्तर प्रदेश में 4% कम तो हिमाचल में 133% ज्यादा बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ/मंडी/जम्मू/दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते वैष्णो देवी यात्रा को फिर से रोका गया। 19 दिन स्थगित रहने के बाद यात्रा रविवार से शुरू होनी थी, लेकिन तेज बारिश के चलते इसे अगले आदेश तक स्थगित किया गया। 26 अगस्त को मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी।

उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश के बाद गंगा, यमुना समेत नदियों का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ है। बलिया में चक्की नौरंगा गांव में 5 मकान और 5 दुकानें नदी में समा गयीं। इस मानसून सीजन राज्य में 654.2एमएम बारिश हुई जो औसत 679.3एमएम बारिश से 4% कम है। हिमाचल के मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में शनिवार को लैंडस्लाइड हुई। कई घरों तक मलबा पहुंच गया। 8 घर खाली भी कराये गये हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। राज्य में 12 सितंबर तक 133% ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है। इस पीरियड में 64.6एमएम बारिश की तुलना में 150.4एमएम बारिश हो चुकी है। राजस्थान के पश्चिमी हिस्से से रविवार से मानसून विदाई की शुरुआत हो गयी है।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने हिंदी दिवस पर दी शुभकामनाएं



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने हिंदी दिवस पर राज्य और देशभर के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस की 76वीं वर्षगांठ मनायी गयी। भारत की आजादी के बाद 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की राजभाषा के रूप में मान्यता दी थी, तभी से यह दिन हिंदी के महत्व को याद करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में हिंदी भाषा की शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**